ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 03 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 150 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'रॉकी-रानी की प्रेम कहानी' में दिखेंगी...
पेज 12 पर

NEWS इन ब्रीफ

पतरातू के तत्कालीन सीओ अजय तिर्की पर होगी विभागीय कार्रवाई

रांची। पतरातू के अंचल अधिकारी के पद पर रहे अजय कुमार तिर्की पर विभागीय कार्रवाई होगी। राज्य सरकार ने उन पर लगे एक दर्जन से अधिक आरोपों की जांच के लिए यह फैसला किया है। रिटायर आईएएस अधिकारी अरविन्द कुमार को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपायुक्त रामगढ़ की अनुशंसा पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जांच करायी थी। प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाये जाने के बाद सरकार ने विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर होगी पेपरलेस इंट्री

रांची। देश के कई एयरपोर्ट की तर्ज पर रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भी फेशियल रिकग्निशन तकनीक (एफआरटी) आधारित नयी प्रणाली लगेगी। इसमें यात्रियों की पहचान उनके चेहरे से होगी और वे डिजि-यात्रा मोबाइल ऐप के जरिये हवाई अड्डा पर पेपरलेस इंट्री कर सकेंगे। एफआरीट तकनीक से सुरक्षा जांच और अन्य चेक प्वाइंट पर यात्रियों का यात्रा संबंधी डाटा खुद-ब-खुद प्रोसेस हो जायेगा।

मणिपुर में उग्रवादियों ने की 3 की हत्या, 5 घायल

इम्फाल। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में रविवार तड़के उग्रवादियों ने खुजुमा ताबी गांव पर हमला कर दिया, जिसमें ग्राम रक्षा बल (वीडीएफ) के कम से कम तीन स्वयंसेवकों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इम्फाल में मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया कि उग्रवादियों की तड़के की गई गोलीबारी में सात लोग मारे गए और वीडीएफ स्वयंसेवकों तथा उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ भी हुई। हालांकि, अधिकारियों ने मीडिया रिपोर्टों का न तो खंडन किया और न ही पुष्टि की। इम्फाल में अधिकारियों ने कहा कि मेइती और कुकी समुदायों के बीच चल रही जातीय हिंसा के मद्देनजर गांव की रखवाली कर रहे वीडीएफ स्वयंसेवक हमले में मारे गए।

सुखदेवनगर इलाके में एक युवक की हत्या

रांची। रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में एक युवक की पत्थर से कूच-कूच कर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद सुखदेव नगर पुलिस हत्याकांड की तफ्तीश में जुटी हुई है। सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना दी गई थी हेहल अंचल के आगे पहाड़ टोली तालाब के पास एक व्यक्ति खून से लथपथ पड़ा हुआ है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो देखा कि एक युवक का शव मौके पर पड़ा हुआ है। पुलिस के द्वारा उसकी पहचान के लिए आसपास के लोगों से काफी पूछताछ की गई लेकिन किसी ने भी उसकी पहचान नहीं की।

सांसद संजय सेठ का फर्जी फेसबुक एकाउंट बनाकर की ठगी

रांची। रांची सांसद संजय सेठ के फेसबुक पर सांसद के फर्जी अकाउंट बनाकर पैसे की मांग की जा रही है। फर्जी अकाउंट बनाकर अपराधी 20 हजार की मांग कर रहा है और बता रहा है कि मेरे अकाउंट में कुछ प्रॉब्लम आ गया है, जिसकी वजह से पैसे का ट्रांजैक्शन नहीं हो पा रहा है। एक से दो दिन में आपको पैसे रिफंड कर दिया जाएगा। इस संबंध में संसद संजय सेठ ने ट्विटर और फेसबुक के जरिए लोगों से अपील की है कि यह फर्जी अकाउंट है, पैसे के लेनदेन ना करें। मामले की जानकारी प्रशासन को दे दी गई है।

देवघर में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला का उद्घाटन आज, तैयारियां पूरी

नवीन मेल संवाददाता। देवघर

राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख तीन जुलाई को प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेले का उद्घाटन झारखंड के प्रवेश द्वार दुम्मा बॉर्डर पर करेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने दुम्मा बॉर्डर से लेकर बाबा मंदिर तक कांवरियों के लिए छावनी की व्यवस्था की है। साथ ही गंगा से लाए रेत को कांवरियों की सुविधा के लिए जगह-जगह बिछाया गया है।

इस संबंध में देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि जिला प्रशासन ने जगह-जगह पर कांवरियों की सुविधा के लिए सेल काउंटर बनाया है। मेला के सफल संचालन के लिए 21 ओपी में मेला क्षेत्र को बांटा गया है। इन ओपी क्षेत्र में मेला व्यवस्था के कार्यों जैसे पंडाल निर्माण, पथ प्रकाश, कांवरियों के लिए पेयजल, शौचालय, वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था आदि सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

726 पुलिस पदाधिकारियों सहित 8700 पुलिसकर्मी हुए तैनात

पूरे मेला क्षेत्र में सुरक्षा-व्यवस्था के मद्देनजर 726 पुलिस पदाधिकारियों सहित मेला में 8700 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। कतार में लगने वाले कांवरियों को अगर किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां होती है, तो उनके लिए प्रशासन ने ईसीजी की व्यवस्था की है। जिला प्रशासन ने नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स और बाबा मंदिर के ट्रामा सेंटर में डिजिटल इसीजी मशीन लगाई है, जिसकी जरूरत पड़ने पर ईसीजी आसानी से कराया जा सकेगा। ईसीजी की रिपोर्ट ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के मोबाइल मैसेज के द्वारा आ जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि मेले के दौरान विधि-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और अपराध नियंत्रण के साथ-साथ यातायात की व्यवस्था के लिए पुख्ता तैयारी कर ली गई है। मेला क्षेत्र में 1200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे एक्टिव रहेंगे। कांवरिया पथ पर 10 हजार से ज्यादा क्षमता वाले आध्यात्मिक भवन में कांवरियों को सस्ते दर पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

कांवरियों की कतार लगने वाले रूट लाइन में वाटरप्रूफ पंडाल बनाए गए हैं। मेले में शिवभक्तों की सुविधा के लिए और भीड़ नियंत्रित करने के लिए नई व्यवस्था की गई है। पहली बार मिस्ट कूलिंग सिस्टम और कतार में बदलाव देखने को भी मिलेगा। वातावरण को ठंडा रखने के लिए बीच-बीच में फुहारा सहित फॉग सिस्टम लगाया गया है। इस साल शीघ्र दर्शनम कूपन के लिए भरे जाने वाले फॉर्म का झंझट खत्म कर दिया गया है। अब पुरोहित का नाम, पता, मोबाइल नंबर और विशेष कोड उपयोग करने का नया सिस्टम लगाया गया है, जिससे पुरोहितों को तुरंत कूपन उपलब्ध कराया जाएगा। शीघ्र दर्शनम कूपन की कीमत श्रावण महीने के दौरान 500 रखी गई है लेकिन शनिवार, रविवार और सोमवार को शीघ्र दर्शनम कूपन की सुविधा पूरी तरह से बंद रहेगी। श्रावणी मेला में देवघर पहुंचने वाले कांवरियों के लिए बाबा मंदिर में अर्घा से जलार्पण की व्यवस्था की गई है। पूरे श्रावणी मेले के दौरान स्पर्श पूजा और वीआईपी पूजा बंद कर दिया गया है। बीमार, बुजुर्गों और भीड़ से बचने वाले भक्तों के लिए बाह्य जलार्पण की व्यवस्था की गई है। पहली बार टू वे ऑडियो कैमरा सिस्टम लगाया गया है। कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारी जब कोई कॉमन सूचना देना चाहेंगे, तो वह कंट्रोल रूम से किसी को भी दे सकते हैं।

बड़ा सियासी फेरबदल : एनसीपी के 36 विधायकों ने दिया समर्थन

अजीत पवार बने डिप्टी सीएम

8 एनसीपी नेताओं ने ली शपथ

एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में रविवार को शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) टूटने के साथ ही अचानक बड़ा उलटफेर हो गया। एनसीपी नेता अजीत पवार ने एक बैठक बुलाकर शिंदे सरकार में शामिल होने का फैसला लिया और अपने समर्थक विधायकों के साथ राजभवन पहुंच गए। आनन-फानन में शपथ ग्रहण आयोजित करके अजीत पवार को उपमुख्यमंत्री समेत अन्य 8 एनसीपी नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिला दी गई। एनसीपी नेता अजीत पवार ने दावा किया है कि पार्टी के 36 विधायकों ने शिंदे सरकार को समर्थन दिया है। राजभवन में सादे समारोह में राज्यपाल रमेश बैस ने राकांपा नेता अजीत पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके अलावा वरिष्ठ राकांपा नेता छगन भुजबल, दिलीप वलसे पाटिल, हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे, धर्मराव बाबा अत्राम, अदिति तटकरे, संजय बंसोड़े और अनिल पाटिल को ने मंत्री पद की शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, राकांपा के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल उपस्थित थे।

राकांपा नेता अजीत पवार ने आज सुबह अपने शासकीय बंगले देवगिरी पर समर्थक विधायकों की बैठक बुलाई। इस बैठक में दिलीप वलसे पाटिल, हसन मुश्रीफ, छगन भुजबल, किरण लहमाटे, नीलेश लंका, धनंजय मुंडे, रामराजे निंबालकर, दौलत दरोदा, मकरंद पाटिल, एनुल बेनके, सुनील टिंगरे, अमोल मिटकारी, अदिति तटकरे, शेखर निकम, निलय नाइक, अशोक पवार, अनिल पाटिल, सरोज अहिरे उपस्थित थे। बैठक के बाद अजीत पवार अपने समर्थक विधायकों सहित राजभवन पहुंचे और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दिया। इसके बाद अजीत पवार ने राज्यपाल को अपने 36 समर्थक विधायकों की सूची राज्यपाल को सौंपी। इसके बाद राजभवन में स्थित सादे समारोह में राज्यपाल रमेश बैस ने राकांपा के 9 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। अजीत पवार ने आज पिछले साढ़े तीन साल में तीसरी बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। अजीत पवार तथा अन्य राकांपा नेताओं के शपथ ग्रहण को शरद पवार ने अमान्य किया है। एनसीपी प्रमुख पवार ने कहा कि मुझे ठीक से पता नहीं है कि अजीत पवार ने यह बैठक क्यों बुलाई थी, लेकिन उनके पास बैठक बुलाने का अधिकार है। शरद पवार ने कहा कि जो लोग गए हैं, उनमें से 80 फीसदी विधायक वापस राकांपा में लौट आएंगे। इसलिए कयास लगाया जा रहा है कि राकांपा में इन सभी विधायकों पर पार्टी के अंतर्गत कार्रवाई की जा सकती है। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे का कहना है कि अब हमारे पास 1 मुख्यमंत्री और 2 उपमुख्यमंत्री हैं। डबल इंजन सरकार अब ट्रिपल इंजन बन गई है। महाराष्ट्र के विकास के लिए मैं अजीत पवार और उनके नेताओं का स्वागत करता हूं। अजीत पवार का अनुभव महाराष्ट्र को मजबूत करने में मदद करेगा। अजीत पवार ने राज्य के विकास में सरकार का साथ दिया है। इससे राज्य का विकास अब बुलेट ट्रेन की गति से होगा। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य में एक अलग तरह की विकास की राजनीति चल रही है। विकास के नाम पर अजीत पवार हमारे साथ आए हैं, इससे राज्य का विकास तेज गति से होगा।

दिनेश गोप से जेल में ईडी आज करेगी पूछताछ

टेरर फंडिंग से जुड़े केस में मनी लाउंड्रिंग के पहलूओं पर जांच

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप से ईडी सोमवार को जेल में पूछताछ करेगी। पीएलएफआई संगठन के टेरर फंडिंग से वसूली गई राशि की मनी लाउंड्रिंग व शेल कंपनियों के जरिए निवेश की जांच को लेकर झारखंड पुलिस व एनआईए में दर्ज केस में ईडी जांच कर रही है। ईडी ने पीएमएलए केस की धाराओं के तहत अलग अलग प्राथमिकियों को संलग्न करते हुई ईसीआईआर दर्ज की है। ईडी के रांची जोनल आफिस ने पीएमएलए कोर्ट में इस ईसीआईआर दर्ज करने के बाद कोर्ट से पूछताछ की इजाजत मांगी थी। इजाजत मिलने के बाद सोमवार को इस संबंध में पूछताछ होगी।

नवंबर 2016 में पीएलएफआई सुप्रीमो के लेवी के पैसों को नोटबंदी के बाद बैंक में जमा कराया जा रहा था।तब पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में बाद में एनआईए ने बेड़ो थाने में दर्ज केस को टेकओवर किया था। जांच के दौरान यह बात सामने आयी थी कि दिनेश गोप ने अपने करीबी सुमंत कुमार के जरिए शेल कंपनियों में निवेश किया था। इन शेल कंपनियों में दिनेश गोप की दोनों पत्नियां भी निदेशक थीं। शेल कंपनियों के जरिए लेवी के पैसों के निवेश के पहलुओं पर अब ईडी जांच करेगी।

धुर्वा निवासी निवेश कुमार नाम के जालसाज ने भी दिनेश गोप से आठ करोड़ की ठगी की थी। हथियार व कारतूस की खरीद के नाम पर निवेश कुमार ने ये पैसे दिनेश गोप से ठगे थे। दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद एनआईए ने निवेश के यहां भी दबिश दी थी, लेकिन वह फरार हो गया था। इस केस को भी ईडी ने टेकओवर किया है। धुर्वा थाने में निवेश कुमार पर दर्ज केस में दिनेश गोप से ईडी पूछताछ करेगी।

पीएलएफआई के दो उग्रवादी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

पुलिस ने भौवराहा जंगल से पीएलएफआई के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एक उग्रवादी फरार होने में सफल रहा। उग्रवादियों की निशानदेही पर दो देशी राइफल, कट्टा, पिठू बैग, पीएलएफआई का पर्चा और वर्दी सहित दैनिक उपयोग के समान बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार उग्रवादियों में पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के करसो निवासी परदेशी यादव उर्फ प्रदीप यादव और गढ़वा जिला के डंडा थाना क्षेत्र स्थित भिखही निवासी सीताराम चौधरी शामिल हैं। फरार उग्रवादी की पहचान कमलेश यादव के रूप में की गई है, जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। बताया जाता है कि पिछले कुछ समय से लगातार सूचना मिल रही थी कि इलाके में पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के नाम पर परदेशी यादव एवं सहयोगी द्वारा विकास कार्य को बाधा पहुंचाने एवं ठेकेदार व जनप्रतिनिधि से हथियार का भय दिखाकर लेवी मांगने की कोशिश हो रही है। गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सिंजो गांव स्थित भौवराहा जंगल से उग्रवादियों को पकड़ा गया। पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के करसो निवासी परदेशी यादव उर्फ प्रदीप यादव और गढ़वा जिला के डंडा थाना क्षेत्र स्थित भिखही निवासी सीताराम चौधरी पूर्व में जेजेएमपी नामक उग्रवादी संगठन का सदस्य रहा है।

यूनिफार्म सिविल कोड पर झारखंड में गरमाई सियासत

सत्ता पक्ष ने कानून को विभाजनकारी करार दिया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में भी यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) का मुद्दा गरमा गया है। सत्ताधारी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के प्रयासों को विभाजनकारी करार दिया है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने यूसीसी लागू करने के मोदी सरकार के प्रयासों को विभाजनकारी बताता। उन्होंने कहा कि देश इसे स्वीकार नहीं करेगा। साथ ही कहा कि यह मोदी सरकार का सिर्फ चुनावी एजेंडा भर

है और बेहद गंभीर मुद्दा भी है। सुप्रियो ने कहा कि जब भाजपा और उसके नेता यूसीसी की बात करते हैं तो उन्हें बताना चाहिए कि आदिवासी समुदाय को लेकर उनकी सोच क्या है।

उन्होंने जनजातीय समुदायों के रीति रिवाजों को संविधान के आर्टिकल 5 और आर्टिकल 6 का जिक्र करते हुए कहा कि संविधान से उसे प्रोटेक्शन मिला हुआ है, उसे कैसे चेंज करेंगे? क्या आदिवासी और मूलवासियों को बाहर निकाल दिया जाएगा, यह आज एक बड़ा सवाल है। साथ ही कहा कि ट्राइबल सोसाइटी को लेकर भाजपा की सोच क्या है, यह उन्हें सार्वजनिक करना चाहिए। सरना धर्म कोड का क्या हुआ, यह बताना चाहिए। सुप्रियो ने कहा कि यूसीसी एक मनुवादी सोच भर है और देश उसे स्वीकार नहीं करेगा।

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने यूसीसी लागू किए जाने के प्रयासों को चुनावी लाभ लेने की भाजपा की कोशिश करार दिया। उन्होंने कहा कि जब मणिपुर जल रहा था, तब प्रधानमंत्री अपना बूथ मजबूत कर रहे थे और गृहमंत्री का कहीं अता पता नहीं था। ऐसे में जब भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूसीसी की बात अपने कार्यकताओं से कही, तब देशवासी समझ गए कि कहीं ना कहीं चुनाव होने वाला है। राकेश ने कहा कि अभी यूसीसी को लेकर देशवासियों से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड सहित 5 राज्यों में एक तिहाई छात्र मध्याह्न भोजन के दायरे से बाहर

केंद्र ने व्यवस्था तैयार करने की दी हिदायत

राज्य सरकार आंकड़ों की प्रमाणिकता की जांच के लिए उठाएं कदम

एजेंसी। नई दिल्ली/रांची

देश के पांच राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश और झारखंड के स्कूलों में नामांकित कुल बच्चों में से औसतन लगभग एक तिहाई छात्रों के वर्ष 2022-23 की तीन तिमाही के दौरान मध्याह्न भोजन योजना के दायरे से बाहर रहने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए केंद्र सरकार ने इन राज्यों से कवरेज बढ़ाने के लिए व्यवस्था तैयार करने को कहा है। साथ ही

शिक्षा मंत्रालय ने कुछ राज्यों से योजना के आंकड़ों की प्रमाणिकता की जांच करने और विसंगतियां दूर करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाने को कहा है। वर्ष 2023-24 के लिए शिक्षा मंत्रालय के अधीन पीएम पोषण योजना की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट पर, कार्यक्रम मंजूरी बोर्ड (पीएबी) की बैठक के कार्यवृत (मिनट्स) से यह जानकारी मिली है। यह बैठक मार्च से मई महीने के बीच हुई थी। कार्यवृत में अप्रैल से दिसंबर 2022 तक राज्यों में मध्याह्न भोजन के प्रदर्शन की समीक्षा का लेखाजोखा प्रस्तुत करते हुए कहा गया है कि स्कूलों में दाखिले की तुलना में मध्याह्न भोजन प्राप्त करने वाले छात्रों का औसत प्रतिशत इन पांच राज्यों में भी सबसे ज्यादा खराब बिहार (57 प्रतिशत) और उत्तर प्रदेश (57.37 प्रतिशत) है जबकि दिल्ली(60 प्रतिशत), मध्यप्रदेश (68.81 प्रतिशत), झारखंड (69 प्रतिशत) की स्थिति थोड़ी बेहतर है। इसके अलावा, दाखिले की तुलना में मध्याह्न भोजन प्राप्त करने वाले छात्रों का औसत तेलंगाना में 79 प्रतिशत, असम में 82 प्रतिशत, उत्तराखंड में 83 प्रतिशत, त्रिपुरा में 86 प्रतिशत, पंजाब और मणिपुर में 87 प्रतिशत, तमिलनाडु में 88 प्रतिशत, मेघालय में 89 प्रतिशत दर्ज किया गया। कार्यक्रम मंजूरी बोर्ड (पीएबी) ने इन राज्यों में दाखिले की तुलना में कम संख्या में छात्रों के मध्याह्न भोजन मिलने पर संज्ञान लेते हुए इन राज्यों से ऐसी कोई व्यवस्था तैयार करने को कहा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

कोडरमा : वज्रपात से दो बच्चों की मौत, 4 गंभीर

नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा

सतगावां थाना क्षेत्र के मीरगंज पंचायत के झरगांव में रविवार की दोपहर करीब तीन बजे बारिश के पूर्व हुए वज्रपात से दो बच्चों की मौत हो गयी। घटना में एक बच्चे की स्थिति गंभीर है, वहीं दूसरी जगह हुए वज्रपात में भी एक बच्चा और दो महिलाएं गम्भीर रूप से घायल हैं। मृतक की पहचान थाली थाना क्षेत्र के बुधवारा गांव निवासी फंटूश भुइयां की आठ वर्षीय पुत्री ऋतु कुमारी और मीरगंज पंचायत के झरगांव निवासी कुलेश्वर भुइयां के पांच वर्षीय पुत्र बालवीर कुमार के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल बच्चे की पहचान थाली थाना क्षेत्र के बुधवारा गांव निवासी

फंटूश भुइयां के चार वर्षीय पुत्र सितम कुमार के रूप में हुई है। मृतका ऋतु कुमारी और गंभीर रूप से घायल सितम कुमार सहोदर भाई-बहन है, जबकि मृतक बालवीर कुमार ममेरा फुफेरा भाई है। स्थानीय लोगों ने बताया सभी बच्चे अन्य दिनों की भांति घर के बाहर खेल रहे थे। खेलने के दौरान यह घटना घटी। बारिश के पूर्व हुई वज्रपात की चपेट में आकर एक बच्चे की मौत हो गई।

स्टेशन ट्रायल में धान की 400 जीनोटाईप पर शोध की शुरूआत

कृषि वैज्ञानिकों ने मडुआ की बोवाई में लिया भाग

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची । बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने रविवार को स्टेशन ट्रायल के अधीन खेतों में मिलेट फसल मडुआ की सीधी बोवाई कर चालु खरीफ मौसम में बोवाई अभियान की शुरूआत की। मौके पर निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह के साथ कृषि वैज्ञानिकों के दल ने भी खेतों में मडुआ की सीधी बोवाई में भाग लिया। इस ट्रायल में मडुआ की 19 जीनोटाइप (प्रजाति) पर शोध अध्ययन होगा। इस शोध से स्थानीय उपयुक्त मडुआ प्रभेदों को चिन्हित किया जा सकेगा। यह कार्यक्रम आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित मिल्लेट्स अनुसंधान परियोजना के अधीन चलाया जा रहा है। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने बताया कि आईसीएआर - इंडियन

इंस्टिट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी (आईआईएबी), रांची संस्था भी चालु खरीफ मौसम में मिल्लेट्स अभियान में सहयोग करेगा। जल्द ही बीएयू - आईआईएबी के संयुक्त प्रयास से राज्य में मिल्लेट्स अभियान को आगे बढाया जायेगा। कुलपति ने वैज्ञानिकों को खरीफ फसलों के स्टेशन ट्रायल को प्राथमिकता देने को कहा, ताकि झारखंड राज्य के उपयुक्त फसल किस्मों के विकास को गति दी जा सके। कहा कि कृषि वैज्ञानिकों की पहचान खेतों में खेती कार्य से जुड़े रहने से ही होगी। वैज्ञानिकों को स्टेशन ट्रायल, ब्रीडिंग ट्रायल, सीड मल्टीप्लीकेशन, एफएलडी (टीएसपी) एवं अन्य शोध कार्यक्रमों की दिशा में तत्पर रहने की जरुरत है। इस अवसर पर निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने चालु खरीफ मौसम के फसल अनुसंधान कार्यक्रमों से अवगत कराया। मौके पर डॉ अरुण कुमार, डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ अरविन्द कुमार सिंह, डॉ नूतन वर्मा, डॉ सीएस सिंह, डॉ एनपी यादव, राज किशोर प्रसाद एवं सुजीत कुमार भी मौजूद थे। खरीफ फसल अभियान के दुसरे चरण में रविवार को इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूट (आईआरआईआई), फिलिपींस द्वारा प्रायोजित परियोजना के अधीन धान की अगात किस्मों के कुल 400 जीनोटाइप (प्रजाति) की सीधी बोवाई की गयी। शस्य वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के मौसम में परिवर्त्तन एवं विषम मौसम की परिस्थिति को देखते हुए बीएयू द्वारा अगात धान किस्मों की सीधी बोवाई पर शोध कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

लोकहित अधिकार पार्टी के सदस्यता अभियान की हुई शुरूआत : हरिनाथ साहू

कांके। सामाजिक न्याय के योद्धा लोकहित अधिकार पार्टी के वरिष्ठ नेता हरिनाथ साहू के नेतृत्व में रांची लोकसभा अंतर्गत कांके विधानसभा के कई गांवों सुकुरहुट्टु, चिरौंदी, होचर, सांगा सियार टोली,अरसंडे ,कांके रोड के कई क्षेत्रों में सामाजिक न्याय का जन जागरण अभियान के तहत लोकहित अधिकार पार्टी का सदस्यता चलाया गया। हरिनाथ साहू ने बताया झारखंड प्रदेश में खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति,निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था लागू कराने,जाति आधारित जनगणना कराने, जिसकी जितनी आबादी उसको उतनी मिले भागीदारी आरक्षण एवं संविधान के समर्थन के साथ निजीकरण के खिलाफ पार्टी सिद्धांतों से अभियान में कांके विधानसभा क्षेत्र के विशेषकर अति पिछड़े, आदिवासी, दलित समाज के दबे कुचले वंचित शोषित और राजनीतिक उपेक्षा का शिकार हुए समाज के युवा एवं अगुआ लोग बढ़ चढ़कर सदस्यता ले रहें हैं।

अमित अग्रवाल की खातिरदारी करते थे बड़े अफसर : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने जमीन घोटाले में जेल में बंद अमित अग्रवाल की खातिरदारी का आरोप अफसरों पर लगाया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि अमित अग्रवाल जब-जब झारखंड आते थे तो उनके स्वागत और मेहमान नवाजी में पुलिस और अफसरों की पूरी टीम कैसे पलक पाँव बिछाये उनकी दरबारी करती रहती थी ? इस बारे में कुछ छोटे-बड़े सरकारी मुलाजिमों ने जो कुछ आंखो देखी बताया, वो सब सुनकर शर्म को भी शर्म आ जाएगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कुछ लोगों ने बताया कि

ऊपरवालों के आदेश से उन्हें रात-दिन एक दलाल के आगे-पीछे उसके घरेलू नौकर की तरह काम करवाया जाता था। बड़े-बड़े धनपशु ही नहीं कुछ बड़े अफसर भी अमित के दलाली दरबार में मत्था टेकने आते थे। रात के अंधेरे में सही-गलत काम करने का निर्देश मिलता था। फिर उसी हिसाब से काम होता था। ऐसे चाटुकार लोग साहब से ज्यादा इस सुपर साहब से मिलकर धन्य हो जाते थे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ये सब किस अज्ञात शक्ति के कहने पर होता था, यह बताने की जरूरत नहीं है। ईडी को ऐसे लोगों के करतूतों की पूरी पड़ताल मनी लाउंड्रिंग के तहत करनी चाहिये। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में ऑपरेशन क्लीन तबतक पूरा नहीं होगा जबतक ऐसे सारे लोगों की पहचान कर उनके काले कारनामों को उजागर करते हुए उन्हें जेल नहीं पहुंचा दिया जाय।

पेड़ों की कटाई रोकना सभी का दायित्व : परविंदर जीत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

लायंस क्लब ऑफ रांची के सौजन्य से रविवार को रांची क्लब कंम्प्लेक्स में स्थित लायंस क्लब ऑफ रांची परिसर में गुलमोहर एवं कदम्ब के पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष सत्र 2023-24 लायन परविंदर जीत सिंह ने कहा कि आजकल लोग पेड़ों की अवैध कटाई कर रहे है जो कि सरासर गलत एवं घातक है। पेड़ पौधों को को तो देख कर मन खुश हो जाता है। लायन अमित सेन ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को एक एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश मोर ने कहा कि व्यस्त जीवन में हरे भरे वातावरण को देख कर मन प्रफुल्लित हो जाता है। पूर्व अध्यक्ष लायन श्याम सुन्दर शर्मा ने कहा कि अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए पेड़ो के महत्व को समझते हुए पेड़ पौधों को लगाने के साथ साथ उन्हें बचाना उतना ही जरूरी है। मौके पर फर्स्ट लेडी सिमलजीत कौर, सचिव लायन पूनम निगम सहाय, पीडीजी लायन सिद्धार्थ मजूमदार, लायन सुभरा मजूमदार,लायन श्याम सुन्दर शर्मा, लायन डॉ हरविंदर बीर सिंह, लायन प्रदीप कुमार,लायन संजय सरावगी, श्रुति सरावगी, लायन तरुण अग्रवाल,एवं लायन मनीष गाडोदिया सहित बड़ी संख्या में लायन सदस्यों ने भी पेड़ो के महत्व के बारे में प्रकाश डाला और सबने शपथ ली कि वे पर्यावरण सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाएंगे और लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करेंगें। यह जानकारी क्लब के मिडिया प्रभारी लायन श्याम सुन्दर शर्मा ने दी।

दीपक प्रकाश ने हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड की युवा शक्ति हेमंत सरकार में सबसे ज्यादा शोषित और पीड़ित है। उन्होंने युवाओं से 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनाने के साथ ही हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। वे खूंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड के सिंदरी में भाजपा युवा मोर्चे के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रकाश ने कहा यह धरती युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती है। जहां से भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी युवा अवस्था में अन्याय, अत्याचार और शोषण के खिलाफ उलगुलान का बिगुल फूंका था और अपनी शहादत भी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के सपनों को चकनाचूर कर दिया।

कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

सिल्ली। श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वरा शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 10 दिवसीय एवं 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया । राज्ये के भिभिन प्रखंड से आय 48 प्रक्षिणार्थी ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्रात किया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीनाथ एच जोशी महाप्रबंध, केनरा बैंक सर्कल ऑफिस रांची, करोलुस तिरु डिविजनल मेनेजर, सलोनी प्रिया मैनेजर, विवेक कुमार, एएफ पीएस सेकसन रांची ने सीएस आर के तहत कस्तूरबा गांधी स्कूल में भी छात्राओ के लिए पानी पीने के लिए आरो प्रदान किए और रुडसेट संस्थान में प्रशिक्षणार्थियों को कृषि से संबंधित टूल किट देकर स्वयं का स्वरोजगार करने एवं दूसरों को रोजगार देने की प्रेरणा दिए । महाप्रबंधक ने संदेश देते हुए कहा आप अपना खुद का स्वरोजगार कर दूसरों को भी रोजगार देने की सलाह दिए हैं ।

राजद रांची जिला कमेटी के नए पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन, कमेटी की हुई घोषणा

रांची। रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल की आवश्यक बैठक में रविवार को जिला कमेटी की प्रथम चरण की घोषणा की गई और नए पदाधिकारियों का मनोनयन पत्र सौंपा गया। जिसमें अध्यक्ष धर्मेंद्र महत्व उपाध्यक्ष मुख्तार अंसारी, योगेंद्र यादव, निरंजन महतो, रामप्यारे यादव, प्रधान महासचिव राम भजन सिंह, महासचिव रमापति महतो, सज्जाद अंसारी , राम भगत, शहरी मुस्तफा अधिवक्ता सचिव उदय ठाकुर, अजय कुमार महतो, पप्पू पासवान, अंजनी कुमार सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी चंचल कुमार, कार्य समिति के सदस्य रमेश कुमार यादव, नवीन कुमार यादव, सुनील कुमार यादव, विक्की यादव, विद्या विनोद सिंह, संजीव कुमार महतो, हरेंद्र कुमार और मनोज बंजारे को मनोनयन पत्र सौंपा गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश राजद के उपाध्यक्ष राजेश यादव और अनीता यादव उपस्थित थे।

रांची में मदीरा लाउंज एंड बार का हुआ भव्य शुभारंभ

रांची। राजधानी के हरमू, अरगोड़ा में रविवार को मदीरा लाउंज एंड बार का भव्य शुभारंभ किया गया। इस लाउंज एंड बार की शुरूआत मदिरा लाउंज एंड बार के

संचालक अभिषेक आनंद व व्यवसाई राहुल राज द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने मदीरा लाउंज एंड बार के सभी कर्मचारियों को अपनी सुभकामनाएं दी और कहा कि रांची में लोगों के खाने - पीने के लिए यह उपयुक्त स्थान साबित होगा। अपने सम्बोधन में मदिरा लाउंज एंड बार के संचालक अभिषेक आनंद ने बताया कि मदिरा लाउंज एंड बार रांची का एकमात्र ऐसा ब्रांड है जिसकी शाखा विदेशों में है। इस बार में 15 जुलाई तक सारे ग्राहकों को बीस प्रतिशत तक सभी सर्विसेज पर छूट दी जाएगी। यह लाउंज एंड बार सभी तरह के ग्राहकों का ख्याल रखने हुए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यहां पर वेस्टर्न कल्चर्स की सारी डिसेज के साथ विभिन्न वेरायटीज की ड्रिंक्स उपलब्ध है। इस लाउंज एंड बार की एक अलग ही पहचान है जिसकी सारी सर्विसेज ग्राहकों को लुभा देगी। यहाँ पर भव्य पार्किंग के साथ ही अन्य सभी तरह की सुविधाए ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। कार्यक्रम में गायक एनी सिंह की टीम द्वारा लाइव परफॉरमेंस दिया गया जिसका शहरवासिओं ने जमकर लुत्फ उठाया।

पुरियो पंचायत में हुई विशेष ग्राम सभा की बैठक

कई योजनाओं पर लगी मुहर

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

बेड़ो प्रखंड के पुरियो पंचायत भवन में रविवार को विशेष ग्रामसभा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान जयराम कच्छप ने किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सह स्थानीय पंचायत समिति सदस्य विनीता कच्छप ने ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी, साथ ही ग्रामसभा को मजबूत करने हेतु जोर दिया और ग्रामीणों से आग्रह किया कि अपने साथ कम से कम 10 लोगों को लेकर ग्रामसभा में आएं। इस अवसर पर मुखिया नीरज कुजूर ने मनरेगा से चल रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर 9 दीदी बाड़ी योजना, 1आम बगवानी का चयन किया गया। इस अवसर पर उप मुखिया विजय उरांव, वार्ड सदस्य, टी.आर. आई. एफ से लक्ष्मी कुमारी,सुनील भगत सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

विधायक ने जलपुरुष पद्मश्री सिमोन उरांव से उनके घर जाकर जाना हालचाल

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रविवार को बेड़ो प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात कर क्षेत्र का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के गौरव जलपुरुष पद्मश्री सिमोन उरांव के बेड़ो स्थित जामटोली रोड के आवास पहुंचकर उन्होंने पद्मश्री सिमोन उरांव से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने पद्मश्री जलपुरुष सिमोन उरांव से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और पद्मश्री के जल्द स्वास्थ्य की कामना की। इधर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने टेरो पंचायत के इडरी गांव में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता फूलमोन उरांव के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके तत्पश्चात विधायक ने गांव का भ्रमण कर दो- तीन पीड़ित परिवार व घायलो से भी मुलाकात कर शोक व्यक्त किया व ढांढस बंधाया। विधायक ने गांव में गांव के ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनी, और उनकी समस्याओं का समाधान करने का भरोसा ग्रामीणों को दिया। मौके पर जिला परिषद बेरोनिका एक्का, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, बुधराम समेत कई लोग उपस्थित थे।

वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत, एक गंभीर

दुमका। जामा थाना क्षेत्र के कैराबनी-जरमुंडी मार्ग पर उपर बहियारी गांव के पास रविवार को ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों के सहयोग से घायल बाइक सवार को फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान जरमुंडी थाना क्षेत्र के उपर बहियारी गांव के दिलखुश कुमार माल (18) एवं घायल की पहचान पतसरा गांव के गोविंद मंडल के रूप में हुई। थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने बताया कि घायल को बेहतर इलाज के लिए परिजन दुमका से देवघर स्थित कुंडा अस्पताल ले गये, जहां इलाज के दौरान गोविंद मंडल की भी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार दोनों पालोजोरी से अपने घर जरमुंडी लौट रहे थे।

अंजन धाम सहित सभी धार्मिक स्थलों का विकास सरकार की प्राथमिकता : बंधु तिर्की

रांची। पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि गुमला के सुप्रसिद्ध अंजन धाम सहित राज्य के प्रत्येक धार्मिक स्थल का विकास, पुनरुद्धार और उसका आधुनिकीकरण करने के साथ ही वहाँ उपलब्ध सुविधायें बढ़ाना राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने इस दायित्व को पूरा कर रही है। सावन के उपलक्ष्य में आज अपने आवास पर, अंजन धाम से आयी हुई साधवियों के एक दल के साथ अपनी मुलाकात में श्री तिर्की ने कहा कि यदि राज्य के सभी पवित्र धार्मिक स्थलों का व्यापक स्तर पर विकास एवं पुनरुद्धार किया जाना न केवल झारखण्ड की आम जनता की पवित्र श्रद्धा एवं आस्था के लिये आवश्यक है बल्कि इससे राज्य के पर्यटन क्षेत्रों का भी विकास होगा और विशेष रूप से धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा।

तैयारी कृषि वैज्ञानिकों के दल ने खरीफ फसलों का किया आकलन

शोध कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह एवं डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही के नेतृत्व में कृषि वैज्ञानिकों के दल ने वेस्टर्न सेक्शन फार्म के खेतों में खरीफ शोध से संबंधित कार्यों का आकलन किया। पौधा प्रजनक वैज्ञानिकों के दल ने पिछले चार-पांच दिनों की बारिश को देखते हुए अगले एक-दो दिनों में टांड़ एवं मध्यम भूमि की तैयारी पूरी करने और खरीफ फसलों की बोआई शुरू करने की योजना बनायी।

मौके पर निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने वैज्ञानिकों को करीब 55 एकड़ में फैले इस शोध फार्म में खरीफ शोध से जुड़ी फसलों में मडुआ, मकई, अरहर, उरद, मूंग, सरगुजा, मूंगफली एवं सोयाबीन आदि का बुवाई कार्य को एक सप्ताह में पूरी करने को कहा। शोध कार्य में बीएयू द्वारा विकसित एवं हाल में विकसित किस्मों के गुणात्मक बढ़ोतरी को प्राथमिकता

देने को कहा। उन्होंने पौधा प्रजनक वैज्ञानिकों को राज्य के तीन कृषि पारिस्थितिकी में अवस्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों, दुमका, चियांकी (पलामू) एवं दारीसाई (पूर्वी सिंहभूम) का दौरा करने और विकसित किस्मों तथा शोध कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। डॉ सिंह ने वैज्ञानिकों को विभिन्न आईसीएआर परियोजना के अधीन संचालित अनुसंधान कार्यक्रमों के तहत किसानों के खेतों में खरीफ फसलों का अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण (एफएलडी) ससमय शुरू करने का निर्देश दिया। साथ ही बीजोत्पादन एवं अन्य कार्यक्रमों में राज्य के कृषि विज्ञान केन्द्रों की सहभागिता एवं सहयोग पर बल दिया। डीन एग्रीकल्चर डॉ डीके शाही ने बोवाई से पूर्व खेतों में खाद एवं उर्वरक प्रबंधन तथा दलहन एवं तिलहन फसलों में राइजोबियम कल्चर (जैव उर्वरक) के उपयोग पर प्रकाश डाला। आनुवांशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग की अध्यक्षा डॉ मणिगोप्पा चक्रवर्ती ने बताया कि वेस्टर्न सेक्शन फार्म में 8 आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित परियोजनाओं एवं 12 राज्य योजनाओं से संबंधित खरीफ शोध कार्यक्रम होंगे। फार्म के 55 एकड़ भूमि में मिलेट्स फसलों जैसे मडुआ, गुन्दली, कंगनी एवं कोदो, मकई, अरहर, उरद, मूंग, सरगुजा, सोयाबीन, मूंगफली तथा धान आदि फसलों से संबंधित शोध कार्यक्रम होंगे। इन शोध कार्यक्रमों का राज्य हित एवं राष्ट्रीय स्तर पर विशेष महत्त्व निहित होगा। शस्य वैज्ञानिक डॉ एकलाख अहमद ने फार्म के करीब 17 एकड़ भूमि में धान की करीब 480 उन्नत किस्मों पर शोध कार्यक्रम की बात कही।

श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का हुआ वितरण

रांची। एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान मे ट्रस्ट के सदस्यों ने रविवार को अरगोड़ा कटहल मोड स्थित पुंदाग में संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद प्रणामी सेवाधाम आश्रम)के परिसर मे 94 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारा एवं संस्था के सदस्यों ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सत्संग,भजन संकीर्तन कर सभी सदस्यों ने गुरु महाराज की फोटो एवं चरण पादुका पर चंदन वंदन कर फुल अर्पण किया। भजन गायन संस्था के सज्जन पाडिया निर्मल जालान मनीष सोनी सिता शर्मा एवं उर्मिला पाडिया ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव मे भजन गायन कर वह उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया सभी श्रद्धालु 12:30 बजे से भजन संकीर्तन का आनंद प्राप्त कर रहे थे। संस्था के सदस्यों ने आज रविवार दिनांक 02 जुलाई 2023 को 94 वें श्री कृष्ण प्रणामी भंडारे का आयोजन धनबाद निवासी जय किशोर हन्नी अग्रवाल के सौजन्य से किया।

वरिष्ठ पत्रकार पूरनचंद्र प्रसाद का निधन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

वरिष्ठ पत्रकार पूरनचंद्र प्रसाद का शनिवार की रात्रि को हृदयगति रुक जाने से हरमू हाउसिंग स्थित आवास पर निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी और एकमात्र सुपुत्री को छोड़ गये हैं। रविवार को दोपहर बाद उनकी शव यात्रा निकाली गयी, जिसमें कई पत्रकार एवं उनके मित्रगण शामिल थे। उनका अंतिम संस्कार हरमू स्थित मुक्तिधाम में किया गया। पूरनचंद्र प्रसाद का जन्म रांची में 12 जनवरी 1957 को हुआ था। उन्होंने 1980 में दैनिक रांची एक्सप्रेस में एक संवाददाता के रूप में पत्रकारिता जीवन की शुरूआत की थी। उन्होंने कुछ दिनों तक नागपुर स्थित लोकमत समाचार में भी उप संपादक के रूप में कार्य किया। उन्होंने 15 जनवरी 2015 को रांची एक्सप्रेस अखबार से अवकाश प्राप्त किया। बाद के दिनों में वे रांची एक्सप्रेस के स्थानीय संपादक भी रहे। उनके अकस्मात निधन की खबर से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर व्याप्त हो गई।

वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर सुबोधकांत ने जताया शोक

रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने वरिष्ठ पत्रकार पूरन चंद्र के निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री सहाय ने अपनी शोक संवेदना में कहा कि पूरन चंद्र मृदुभाषी, व्यवहार कुशल व बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाले पूरन चंद्र का असामयिक निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका उत्कृष्ट योगदान अविस्मरणीय रहेगा। श्री सहाय ने ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की।

अधूरी सड़क बनने से लोगों को परेशानी

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार को झारखंड प्रदेश युवा इंटक संगठन सचिव सह रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सचिव कार्तिक चन्द्र महतो ने सड़क समस्या की जानकारी देते हुए बताया कि सिल्ली प्रखंड के अन्तर्गत पंचायत लोटा गांव सुरगुंजाडीह में सड़क अधूरा बनने से ग्रामीणों को आवागमन में अत्यधिक परेशानी होती है। विशेषकर बरसात के दिनों में आने जाने में बहुत कठिनाइयों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता है। यहां तक वाहनों को पास के गांव मैना टोला लोटा में छोड़ना पड़ता है। और पगडंडी के सहारे गांव तक पहुंचना पड़ता है। महतो ने बताया कि मरीजों को मुख्य पथ तक चारपाई में ढोकर लाना पड़ता है। फिर उसे अस्पताल पहुंचाया जाता है। कई ग्रामीणों कि इलाज के अभाव में मृत्यु हो चुकी है। सुरगुंजाडीह गांव में कुरमी (महतो) एवं मुंडा जाति के लोग निवास करते हैं। इस गांव की लगभग 300 तक आबादी है। यह गांव सिल्ली प्रखंड कार्यालय से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पर बसा है।

झारखंड पार्टी का दो दिवसीय केंद्रीय महा अधिवेशन हुआ संपन्न

पार्टी की मजबूती पर दिया जोर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड पार्टी के दो दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन का समापन रविवार को डिबडीह स्थित कार्निवल बैंक्वेट हॉल में हुआ। महाधिवेशन के समापन के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने प्रदेश कार्यकारिणी कमिटी की घोषणा की। महाधिवेशन में प्रदेश से लेकर जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष,पंचायत अध्यक्ष सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। दो दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन में कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह दिखा। पूर्व मंत्री व झापा के अध्यक्ष एनोस एक्का ने कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ पार्टी की नीति व सिद्धांत को झारखंड के हर क्षेत्र में जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा गठबंधन और झामुमो से जनता का भरोसा टूट चुका है। झारखंड पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता पुराने तेवर और नई सोच के साथ क्षेत्र में जाएं और जनता की समस्याओं से रूबरू होकर उसके समाधान के लिए सकारात्मक पहल करें। प्रधान महासचिव सह पूर्व राज्यमंत्री अशोक भगत ने कहा कि अन्य राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों से जुड़े कई नामी हस्तियों ने झारखंड पार्टी की नीति व सिद्धांत पर भरोसा करके पार्टी का दामन थामा है। राज्य के पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार के संगठन में रहने के कारण कार्यकताओं और आम जनता के बीच झारखंड पार्टी का भरोसा बढ़ता ही जा रहा है। केन्द्रीय महाधिवेशन के तीसरे सत्र में रविवार को प्रदेश कार्यकारिणी समिति का चुनाव प्रक्रिया शुरू किया गया। महाधिवेशन में चुनाव संबंधी प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए राज्य के पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार एवं वरिष्ठ नेता रिजवान अहमद को निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में सभा ने सर्वसम्मति से सहमति दिया। पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार ने पार्टी के संविधान के तहत सांगठनिक संरचना पर ध्यानाकर्षण कराया। इसी के साथ वरिष्ठ नेता रिजवान अहमद केन्द्रीय अध्यक्ष पद के लिए एनोस एक्का के नाम प्रस्तावक रहे, जिसे सभा के द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से समर्थन दिया गया। इसके बाद निर्वाचन पदाधिकारी रिजवान अहमद द्वारा प्रधान महासचिव पद के लिए अशोक भगत के नाम के प्रस्तावक बने, जिसे भारी बहुमत से समर्थन दिया गया।

हरमू में बाइक से धक्का लगने पर विवाद, दो पक्षों में हुई मारपीट

रांची। अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू बाजार में शनिवार रात स्कूटी से बाइक में धक्का लगने के विवाद के बाद दो पक्षों के बीच मारपीट हो गयी। बाइक से धक्का लगने के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्षों के लोग आमने-सामने हो गए और मारपीट हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार स्कूटी ने आशीष स्टूडियो के मालिक की खड़ी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वहां विवाद हो गया। वरिष्ठ नागरिक और हरमू बाजार समिति के अध्यक्ष और प्रिंस वस्त्रालय के मालिक बलराम ओझा ने हस्तक्षेप किया। घटना के कुछ मिनट बाद भट्टा मोहल्ले के लगभग 20 युवकों के एक समूह ने उन पर हमला किया। उन्हें सिर पर चोटें लगी। इस संबंध में अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने संगठन सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा की



नवीन मेल संवाददाता। रांची।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रविवार को संगठन सशक्तिकरण अभियान की समीक्षा की। साथ ही वर्चुअल बैठक में प्रखंड, पंचायत एवं बूथ स्तर तक की गठित कमेटी की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी महासचिव प्रभारियों और जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि अविलंब प्रखंड अध्यक्षों और विधानसभा प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पंचायत एवं बूथ स्तर तक की कमेटी का सत्यापन करें। क्योंकि, पंचायत और बूथ कमेटी के जरिए हम आने वाले लोकसभा के चुनावों में मजबूती के साथ चुनाव लड़ने का काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश, देश में बढ़ती नफरत का वातावरण को हम तभी खत्म कर सकते हैं जब हम बूथ स्तर के एक-एक व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शहजादा अनवर सहित सभी जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारी उपस्थित थे।

श्रद्धालु शिवलिंग पर इस बार अरघा सिस्टम से करेंगे जलाभिषेक

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पहाड़ी मंदिर में इस वर्ष भी श्रद्धालु शिवलिंग पर अरघा सिस्टम से जल अर्पित करेंगे। भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने और उनकी सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग लगाने की तैयारी है। जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन वॉलिंटियर्स की तैनाती भी करेगा। इसके अलावा सीसीटीवी से भी पूरे मंदिर परिसर में पैनी नजर रखी जाएगी। रांची के पहाड़ी मंदिर प्रबंधन श्रावणी मेले की तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। चार जुलाई से सावन माह शुरू हो जा रहा है। इस दौरान पहाड़ी मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटेगी। हर दिन हजारों की

संख्या में श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। पहली बार मंदिर में डिजिटलाइज तरीके से दान-दक्षिणा लिया जाएगा। श्रद्धालु पुरानी व्यवस्था के साथ क्यूआर कोड को स्कैन कर दक्षिणा दे सकेंगे।

होटल से बच्ची को बाल श्रम से कराया गया मुक्त

रांची। बाल मजदूरी की सूचना के मद्देनजर रांची जिला प्रशासन द्वारा नामकुम स्टेशन स्थित सुमन भोजनालय से 7 साल की एक बच्ची को बाल श्रम से मुक्त कराया गया है। विभागीय अधिकारियों द्वारा जांच करने पर पाया गया कि दुकानदार द्वारा पीड़ित बच्ची से होटल में काम करवाया जाता था। बच्ची के रेस्क्यू के बाद उसे प्रेमाश्रय बालिका गृह में अवासित किया गया है। उपायुक्त द्वारा दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही बालिका को विद्यालय से जोडने एवं योजनाओं से लिंक करने हेतु आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं।

एनटीपीसी ने दर्ज की उल्लेखनीय वृद्धि

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भारत के अग्रणी एकीकृत बिजली उत्पादक एनटीपीसी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही के दौरान इसी अवधि की तुलना में अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन में 99 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि दर्ज की है। पिछले वर्ष कंपनी ने क्यू 1 एफवाई 24 के दौरान 8.48 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) का प्रभावशाली कोयला उत्पादन किया, जबकि क्यू 1 एफवाई 23 में यह 4.27 एमएमटी था। इसके अलावा, एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में 8.82 एमएमटी का कोयला प्रेषण भी हासिल किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि

की तुलना में 112 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि को दशार्ता है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। एनटीपीसी राष्ट्र को विश्वसनीय और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोयला उत्पादन और प्रेषण में यह उल्लेखनीय वृद्धि परिचालन उत्कृष्टता के प्रति एनटीपीसी के समर्पण और भारत की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में उसके योगदान का प्रमाण है। कंपनी अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने और देश के ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए नवीन प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ प्रथाओं का पता लगाना जारी रखेगी। एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत्त बिजली उपयोगिता है, जो देश की बिजली आवश्यकता का 1/4 योगदान करती है। थर्मल, हाइड्रो, सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों के विविध पोर्टफोलियो के साथ, एनटीपीसी देश को विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए समर्पित है। कंपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और हरित भविष्य के लिए स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड
JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
JUSNL

132/33 के0वी0 ग्रिड सब-स्टेशन, जरमुण्डी
एवं
132 के0वी0 द्विपथ लिलो संचरण लाइन
का उद्घाटन

ग्रिड की क्षमता
2x50MVA
(100MVA)

लाभान्वित क्षेत्र
- बासुकीनाथ तीर्थ स्थल
- तालझारी
- घोरमारा
- जरमुण्डी
- सोनारायथाडी
- मोहनपुर एवं
- दुमका के क्षेत्र

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्री बादल पत्रलेख
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

सम्मानित अतिथि
श्री शिबू सोरेन
माननीय सांसद (राज्यसभा)
डॉ निशिकांत दुबे
माननीय सांसद, गोड्डा लोकसभा क्षेत्र
श्री सुनील सोरेन
माननीय सांसद, दुमका लोकसभा क्षेत्र
श्रीमती सीता सोरेन
माननीय विधायक, जामा
श्री बसंत सोरेन
माननीय विधायक, दुमका

दिनांक : 03 जुलाई, 2023 | समय : अपराह्न 03:00 बजे
स्थान : ग्रिड सब-स्टेशन, जरमुण्डी, दुमका

PR No. 301198 (Energy) 2023-24

ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार

NEWS इन ब्रीफ

4 को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा की बैठक

झुमरी तिलैया। -गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा एवं गुरूनानक भवन की संयुक्त बैठक गुरूद्वारा रोड में आहूत की गई है। यह जानकारी गुरूद्वारा गुरूसिंह सभा के सचिव यशपाल सिंह गोल्डन ने दी। उन्होनें बताया कि उक्त बैठक में गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा एवं गुरूनानक भवन की नयी कमिटि के लिए चुनाव की तिथि निर्धारित की जायेगी। वहीं 11 जुलाई को गुरू हरकिशन देव जी का प्रकाश उत्सव बनाया जायेगा। इस दिन विशेष दिवान सजाया जायेगा।

झुमरी तिलैया में चला छापामारी अभियान

झुमरी तिलैया। टोबैको कंट्रोल सेल एवं खाद सुरक्षा पदाधिकारी, कोडरमा की संयुक्त टीम द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के विभिन्न धाराओं अंतर्गत कई प्रतिष्ठानों में छापेमारी की गई । छापामारी के दौरान कई प्रतिष्ठान तंबाकू संबंधी पदार्थ का बिक्री करते हुए पाए गए। ऐसे प्रतिष्ठान के दुकानदारों पर कोटपा एक्ट 2003 के सेक्शन 6 के तहत जुमार्ना वसूला गया साथ ही उन्हें जानकारी दी गई की 6 का साईनेज लगाया जाना जरूरी है. उन्हें बताया गया कि शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में किसी भी प्रकार का तंबाकू संबंधित पदार्थ का बिक्री एवं इस्तेमाल पर पूर्णता प्रबंधित है। मौके पर खाद सुरक्षा पदाधिकारी श्री प्रकाश चंद्र गोगी, जिला परामर्शी दीपेश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार मौजूद थे।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जमशेदपुर। बमार्माइंस थाना अंतर्गत गांधीनगर बस्ती निवासी 26 वर्षीय मंगल सिंह ने शनिवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. इधर, सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. परिजनों ने बताया कि मंगल नशे का आदि था और कुछ काम नहीं करता था. शनिवार रात को वह नशे की हालत में घर आया और अपने कमरे में चला गया. रात 10 बजे जब सभी उसे खाना खाने के लिए बुलाने गए तो उसका कमरा अंदर से बंद पाया. काफी देर तक जब दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को इसकी सूचना दी गई. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ा. दरवाजा तोड़ने पर पाया कि मंगल ने एस्बेस्टस शीट की छत में लगी पाइप में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली है.

झुमरी तिलैया में15 वां अरदास कीर्तन 11 को

झुमरी तिलैया। श्याम शरण में आ जा रे ....का 15वॉ अरदास कीर्तन सावन माह के अंतर्गत 11 जुलाई को झुमरी तिलैया के श्याम बाबा पथ स्थित प्रदीप कंदाई के निवास स्थल पर आयोजित होगा। यह जानकारी रवि दाहिमा पप्पु सिंह ने दी। उन्होने बताया कि इस अवसर बाबा श्याम का श्रृंगार के साथ-साथ अंखड ज्योत संगीतमय भजनों का आयोजन किया जायेगाा। उन्होनें कार्यक्रम में सेवा दार श्रद्धालु भक्तों को शाामिल होने की अपील की है।

कैलाश राय सविमं में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में कक्षा दसवीं एवं द्वादशी में 85 प्रतिशत से अधिक अंक बोर्ड परीक्षा में लाने वाले भैया बहनों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति के माननीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अतिथि परिचय प्रभारी मनोज कुमार सिंह के द्वारा किया गया। बहन प्रगति कुमारी, अदिति कुमारी, तुलसी कुमारी और खुशी कुमारी के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहु ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य निखरी प्रतिभाओं के हौसलों को और बुलंदी पर ले जाना है। परीक्षा फल का वृत्त परीक्षा प्रमुख प्रदीप कुमार के द्वारा रखा गया। इसमें कुल 23 भैया बहन एवं उनके अभिभावक शामिल हुए ।अभिभावकों की ओर से श्वेता सिन्हा ,कौलेश्वर ठाकुर ने अपने अपने विचार रखें। शुभम कुमार के पिता कौलेश्वर ठाकुर ने अपने पुत्र की उपलब्धि के लिए विद्यालय को तहे दिल से धन्यवाद दिया । भैया बहनों की ओर से मुस्कान सिंह ने अपने विचार रखे एवं कृतज्ञता अर्पित की ।सचिव अनुराग सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वर्णिम क्षण विद्यालय में बार बार आए। वही अध्यक्ष नारायण सिंह ने पूरे कार्यक्रम का मुख्य पात्र भैया बहनों को बताया। आभार ज्ञापन नीरज कुमार के द्वारा किया गया एवं मंच संचालन डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष अरविंद चौधरी, कोषाध्यक्ष नवल कुमार, सदस्य बी.एन.शर्मा , अभिभावक सेठ साहु ,सेवा भारती के आलोक सिन्हा ,दुर्गा वाहिनी की संध्या और विद्यालय के आचार्य रामानुज पांडे ,वीरेंद्र प्रसाद ,वीरेंद्र मिश्रा, विजय मिश्र ,संजय कुमार महतो ,मुन्ना सिंह, पवन कुमार शर्मा ,संजय सिंह,विजय तिवारी, सुनील कुमार, दीपक विश्वकर्मा, प्रभात सौरव, चंद्रशेखर कुमार, उमाशंकर कुमार, बिपिन कुमार डे, श्वेता श्रीवास्तव, रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा साहा, चंद्रकावेरी निहाल, अर्चना सिन्हा, अनीता ठाकुर, सोनी कुमारी, रिमझिम कुमारी आदि सभी आचार्य दीदी जी उपस्थित रहे।

पल्स पोलियो अभियान शुरू

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने 2 जुलाई को चैताडीह मातृत्व एवं शिशु कल्याण केंद्र में बच्चे को पोलियो की दो बूंद पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की. इससे पूर्व विधायक ने दीप प्रज्वलित कर अभियान का उद्घाटन किया. मौके पर विधायक ने कहा कि देश में पोलियो उन्मूलन अंतिम चरण में है, पर विदेशों में यह बीमारी अभी भी मौजूद है. ऐसे में बच्चों को पोलियो की खुराक देना जरूरी है. बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने में अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है. सिविल सर्जन डॉ. एसपी मिश्रा ने कहा कि नवजात से लेकर 5 साल तक के 4, 91,250 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है. अभियान के पहले दिन 2535 बूथों पर खुराक दी जाएगी. वहीं 3 और 4 जुलाई को घर-घर जाकर बच्चों को खुराक दी जाएगी. अभियान में 5 हजार से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया गया है. अभियान की मॉनिटरिंग 507 सुपरवाइजर करेंगे.

पीरटांड में बच्चों को पिलाई गई पोलियो ड्रॉप

गिरिडीह। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की ड्रॉप पिलाई गई. बीपीएम सरिता कुमारी ने बताया कि पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कुल 150 पल्स पोलियो बूथ बनाए गए थे. इनमें 21064 बच्चों को पोलियो का ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रख गया था. बीपीएम ने बताया कि अधिकतम बच्चों को पल्स पोलियो की ड्रॉप पिला दी गई है, जबकि छूटे बच्चों को अगले दो दिन घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी. इस अभियान में पीरटांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पलगंज स्वास्थ्य केंद्र, खुखरा स्वास्थ्य केंद्र के अलावा सभी सेंटरों पर सुपरवाइजर, एमपीडब्ल्यू, एएनएम, आशा सुपरवाइजर व सीएचओ के प्रतिनिधि तैनात थे.

पेटरवार : बच्चे को ड्रॉप पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत

बोकारो। पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 2 जुलाई रविवार को प्लस पोलियो अभियान की शुरूआत की गई. उपप्रमुख सीमा देवी व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शालिनी ने संयुक्त रूप से 0 से 5 वर्ष के बच्चों को प्लस पोलियो की ड्राप पिलाकर अभियान को गति दी. चिकित्सा प्रभारी डॉ कुंदन राज ने बताया कि यह अभियान रविवार से शुरू होकर आगामी 4 जुलाई तक चलेगा. इसके लिए बनाए गए 165 बूथों में 23,023 बच्चों को ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है. तेनुचौक बस पड़ाव व न्यू बस पड़ाव में दो ट्रांजिट बूथों का निर्माण किया गया है, ताकि अभिभावकों के साथ सफर करने वाले बच्चों को भी यह खुराक मिल सके. मौके पर उपप्रमुख सीमा देवी, बीपीएम तपेश्वर सिंह, एएनएम धर्मशीला सिन्हा आदि मौजूद थीं.

लगन से शिक्षा ग्रहण कर देश का नाम रोशन करें विद्यार्थी: सांसद

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। शांति श्याम फाउंडेशन की ओर से 10 वीं और 12 वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान-समारोह का आयोजन 2 जुलाई को फुसरो स्थित अवध बैंक्वेंट हॉल में किया गया. समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने छात्र-छात्राओं को शुभकामना दी. कहा कि छात्र-छात्रा लगन और मेहनत से शिक्षा ग्रहण कर देश व राज्य का नाम रोशन करें. निरंतर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने से सफलता हासिल होती है. इससे पूर्व समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि ढोरी जीएम एमके अग्रवाल, कथारा जीएम दिनेश कुमार गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह, डॉ. शकुंतला कुमार और श्रमिक नेता देवतानंद दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. उद्घाटन के बाद शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र और बुके भेंट कर स्वागत किया. अतिथियों ने सम्मान स्वरूप छात्र-छात्राओं को फाइल और प्रशस्ति पत्र भेंट किया. गोमिया पिट्स मोर्डन हाई स्कूल, पथुरिया हाई स्कूल, डीएवी ढोरी, डीएवी भंडारीडीह, अनपति देवी सरस्वती विद्या मंदिर फुसरो, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ढोरी स्टाफ क्वार्टर, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर टुपकाडीह, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जैनामोड़, भरत सिंह पब्लिक स्कूल, संत मरिया हाई स्कूल जवाहर नगर, रामविलास हाई स्कूल बेरमो, राम रतन हाई स्कूल फुसरो. मौके पर ढोरी प्रक्षेत्र के एसओसी उज्जवल कुमार सिंह, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उडके, पिछरी पीओ बीसी राय, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी, दीपक कुमार आदि उपस्थित थे.

एचईसी मजदूर जनसंघर्ष समिति गठित

रांची। एचईसी के कामगारों के हक के लिए सात श्रमिक संगठनों ने एक मंच पर आकर संघर्षरत रहने का ऐलान किया है। इस संबंध में रविवार को एचईसी सुपरवाइजर्स एंड एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन के महासचिव ब्रजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। बैठक में एच ई सी में सक्रिय सभी यूनियन के अध्यक्ष एवं महामंत्री को शामिल होने का न्योता दिया गया था। जिसमें सात यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इनमें हटिया मजदूर यूनियन, हटिया कामगार यूनियन, हटिया प्रोजेक्ट वर्क्स यूनियन , एच ई सी श्रमिक संघ, हटिया लोकमंच, एच ई सी लिमिटेड कर्मचारी श्रमिक यूनियन एवं जनता मजदूर यूनियन शामिल थे। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय हुआ कि एच ई सी मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले सातों यूनियन एक साथ मिलकर कामगारों की लड़ाई लड़ेगी। बैठक में शामिल सभी पदाधिकारियों ने इस बार आर - पार की लड़ाई लड़ने पर सहमति जताई। इसी क्रम में अगली बैठक पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की अध्यक्षता में उनके आवास पर कराने की भी सहमति बनी। जिसमें आगे की रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में हटिया मजदूर यूनियन के अध्यक्ष भवन सिंह, एच ई सी श्रमिक संघ के अध्यक्ष सन्नी सिंह, हटिया कामगार यूनियन के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह, हटिया प्रोजेक्ट वर्क्स यूनियन के उपाध्यक्ष गिरीश चौहान, एच ई सी लिमिटेड कर्मचारी श्रमिक यूनियन के महामंत्री कृष्ण मोहन सिंह आदि थे।

धनबाद : 200 लोगों ने माससस का दामन थामा

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। मार्क्सवादी समन्वय समिति (माससस) पिछले करीब 50 वर्षों से निरसा में दलित, पीड़ित व शोषित आदिवासी और गरीबों की लड़ाई लड़ रही है. माससस केवल पार्टी नहीं एक परिवार है, जो निरसा की जनता के सुख-दुख का साथी है. उक्त बातें पूर्व विधायक व माससस के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अरूप चटर्जी ने मुगमा के गोपीनाथपुर बस्ती में पार्टी द्वारा आयोजित मिलन समारोह में कहीं. समारोह में जेएमएम व दूसरी पार्टी छोड़कर आए करीब 200 लोगों ने मासम का दामन थामा. इनका नेतृत्व देवा मरांडी ने किया. श्री चटर्जी ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है. बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी कंपनियों का निजीकरण किया जा रहा है. चटर्जी ने झारखंड की हेमंत सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि लोगों को उम्मीद थी कि बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और गांवों का विकास होगा, लेकिन यह सरकार भी लोगों की आशाओं पर खरा नहीं उतरी. माससस के पूर्व जिलाध्यक्ष आगम राम ने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है जो उन्हीं के हितों के लिए काम कर रही है. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिप सदस्य बादलचंद बाउरी ने कहा कि गोपीनाथपुर गांव पहले से ही लाल झंडा के नेतृत्व में एकजुट था. आज पुनः सभी लोग अपने घर वापस आ गए. माससस में शामिल होने वाले लोगों का पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया. गोपाल दास, अमित मुखर्जी, दशरथ धीवर, मधु दास, राजू राय, रामजी यादव, रोशन मिश्रा, दिनेश हाड़ी, पप्पू रहमान के अलावा पार्टी में शामिल होने वालों में देवा मरांडी, रविलाल किस्कु, रामलाल मरांडी आदि शामिल है.

पेटरवार : गोमिया के पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री के पुत्र का निधन

बोकारो। गोमिया के पूर्व विधायक सह अविभाजित बिहार राज्य के पूर्व मंत्री छत्रुराम राम महतो के पुत्र अवधेश कुमार महतो उर्फ इलेक्शन का शनिवार एक जुलाई को रांची के वेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया. अवधेश महतो लंबे समय से बीमार थे. गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए वेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां दस दिनों से इलाज चल रहा था. शनिवार को इलाज के क्रम में निधन हो गया. शाम को जब रांची से शव घर पहुंचा तो काफी संख्या लोग अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पहुंचे. विरोधी दल के नेता सह बोकारो विधायक बिरंची नारायण, गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो, पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद आदि लोग अंबागढा श्मशान घाट पहुंचे.

डॉ.एमएस सिंह मानस भारतीय तरुण संघ के निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत

जमशेदपुर। भारतीय तरुण संघ, कदमा, जमशेदपुर द्वारा वरिष्ठ शिक्षाविद और समाजसेवी डॉ.एमएस सिंह मानस को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। भारतीय तरुण संघ के न्यासी मंडल, संरक्षक मंडल और कार्यकारिणी समिति के द्वारा डॉ.मानस को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। शनिवार को संघ के महामंत्री केपी सिंह और सचिव अजीत कुमार सिंह की उपस्थिति में डॉ. मानस ने भारतीय तरूण संघ में अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। भारतीय तरुण संघ की स्थापना लगभग चार दशक पहले तत्कालीन शिक्षाविद स्व.शिवाजी सिंह, डॉ.बच्चन पाठक सलिल सहित अन्य ने मिलकर शैक्षणिक विकास के लिए की थी। बॉटनी में एमएससी, पर्सनल में एमबीए और इंडस्ट्रियल रिलेशंस विषय में पीएचडी की योग्यता रखने वाले डॉ.एमएस सिंह मानस टाटा स्टील की टाटा वर्कर्स यूनियन के माइकल जॉन रिसर्च सेंटर में फैकल्टी हैं तथा कई डीम्ड यूनिवर्सिटी में भी गेस्ट प्रोफेसर के रुप में अपनी सेवाएं देते रहे हैं। टाटा स्टील और यहां के श्रम आंदोलन के इतिहास पर पांच पुस्तकें भी लिख चुके हैं।

सिमडेगा: पढ़ाई छोड़ चुकी महिलाओं को मैट्रिक परीक्षा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

सिमडेगा। शहर के प्रतिष्ठित संस्थान अक्षय सिन्हा क्लासेस द्वारा वैसी महिला जो अपनी पढ़ाई वर्षों पहले छोड़ चुकी थी उन्हें दोबारा शिक्षित करने का बीड़ा उठाया था। घर-घर जाकर उन महिलाओं का एडमिशन लिया संस्थान में उन्हें बैठा कर परीक्षा की तैयारी करवाई और वह सारी महिलाएं अब्बल दर्जे से सफल हुई।उन सभी महिलाओं को उनका मूल प्रमाण पत्र दिया गया।एवं सम्मानित किया गया। सभी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देने के साथ-साथ उनमें से जो अव्वल रहीं उन्हें मोमेंटोस देकर सम्मानित किया गया।बिरासमानी बिलुग जिनकी उम्र 42 वर्ष हैं उन्होंने 76% अंक लाकर अव्वल रही। साथ ही साथ सरिता देवी जिनकी उम्र 38 वर्ष हैं 72% अंक लाकर संस्थान में दूसरे स्थान पर हैं। इन दोनों महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।शिक्षक राज आनंद सिन्हा ने बताया कि पढ़ने लिखने की कोई उम्र सीमा नहीं होती, कहा जाता है कि जब जागो तब सवेरा। आज इस बात को आप सभी महिलाओं ने चरितार्थ कर दिखाया है। सिमडेगा में शिक्षा की एक नई लहर की शुरूआत हो गई है। आए दिन गाँव देहात से फोन कॉल के माध्यम से महिलाएं संपर्क करती हैं अपनी समस्याएं बताती हैं और संस्थान का हिस्सा बन जाते हैं। हर रविवार को इन सभी महिलाओं का क्लास होता है मुक्त विद्यालय से इनको परीक्षा लिखाई जाती है और यह अनपढ़ से शिक्षित कहलाती हैं। शिक्षक राज आनंद सिन्हा ने बताया कि इन महिलाओं में से कुछ महिलाएं उत्पाद सिपाही के लिए फॉर्म भरे हैं और उसके अनुरूप उनके परिश्रम जारी है।

सिमडेगा : समाज के लोग संगठित रहें और योजना का लाभ लें : विधायक भूषण बाड़ा

सिमडेगा। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि हमारी सरकार मुसलमानों को उनका हक और अधिकार देने का काम रही है। आज सरकार कई योजनाएं धरातल पर उतारा है। समाज के लोग संगठित रहें और योजना का लाभ लें। समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करें। हम सभी को मिलकर अमन और शांति कायम रखना है। विधायक शनिवार को प्रखंड के झिरका मुंडा मुस्लिम बस्ती में बोल रहे थे। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की समस्या सुनी। साथ ही समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि कहा कि हमारा ईमान सबसे बड़ी दौलत है। अगर ईमान की हिफाजत नहीं हुई, तो सब कुछ बेकार है। इंसान अपना वक्त बाजार में फालतू में बर्बाद करते हैं। जिससे घर- परिवार हमेशा बेचैन रहता है। हमारी सरकार उर्दू भाषा को बढ़ावा देने का काम किया है। मौके पर जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, मुखिया मूंश खेस, अजीत लकड़ा, वाल्टर टोप्पो, समीम अंसारी, अली एशगर, हयुम अंसारी, गुलाब अंसारी, मौलाना एनुअल हक, कयूम कबाड़ी, तल्लाहा अंसारी, तौकीर अख्तर, आसिफ, पुष्पा कुजूर, सीमा मिंज, रूबीना खातून, साबिर खान, हारून खान, टूटू खान, अजदा खातून, साहिदा खातून, हसीना खातून, जरीना खातून आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

बिजली विभाग में कई अधिकारियों का हुआ स्थानांतरण, कइयों ने किया पदभार ग्रहण

झुमरी तिलैया। झारखण्ड उर्जा विकास लिमिटेड के कोडरमा विधुत कार्यालय में कई अधिकारियों का स्थानांतरण एवं पदस्थापना किया गया है। इसमें ईई सप्लाई के रूप में सुब्रातो बनर्जी ने निवर्तमान ईई मनोज सिंह से पदभार ग्रहण किया। मनोज सिंह का स्थानांतरण हजारीबाग हुआ। नये ईई सुब्रोतो बनर्जी ने कहा कि विधुत व्यवस्था को सृदढ करने के साथ-साथ बेहतर विधुत उपलब्ध कराना प्राथमिकता में होगा। उन्होनें उपभोक्तओं से समय पर बिजली बिल भुगतान करने की अपील की। वहीं एमआरटी में ईई में सरताज कुरैसी ने पदभार ग्रहण किया। वहीं झुमरी तिलैया में विभागीय एसडीओ सरायकेला से स्थानांतरित होकर आये गजेन्द्र टोपो ने निवर्तमान एसडीओ पुरन घासी से पदभार ग्रहण किया। पुरन घासी का स्थांनतरण भुरकुंडा हो गया है। वहीं कोडरमा और डोमचांच में विभागीय एसडीओ पंकज मेहरा का स्थांनांतरण छतरपुर हुआ। उनके स्थान पनर चाईबास के संदीप कुमार पदभार ग्रहण कर लिया है। जबकि झुमरी तिलैया में जेई के रूप में सतगावॉ के रूप में उज्जवल तिवारी ने पदभार ग्रहण किया।

समर्पण ने किया धुआं रहित चूल्हा का वितरण

झुमरी तिलैया। संस्था समर्पण, भारतीय जन उत्थान परिषद एवं सीक्वेस्ट की ओर से बेंदी पंचायत के गांव चोरहीचट्टान, छतारा एवं सिंदरी में 80 परिवारों के बीच कुल 160 स्मोकलेस चूल्हा का वितरण किया गया। चूल्हा वितरण कार्यक्रम के दौरान बेंदी पंचायत की मुखिया दुलारी देवी ने संस्था को बधाई देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में संस्था समर्पण बहुत काम कर रही है। इसी क्रम में आज प्रत्येक महिलाओं को एक जोड़ा स्मोकलैस चूल्हा देकर बड़ा काम किया है। इससे लकड़ी की खपत कम होगी, धुआं भी कम निकलेगा जिससे पर्यावरण को साफ रखने में सहयोग मिलेगा। मौके पर समर्पण के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार सिन्हा, चाइल्डलाइन के कोऑर्डिनेटर श्रवण कुमार, वजीर भुईयां एवं टीम सदस्य योगेश कुमार ने सहयोग किया। भारतीय जन उत्थान परिषद के परियोजना समन्वयक इंद्रजीत मेहता ने स्मोकलेस चूल्हे की विशेषताएं एवं फायदे बताते हुए कहा कि आज समय की मांग है कि हमारा पर्यावरण को हर हाल में स्वच्छ एवं संतुलित रखना जरूरी है, इसी को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा इस पंचायत के सभी गांव के सभी परिवारों को स्मोकलेस चूल्हे देने का प्लान किया गया है।

सजा दरबार — **झुमरी तिलैया में भक्ति संध्या का आयोजन, उमड़ी भीड़**

वो दुनिया के रखवाले राम... पर झूमे श्रद्धालु

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में विशुनपुर रोड,डीभीसी कॉलोनी स्थित मंडल के सचिव विजय सिंह के निवास स्थान पर भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न देवी देवताओं का दरबार सजाया गया। कार्यक्रमों की शुरूआत में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद गणेश वंदना प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद भजनों का कार्यक्रम शुरू किया गया। भजन गायक विजय सिंह ने वो दुनिया के रखवाले राम तेरी मर्जी के हम हैं गुलाम..... अनूप मोदी सांवरे तुमको पाना बता क्या करें...नवीन सिन्हा ने माता जिनके याद करें वो लोग..... दिलीप पाण्डेय ने पुरी तु कर दे मन की आज भोले बाबा..... मनोज माथुर ने ना लागे कान्हा ना लगे तोरा बिना मनवा..... सत्येंद्र सिन्हा ने फिर भी मना रहे हैं शायद तुम मान जाए..... सुरेश यादव ने बजरंगबली हनुमान तेरा जग मे डंका बज रहा .... जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष विमल मोदी, उपाध्यक्ष अरविन्द चौधरी, सह संचालक अमित सुरुलिया, बबलू पाण्डेय, मुकेश सिंह, विवेक पाण्डेय, आलोक कुमार सिन्हा, विजय पाण्डेय, राणा राजकुमार सिंह, अमरीश कुमार सिंह, विक्की केशरी, गौतम पाण्डेय, राहुल सिंह, राकेश कपसीमे, मोहित कुमार सिंह, शुभम सिंह, रोहित सिंह, विशाल अग्रवाल, रितेश कुमार माधव, आयुष्मान मिश्रा, सूरज कुमार सिंह, पीयूष सिंह,विकास कुमार, नितिन मिश्राबेबी सिंह,रीता साहू,गुड़िया देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन रामधुन और आरती के साथ हुआ।

बेहद दुर्लभ संयोग के साथ शुरू हो रहा है श्रावण 2023

महादेव की पूजा से होंगे सभी समस्याएं होंगी दूर, घर में आएगी खुशहाली : मिथलेश तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। श्रावण माह का पहला दिन 4 जुलाई मंगलवार को है। उस दिन श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि है। सावन कृष्ण प्रतिपदा तिथि दोपहर 02 बजकर 58 मिनट तक है। उसके बाद से द्वितीया तिथि शुरू हो जाएगी। उक्त बातें 2 जुलाई को बाबा विश्वनाथ ज्योतिष केंद्र सोढ़ चितरपुर के संचालक बाबा मिथलेश तिवारी ने कही। उन्होंने कहा की सावन के पहले दिन इंद्र योग और पूवार्षाढा नक्षत्र है। पूवार्षाढा नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर सुबह 8:25 बजे तक है, उसके बाद से उत्तराषाढा नक्षत्र प्रारंभ होगा। वहीं, इन्द्र योग प्रातःकाल से लेकर सुबह 11:50 बजे तक है। उसके बाद से वैधृति योग है। इन्द्र योग और पूवार्षाढा नक्षत्र शुभ माने जाते हैं।

3 शुभ संयोग के साथ आरंभ हो रहा है श्रावण मास

तिवारी ने बताया की वर्ष 2023 में सावन के पहले दिन 3 शुभ संयोग बन रहे हैं।

1. पहला सबसे बड़ा संयोग यह है कि श्रावण मास के पहले ही दिन मंगला गौरी व्रत है। इस दिन सुहागन महिलाएं माता पार्वती के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा करती हैं। माता गौरी को 16 श्रृंगार की सामग्री अर्पित करती हैं। शिव और गौरी कृपा से संतान, सुखी दांपत्य और पति को लंबी उम्र प्राप्त होती है।

2. सावन के पहले दिन दूसरा शुभ संयोग है त्रिपुष्कर योग का. इस दिन त्रिपुष्कर योग दोपहर 01 बजकर 38 मिनट से प्रारंभ हो रहा है और अगले दिन सुबह 05 बजकर 28 मिनट तक रहेगा। त्रिपुष्कर योग में आप जो भी शुभ कार्य और पूजा पाठ करेंगे, उसका तीन गुना फल आपको प्राप्त होगा।

3. सावन के पहले दिन तीसरा शुभ संयोग है शिववास का. 4 जुलाई को प्रातःकाल से ही शिववास मां गौरी के साथ है. यह दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक है. शिववास में ही रुद्राभिषेक करते हैं। जो लोग सावन के पहले दिन रुद्राभिषेक कराना चाहते हैं उनके लिए शुभ संयोग बना है। सावन में भगवान शिव की पूजा पंचोपचार विधि से अवश्य करनी चाहिए। महामृत्युंजय का जाप रुद्राभिषेक श्रावण में करना शुभ माना जाता है। सच्चे मन से जलाभिषेक से पूर्ण होती हैं श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं तिवारी ने कहा की पवित्र श्रावण मास में जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान शंकर के शिवलिंग में जलाभिषेक करते हैं, भगवान उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

सावन महीने के हैं सोमवार

हिन्दू पंचांग के अनुसार सावन का महीना 04 जुलाई से शुरू हो रहा है। अधिकमास के कारण सावन में 8 सोमवार रहेंगे।
10 जुलाई- सावन का पहला सोमवार
17 जुलाई- सावन का दूसरा सोमवार
24 जुलाई- सावन का तीसरा सोमवार
31 जुलाई- सावन का चौथा सोमवार
07 अगस्त - सावन का पांचवा सोमवार
14 अगस्त- सावन का छठा सोमवार
21 अगस्त- सावन का सातवां सोमवार
28 अगस्त- सावन का आठवां सोमवार
31 अगस्त- सावन समाप्त

अधिकमास की तिथि

18 जुलाई- सावन का अधिकमास शुरू
16 अगस्त- सावन के अधिकमास समाप्त

डीसी ने किया पुस्तकालय का निरीक्षण

5000 से भी ज्यादा किताबें है पुस्तकालय में उपलब्ध : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। शिक्षा ग्रहण करने हेतु विद्यार्थियों को शांत एवं प्रभावशाली वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर के रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के समीप जिला पुस्तकालय संचालित है। पुस्तकालय का निर्माण डीएमएफटी के तहत कराया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 29 फरवरी 2020 को जिला पुस्तकालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया था। जिसके उपरांत कोरोना व अन्य कारणों से जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू नहीं हो पाया था। रामगढ़ जिले में उपायुक्त के पद पर पदभार ग्रहण करने के उपरांत शहर के दौरे के क्रम में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिले के अन्य अधिकारियों के साथ जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया। जिसके उपरांत उन्होंने बच्चों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा लगातार समीक्षा एवं निरीक्षण के कारण अप्रैल 2022 से जिला पुस्तकालय का संचालन शुरू हुआ। वर्तमान में पुस्तकालय में 5000 से भी अधिक किताबें विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है। वहीं, 250 से अधिक

बच्चों ने पुस्तकालय में अपना निबंधन कराया है। पुस्तकालय में विद्यार्थियों के लिए मिनरल वाटर, शौचालय, सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। विद्युत सेवा बाधित होने की स्थिति में बच्चों के लिए इनवर्टर द्वारा विद्युत सप्लाई की सेवा भी उपलब्ध है। इस संबंध में बात करते हुए उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे मेधावी एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अच्छा वातावरण उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा पुस्तकालय का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है वही हाल ही में बच्चों के उज्जवल भविष्य व राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में उनके प्रवेश हेतु मेडिकल व इंजीनियरिंग कोचिंग सेवा भी निःशुल्क रूप से डीएमएफटी के तहत संचालित की जा रही है। साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी कार्य किए जा रहे है। पुस्तकालय का लाभ ले रहे विद्यार्थियों ने उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं जिला प्रशासन रामगढ़ का धन्यवाद करते हुए कहा कि पुस्तकालय में न केवल उन्हें शांत वातावरण उपलब्ध हो रहा है बल्कि सामूहिक रूप से पढ़ाई कर रहे बच्चों के साथ पढ़ाई करने के क्रम में उनकी कई दुविधाएं भी दूर हो रही है वही उन्हें अन्य विद्यार्थियों की मेहनत देखकर जीवन में बड़ा लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा भी मिलती है। पुस्तकालय का लाभ ले रहे विद्यार्थियों ने कहा कि पुस्तकालय में कई ऐसे विद्यार्थी भी आते हैं जो कि जीवन यापन के लिए विभिन्न रोजगार से जुड़े हैं ऐसे में अगर लाइब्रेरी के संचालन के समय में बढ़ोतरी की जाए तो उन्हें काफी फायदा होगा साथ ही उन्होंने पुस्तकालय में वाईफाई सेवा एवं अन्य किताबें उपलब्ध कराने का आग्रह भी उपायुक्त से किया है।

श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, एक की मौत, कई घायल

नवीन मेल संवाददाता

बरही। चौपारण थाना अंतर्गत पिपरा गांव स्थित जीटी रोड पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. ये घटना रविवार सुबह 3.30 बजे की है. घटना में 12 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए हैं. जबकि घटना में एक श्रद्धालु की मौत हो गयी है. दरअसल बिहार के जहानाबाद से श्रद्धालुओं को लेकर बस रजरप्पा मंदिर जा रही थी. लेकिन रास्ते में ही बस पलट गई. बस में कुल 30 श्रद्धालु सवाल में थे. जबकि 12 से ज्यादा लोग घायल हैं. बस का नंबर बीआर 25पीएस 1455 है. जो जीटी रोड पर पलट गयी. जानकारी के अनुसार बिहार के जहानाबाद जिला के घोसी थाना अंतर्गत धामकपुर गांव से श्रद्धालु रजरप्पा मंदिर में पूजा करने जा रहे थे. इसी बीच चौपारण के जीटी रोड के पिपरा के पास बस पलट गयी. बस में कुल 30 लोग सवार थे. जिनमें से एक 20 वर्षिय युवक सिकंदर, पिता विनोद यादव की मौत हो गयी. जबकि 12 लोग घायल हैं. हादसे में घायल 3 लोगों की हालत गंभीर बतायी जा रही है. घटना की सूचना मिलते ही मुखिया संघ अध्यक्ष वीरेंद्र रजक मौके पर पहुंचे. अपनी निगरानी में सभी घायलों को उन्होंने एंबुलेंस से बरही अनुमंडल अस्पताल भिजवाया.

ये हैं घायलों के नाम

इस हादसे में ये लोग घायल हैं. जिसने नाम हैं झ संजू देवी उम्र 40 वर्ष पति रमेश कुमार जहानाबाद, जीतू कुमार उम्र 10 वर्ष पिता पिंटू कुमार, आयुष कुमार पिता पिंटू कुमार, यशोमती देवी उम्र 60 वर्ष पति बाबूलाल, शुभम कुमार उम्र 10 वर्ष पिता बाल्मिकी प्रसाद, वर्षा कुमारी उम्र 10 वर्ष पिता राजू कुमार, गांगो देवी उम्र 45 वर्ष पति रामप्रवेश प्रसाद, लीला देवी उम्र 45 वर्ष पति संजय प्रसाद, रूबी देवी उम्र 32 वर्ष पति पिंटू कुमार, लालागोप उम्र 60 वर्ष पिता रामसेवक गोप, विदेश्वर गोप उम्र 65 वर्ष पिता रामस्वरूप गोप घायल हैं. इन घायलों में कुछ को प्राथमिक इलाज के अन्य अस्पताल रेफर किया गया है.

रामगढ़ में पल्स पोलिया अभियान शुरू

रामगढ़ । डीडीसी रोबिन टोप्पो ने रविवार को सदर अस्पताल में नवजात शिशु को दो बूंद पोलियो की खुराक देकर रामगढ़ जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर उन्होंने कहा कि कोई बच्चा छूटे नहीं पोलियो से पूरे राष्ट्र को बचाना है। कहा कि 3 और 4 जुलाई को वैसे बच्चे जो पल्स पोलियो की खुराक नहीं ले पाए हैं उन्हें घर घर जाकर पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी । पल्स पोलियो अभियान में 5 साल तक के लच्छित बच्चों की संख्या 172146 है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुल 1061 बूथ बनाएं गए हैं। इसके लिए 128 बूथ सुपरवाइजर बनाए गए हैं । ताकि सभी बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जा सके ।

13 सूत्री मांग को लेकर हल्ला बोल कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड के निकट निर्मित डिग्री कॉलेज में 13 सूत्री मांगों को लेकर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्शन सोनी और संचालन अर्जुन राणा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,जिप प्रतिनिधि सह समाजसेवी सी के पाण्डेय, मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद, मुखिया निजाम अंसारी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, संतोष कुमार देव उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक

जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि डिग्री कॉलेज बनकर तैयार है। लेकिन पठन पाठन नहीं होने से यहां के छात्र और छात्राओं को उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। यादव ने कहा कि विधानसभा में भ्रष्टाचार चरम पर है। लोगों की समस्यायें सुनने वाला कोई नहीं है। बिना चढ़ावा का लोगों का कोई कार्य नहीं होता। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को बंद करने, बिजली समस्यायों को दुरुस्त करने, गरीब असहायों पर बिजली विभाग द्वारा झुठे मुकदमा बंद करने, पीडब्ल्यूडी और जीटी रोड से प्रभावित रैयतों को अतिशीघ्र मुआवजे का भुगतान समेत 13 सूत्री मांग उन्होंने की है।

बरही में महुआ लाइन होटल मालिक पर दर्ज हुआ मुकदमा, अनुसंधान जारी

बरही । जीटी रोड पंचमाधव स्थित महुआ लाईन होटल के नौकर के साथ हुई मार पीट मामले में होटल मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है. उक्त जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए चौकीदार के शिकायत पर शोषण और उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है. उन्होंने बताया कि रविवार को होटल के दोनो नौकरों को एक बार फिर चिकित्सक से ईलाज करवाया गया है. होटल मालिक फरार चल रहा है, गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है. पूरे मामले को गंभीरता से लिया गया है. मार पीट या बर्बरता किसी भी दृष्टि से उचित नही है. पुलिस सभी विंदुओ को ध्यान में रखकर अनुसंधान कर रही है.

खेल मैदान बनाने को लेकर बैठक

बरकट्ठा। चेचकप्पी पंचायत अंतर्गत खेल मैदान बनाने को लेकर लाल मैदान में प्रबुद्ध लोगों की एक बैठक आहूत की है। बैठक मुखिया रीता देवी की अध्यक्षता में हुई जिसमें खेल मैदान निर्माण हेतु चर्चा की गई।वहीं मुखिया रीता देवी ने कहा लाल मैदान मुख्यतः खेल का मैदान है जो वन भूमि में हैं। वन विभाग से एनओसी लेकर खेल मैदान बनाने का काम करेगें। खेल मैदान होने से नवयुवकों को खेलने में परेशानी नहीं होगी। विदित हो कि प्रखंड के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। मौके पर समाजसेवी डेगलाल साव, सुनील मुर्मू, बिनोद हांसदा, दिलीप किस्कू, सुधीर मरांडी, रंजीत हांसदा, बाबूलाल मुर्मू, भीम सिंह, बिनोद साव, बिरेंद्र साव, रवि हांसदा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

रामगढ़ : गांवों में शिक्षा जागरूकता अभियान चलाएगा बुद्धिजीवी मंच

रामगढ़। बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र की एक विस्तारित बैठक हुई. बैठक में मंच के पिछले कार्यों और आय-व्यय की समीक्षा की गई. इस दौरान आगामी कार्य योजना बनाई गई. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बरकाकाना क्षेत्र के सभी गांवों में शिक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने कहा कि जन मुद्दों को जनता खुद हल करने की कोशिश करें. इसके लिए सभी को आगे आना होगा. हमारे पास एक बड़ी समस्या यह है कि गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चे शिक्षा से दूर हो रहे हैं. या तो नामांकन नहीं कराते हैं या नामांकन करा भी लिए तो नियमित विद्यालय नहीं जाते हैं. जिसके कारण वह सही ढंग से शिक्षित नहीं हो पाते हैं और उनका करियर अधूरा रह जाता है. प्रदीप करमाली ने कहा कि बुद्धिजीवी मंच एक कार्यक्रम के तहत सभी गांवों में नुक्कड़ सभा और डोर टू डोर अभिभावकों को समझाने का काम करेगा. मंच के सचिव प्रोफेसर शाहनवाज खान ने कहा कि हमें सरकार के कार्यों में भी सहयोग करना चाहिए, तब हम एक खुशहाल समाज, राज्य और देश का कल्पना कर सकते हैं. वर्तमान में सरकार का भी बैक टू स्कूल (रुआर) नामक कार्यक्रम इसी मकसद को पूरा करने का है. अगर हम इस अभियान को चलाएंगे तो सरकार के इस कार्यक्रम में भी सहयोग होगा.

रामगढ़ :दो मंजिला की ढलाई शुरू

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। श्री श्री नाथ धाम मंदिर सौदागर मुहल्ला न्यू कॉलोनी की दो मंजिला 50 फीट गुंबद की ढलाई का शुभारंभ रविवार को हुआ. ढलाई का शुभारम्भ विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया. ढलाई में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश वर्मा,सचिव राजेश ठाकुर ने ढलाई की पहली कड़ाही डालकर इसका शुभारम्भ किया. मौके पर पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र वर्मा, पूर्व सचिव राजू रजक, नीलू रजक, विपिन साहू, कोषाध्यक्ष अनिल रजक, रामदेव पांडे, राजेश मुंडा, रवि रजक, राजू गुप्ता, पूर्व कोषाध्यक्ष अशोक रजक,सुधीर अग्रवाल, प्रकाश कुमार, मनोज सोनी, किशोर जायसवाल, कृष्णा पांडे,छोटू सिंह, गणेश महतो, प्रकाश मुंडा, नंदलाल पांडे, नवीन कुमार, पुजारी श्रीकांत पांडे सहित अन्य मौजूद थे.

विभागवार विधायक प्रतिनिधि मनोनीत, विधायक ने जारी किया पत्र

नवीन मेल संवाददाता

बरही । विधायक सह झाविस निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला यादव ने अनुमंडलाधिकारी के नाम पत्र जारी कर विभागवार प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मनोनयन की जानकारी दी है. जारी पत्र के अनुसार अनुमंडल कार्यालय के लिए बासुदेव यादव व दशरथ यादव, प्रखंड कार्यलय के लिए देवचंद यादव व मो वारिस, अंचल कार्यालय के लिए छोटेलाल यादव व बिरेंद्र यादव, बरही थाना के लिए अब्दुल मनान वारसी व अमित जायसवाल, महिला थाना के लिए यासमीन

तबस्सुम, स्वास्थ्य विभाग के लिए मो रिजवान व प्रमोद सिंह, शिक्षा विभाग के लिए गाजो यादव, खाद्य आपूर्ति विभाग के लिए अशोक सिंह व मो असलम, विद्युत विभाग के लिए राजू राणा व उदय केसरी, पेयजल व स्वच्छता विभाग के लिए मनोज कुमार, वन एवं पर्यावरण विभाग के लिए मो तौकीर रजा, कृषि एवं पशुपालन विभाग के लिए अर्जुन यादव व महेश यादव, मत्स्य विभाग के लिए रंजीत निषाद, अल्पसंख्यक विभाग के लिए मो तैयब, बल विकास के लिए मनोहर यादव और अनुसूचित जाति विभाग के लिए रामकुमार रविदास को विधायक प्रतिनिधि मनोनित किया गया है. विधायक ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि उनकी अनुपस्थिति में विभागीय बैठक में उपरोक्त संबंधित विभाग के प्रतिनिधि भाग लेंगे.

स्वागत मुखिया ने मॉडल विद्यालय के नव निर्मित भवन का किया उद्घाटन

कक्षा शुरू, एसएमससी गठन करें : बीईईओ

नवीन मेल संवाददाता

बरही । मलकोको पंचायत के बुंडू में मॉडल विद्यालय के नव निर्मित भवन का स्थानीय मुखिया विजय यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया. इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका टुनटुन देवी, शिक्षक संजय कुमार यादव, राजेंद्र प्रसाद, डॉ करण कशिश, फरजाना जावेद, पचास नव नामांकित विद्यार्थी सहित कुछ स्थानीय और अभिभावक उपस्थित थे. प्रभारी ने बताया कि नए भवन में शनिवार से विधिवत कक्षा प्रारंभ किया जा रहा है. इस अवसर पर नव नामांकित विद्यार्थियो का स्वागत किया गया है. उन्होंने बताया कि नए सत्र में चार कक्षाओं के लिए कुल 160 सीट निर्धारित है. जिसमे 28 बच्चे पूर्व से अध्ययन रत है. 132 बच्चो का प्रवेश हेतु साक्षात्कार लिया जा चुका है. इसमें 75 नामांकित विद्यार्थियो की पहली सूची जारी की गई है. इन्ही न्यू नामांकित विद्यार्थियो का कक्षा प्रवेश करवाया गया. जिसमे कुल 50 विद्यार्थी शामिल हुए. उन्होंने बताया कि विद्यालय का सीएम के द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन पूर्व में किया जा चुका है. धीरे धीरे पूर्ण कर ली जाएगी पूरी व्यवस्था : उन्होंने बताया कि फिलहाल विद्यालय में आंशिक व्यवस्था हुई है. 25 बेच उपलब्ध हो चुके है. जल्दी ही और भी बेच उपलब्ध हो जाएंगे. दो तीन दिनों के अंदर विद्यार्थियों को पुस्तक इत्यादि भी दे दी जायेगी. धीरे धीरे सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएगी. किसी को भी उद्घाटन की नही थी खबर : उद्घाटन के

संबंध में बीईईओ रामशरण दांगी ने बताया कि उन्हे कोई सूचना नहीं थी. उन्हे सिर्फ कक्षा प्रारंभ की जानकारी दी गई है. इस कारण मध्यान्ह भोजन सुचारू रूप से चलने के लिए विद्यालय प्रधान को एसएमसी गठन करने का निर्देश भी दिया गया है. मुखिया के द्वारा भवन का उद्घाटन किया जाना अच्छी बात है परंतु इसकी कोई भी आधिकारिक सूचना नही थी. डीईओ उपेंद्र नारायण ने भी ऐसा ही बताया. अभिभावकों को सता रही है दूरी : प्रखंड मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर बुंडू स्थित मॉडल विद्यालय में बच्चे प्रतिदिन अध्ययन करने कैसे जाएंगे विद्यालय के अभिभावकों को सता रहा है. विदित हो कि विद्यालय सुदूरवर्ती क्षेत्र में अवस्थित है और आवागमन की कोई सुविधा नहीं है. ऐसे में शिक्षकों सहित अन्य गर्मियों के लिए भी आवागमन की समस्या सबसे बड़ी समस्या है.

कोडरमा डीसी व प्रमंडल पदाधिकारी ने किया गांवों का दौरा

पेड़ पर बांधा रक्षासूत्र, सुरक्षा की ली शपथ

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल में उतारने के लिए जिला प्रशासन कोडरमा कटिबद्ध है। उपायुक्त आदित्य रंजन स्वयं गांव-गांव घूमकर ग्रामीणों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लाभ पहुंचाने के लिए हमेशा प्रेरित करते रहे हैं ताकि ग्रामीण केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आजीविका के स्रोत बढ़ाये और स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बने।इसी कड़ी में आज उपायुक्त आदित्य रंजन एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह द्वारा मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत सिमरकुंडी व बन्दरचोकवा ग्राम और डोमचांच प्रखण्ड अंतर्गत शेरसिंघा ग्राम का दौरा किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के द्वारा स्वरोजगार से जुड़ने के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाओं का संचालन किया जा रहा, उन सभी योजनाओं का लाभ लें। साथ ही उन्होंने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में कार्य करें। पौधारोपण, टीसीबी, फील्ड बंड इत्यादि को निर्माण कर जल संरक्षण के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा डोमचांच प्रखण्ड अंतर्गत लक्ष्मीपुर ग्राम का भ्रमण किया गया एवं गांव में वन रक्षा बंधन महोत्सव मनाया गया, जहां उपायुक्त व वन प्रमंडल पदाधिकारी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पेड़ों की रक्षा के लिए पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा। उपायुक्त द्वारा ग्रामीणों को वन एवं वन्य जीव जंतुओं की रक्षा के लिए प्रेरित किया गया और ग्रामीणों ने शपथ लेते हुए यह घोषणा किया कि आज से जंगल बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगें। उपायुक्त ने वन रक्षा बंधन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीणों के संकल्प के बाद निश्चित तौर पर इन जंगलो को सुरक्षित और संरक्षित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं और अपने गांव को सुरक्षित पर्यावरण युक्त और ऑक्सीजन युक्त गांव बनाएं। वहीं मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा वन्य प्राणियों के साथ-साथ वनों की सुरक्षा के लिए रक्षाबंधन कार्यक्रम काफी अहम साबित हो रहा है। वन सुरक्षित रहेगा तो पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। उपस्थितिः मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी, वन क्षेत्र पदाधिकारी, संबंधित पीएमयू सदस्य, अनुज व अन्य मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर डॉक्टरों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा जिले के झुमरी तिलैया स्थित आर्यन हॉस्पिटल एवं हयात हेल्थ क्लब के सम्मानित चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार व डॉ आशुतोष को ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष संतोष यादव द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रुप से उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने अपोलो डायग्नोस्टिक्स द्वारा संपूर्ण शरीर जांच के तहत अपना रक्त जांच भी कराया और कहा की आज 1 जुलाई के दिन डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में हम सभी चिकित्सकों के निस्वार्थ जनसेवा के सम्मान में प्रतीकात्मक रूप से डॉ आशुतोष एवं डॉ प्रवीण कुमार को फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित कर रहे हैं। मौके पर विशेष रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस महासचिव आशीष पांडेय ने कहा कि बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ विधान चंद्र राय का जन्म 1 जुलाई 1882 को हुआ जबकि देहांत भी 1 जुलाई 1962 को हुआ था जिनके सम्मान में 1991 से हर वर्ष डॉक्टर्स डे पर विश्व के चिकित्सकों को सम्मानित किया जाता है जिसके तहत आज हम कोडरमा के मशहूर चिकित्सक डॉक्टर प्रवीण कुमार को आर्यन अस्पताल पर उपस्थित होकर एवं हयात हेल्थ हब के चिकित्सक डॉ आशुतोष को फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मौके पर समाजसेवी अरशद खान, अमर सिंह, विनोद सिंह, दिवाकर कुमार, कांग्रेस नेता गणेश स्वर्णकार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम उमेशसाव, रेड क्रॉस सोसाइटी के अरविंद सेठ, सुमित कुमार, लाडली प्रवीण सहित अन्य उपस्थित थे।

सेक्रेड हार्ट स्कूल में मैंगो डे कार्यक्रम आयोजित

झुमरी तिलैया। सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को मैंगो डे मनाया गया। इस कार्यक्रम में क्लास नर्सरी केजी 2 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने बारी-बारी से मैंगो सॉन्ग पर डांस किया और मैंगो पर आधारित कई कविताएं सुनाई। सभी बच्चे मैंगो और मैंगो ट्री से संबंधित ड्रेस पहन कर आए हुए थे। बच्चों ने थाली डेकोरेट किया और कई प्रकार के फूल और जानवरों से संबंधित आकृति बनाई। इस मौके पर एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि भारत में हर सप्ताह कोई न कोई दिवस मनाया जाता है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है, उनमें इस कार्यक्रम के प्रति समझ भी विकसित होती है। उन्होंने कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चों का सर्वांगीण विकास करने के लिए विद्यालय कटिबद्ध है। जबकि प्राचार्य नवीन कुमार ने सभी बच्चों को बधाई दें और कहा कि कार्यक्रम किसी भी विद्यालय की पहचान होती हैं। कार्यक्रम और अन्य गतिविधियों में विद्यालय की झलक दिखाई पड़ती है। आयोजन को सफल बनाने में सीमा जैन, सपना शर्मा, प्रियंका गुप्ता, प्रियंका सिंह, अलका सिंह, रंजीता कुमारी, स्वाति कुमारी, रेखा राणा समेत अन्य शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

लायंस क्लब ने किया पौधारोपण

झुमरी तिलैया। लायंस क्लब ऑफ झुमरी तिलैया के द्वारा स्थानीय चित्रगुप्त नगर में पौधारोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर सागर मनी सेठ, पूर्व अध्यक्ष डॉ हरी दर्शन सिंह , क्लब एडमिनिस्ट्रेटर सुजीत अम्बष्ठ के अतिरिक्त लायन कल्याण कुमार मजूमदार, लायन जय मोदानंद झा , लायन निशांत कुमार , विजय प्रकाश द्विवेदी, अद्वय, नमन, शंकर एवं अद्विका भी मौजूद थे । लायंस क्लब के अद्यक्ष डॉ सेठ ने बताया कि लायंस क्लब प्रतिवर्ष पौधारोपण एवं पौधा वितरण का कार्यक्रम करती आई है। इस वर्ष भी पौधारोपण एवं पौधा वितरण का कार्यक्रम विस्तृत रूप से किया जाएगा।

वन अधिकार कानून 2006 को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक

सिमडेगा। सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत गरजा जमादोहर गांव में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जन संगठन के बैनर तले रविवार को वन अधिकार कानून 2006 को लेकर बैठक हुई मौके पर जनसंगठन के केंद्रीय पदाधिकारी राजेश कुमार महतो,प्रखंड प्रभारी सह जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार एवं केरसई प्रखंड प्रभारी अनूप लकड़ा को विशेष रूप से उपस्थित थे।इस अवसर पर राजेश कुमार महतो ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 जम्मू कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत देश में लागू है।सिमड़ेगा जिला सैकड़ों ग्राम सभा के लोगों द्वारा भौतिक सत्यापन एवं स्थल जांच कर अग्रेतर करवाई हेतु ग्राम सभा द्वारा अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति के समक्ष जमा किया गया है लेकिन अभी तक सिमड़ेगा जिला के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न ग्राम सभा को सामुदायिक अधिकार का पट्टा एवं सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन का अधिकार दावा पट्टा नहीं मिल पाया।इसको लेकर ग्राम सभा के लोगों में आक्रोश है।प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच के लोग पहला अपील करेंगे।

रोटरी मंडल ने अजय अग्रवाल को अवार्ड दिया

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। राजगीर में आयोजित बिहार- झारखंड रोटरी मंडल 3250 में स्थित 102 क्लब के कार्यों की समीक्षा हुई और अच्छे कार्यों के लिए चुनिंदा क्लबों और पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। ज्ञातव्य है कि रोटरी मंडल 3250 में पूरे बिहार-झारखंड में संचालित कुल 102 रोटरी क्लबों के बीच पूरे साल के कार्यों के आधार पर वर्षांत में एक भव्य समारोह में सामाजिक क्षेत्र में किए गए विशेष कार्यों के लिए रोटरी क्लब के पदाधिकारियों को पुरस्कार के लिए चुना जाता है। कोडरमा रोटरी के अध्यक्ष अजय अग्रवाल के नेतृत्व में रोटरी क्लब में पहली बार यूथ विंग का गठन हुआ है। 12 युवा सदस्यों की टीम ने जनवरी में बैडमिंटन टूनार्मेंट का आयोजन किया था। रोटरी में यूथ विंग के गठन, नेतृत्व कौशल और लोकप्रियता के लिए मंडल अध्यक्ष संजीव ठाकुर और आला अधिकारियों की उपस्थिति में पूर्व मंडलाध्यक्ष संदीप नारंग (धनबाद) ने भव्य समारोह में रोटरी कोडरमा के अध्यक्ष अजय अग्रवाल को उभरता नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित किया। राजगीर स्थित इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में रोटरी मंडल के तमाम आला अधिकारियों की उपस्थिति में पारितोषिक वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। कोडरमा रोटरी के पांचों स्थायी सेवा प्रकल्पों को भी प्रशस्ति प्रदान की गई।

राशन डीलर संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल एक अगस्त से

सिमडेगा। रविवार को जयप्रकाश उद्यान पार्क में जिला स्तरीय डीलर संघ कि प्रमोद प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें डीलरों की समस्याओं एवं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई ।जैसे कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत बांटी गई बकाया कमीशन का भुगतान नहीं किया जाना एवं मार्च महीना से जून महीना तक का रेगुलर वितरण का भुगतान सरकार के द्वारा नहीं किया जा रहा है। इसलिए प्रदेश कमेटी के निदेर्शानुसार डिलरो को बाध्य होकर विधानसभा घेराव एवं एक अगस्त से सिमडेगा के सभी डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे इसमें सभी की सहमति बनी ।मौके पर जिला सचिव मुकेश कुमार पंडा ,कोषाध्यक्ष मुतजा हुसैन, मेराज आलम ,भोला साहू ,गंगा प्रसाद, फुलेश्वर, राजु साव अनिल बड़ाईक, मनोज कुमार ईश्वर प्रसाद, रामदयाल प्रसाद ,अरूण सिंह ,महावीर प्रसाद, छुनु मांझी ,नथनिएल मुंडा, नरेंद्र प्रसाद ,सतनारायण प्रसाद ,लक्ष्मी प्रसाद, प्रदीप सहा सुशील मींज विनोद खाखा सुमति देवी वंदना साहा, श्यामा देवी प्रगति बानो ज्योति महिला समूह आदि डीलर उपस्थित थे।

टेंपो पलटने से चार घायल, रेफर

कोलेबिरा। थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची सिमडेगा मुख्य मार्ग एनएच 143 देवनदी के समीप एक टेंपो के अनियंत्रित होकर पलट ने से टेंपो सवार चार लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार टेंपो सवारी एवं बाजार का सामान लेकर जामटोली से कोलेबिरा हाट बाजार जा रही थी वही जैसे ही टैंपू देवनदी पुलिया के समीप पहुंचा तो टेंपो अधिक सवारी एवं सामान होने के कारण चालक से टेंपो और नियंत्रण होकर देव नदी पुल के समीप सड़क के बगल में गड्ढे में जा गिरी फल स्वरूप टेंपो में सवार 70 वर्षीय रुद्रो देवी 30 वर्षीय संतोष सिंह 30 वर्षीय सुमारू नायक एवं 5 वर्षीय प्रतिमा कुमारी घायल हो गए इधर जैसे ही घटना की जानकारी को लिब्रा पुलिस को मिली पॉलिमरा पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा लाया जहां पर उनका चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया वहीं गंभीर रूप से घायल रुद्रो देवी संतोष सिंह को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया साथ ही पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टैंपू को भी अपने कब्जे में ले लिया इधर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सवारी टेंपो में टेंपो चालकों के द्वारा सवारी के साथ भारी मात्रा में सामान ढोया जा रहा था जिसके कारण टेंपो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

करंट लगने से लाइनमैन झुलसा, रिम्स रेफर

सिमडेगा/ठेठईटांगर। प्रखंड के गुट बहार के पास रविवार की सुबह बिजली में आई तकनीकी खराबी को ठीक करने के दौरान 33000 वोल्ट करंट की चपेट में आकर लाइन में गंभीर रूप से झुलस गया तत्काल साथियों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया गया जहां पर उपचार करने के पश्चात उसे बेहतर इलाज के लिए राजधानी रांची रेफर कर दिया लाइनमैन की पहचान कहुपानी निवासी एनएम कुल्लु के रूप में हुई। घटना के संबंध में साथियों ने बताया कि सर्वप्रथम मेरमडेगा रूट में आई खराबी को ठीक करने के पश्चात आगे बढ़ते हुए गुटबहार के पास खराबी को ठीक करने के लिए लाइन में बिजली पोल पर चढ़ा इसी दौरान 33000 वोल्ट की करंट की चपेट में आकर उसके हाथ सहित कई हिस्से झुलस गए तुरंत बिजली काटते हुए उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया जहां से रिम्स भेजा गया है इधर इस मामले में विद्युत कनीय अभियंता रामनंदन राम से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला गंभीर है अगर यह दोनों काम कर रहे थे तो 33000 शट डाउन लिया गया था या नहीं इसके लिए जांच कमेटी बनाते हुए जांच की जाएगी और साथ ही इस मामले में जो भी दोषी होंगे। उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी फिलहाल लाइनमैन को रांची रेफर करते हुए वहां पर उसकी इलाज चल रही।

रामरेखा बाबा की पुण्य तिथि पर कई कार्यक्रम

सिमडेगा। रामरेखा धाम में ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा के पुण्य तिथि एवं गुरु पूर्णिमा के सफल आयोजन को लेकर रामरेखा धाम विकास समिति की बैठक मुख्य संरक्षक दुर्ग विजय सिंह देव की अध्यक्षता में ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर राम नाम के मंत्रोचारण के साथ बैठक शुरू किया गया. बैठक के दौरान रामरेखा बाबा की 16वीं पुण्यतिथि के मौके पर 10 जुलाई सोमवार सेअधिवास,सत्संग, प्रवचन,एवं अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया जाएगा.अखंड हरि कीर्तन की समाप्ति 12 जुलाई को प्रातः 8 बजे होने के बाद हवन पूजन के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा.कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सचिव ओमप्रकाश साहू द्वारा सदस्यों को कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तार से कार्यों की जिम्मेवारी सौंपी.

बकाया मानदेय को लेकर संघ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ सिमडेगा की बैठक अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रविवार को आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव संध्या देवी के द्वारा की गई। वहीं मंच संचालन सिमडेगा प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा की गई। बैठक में बताया गया कि मानदेय का भुगतान 5 महीना से नहीं किया गया है जिसके कारण सभी के सामने काफी परेशानी उत्पन्न हो गई है उन्होंने कहा कि हम ?66

प्रत्येक दिन के हिसाब से काम कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद हमें भुगतान नहीं मिला है ।साल में 12 महीना होता है लेकिन हमें 10 महीना का ही भुगतान मिलता है उसमें भी सही तरीके से नहीं मिलती है जिससे कि काफी दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों सड़क पर उतरने के बाद आश्वासन दी गई थी लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई इसलिए अगर इस माह का भुगतान एवं बकाया भुगतान नहीं होती है तो शिक्षा कार्यालय के समीप आंदोलन करने के लिए सभी लोग उतरेंगे। इस मौके पर केशव देवी मोनिका तिर्की,कुंवारी जोजो, सुनीता बरवा, बैजंती देवी आशीषन कुल्लू, ज्योति लुगुन, अनीमा कुल्लू ,आशा डुंगडुंग सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

अच्छी बातें ठेठईटांगर के केरया मंडली में कार्यक्रम, कोलेबिरा विधायक हुए शामिल

प्रभु की वंदना से मिलता है सुख : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा । ठेठईटांगर प्रखण्ड अंतर्गत केरेया गांव के पूर्वी मंडली में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि परमेश्वर की वंदना और प्रार्थना करने से मनुष्य हमेशा सुखी रहता है। हमारी आध्यात्मिक ताकत में वृद्धि होती है। ईश्वर से हम जुड़ जाते हैं। मनुष्य में ईश्वर की तरह करुणा और दया के भाव आ जाते है। इससे जीवन में स्वतः सुधार आ जाता है। आज हमारा देश निश्चित ही विकट परिस्थिति से गुजर रहा है,लोग भय में जीवनयापन कर रहे हैं, हमारे स्वतंत्रता को समाप्त करने का प्रयास देश में बैठी भाजपा की सरकार कर रही है।बाबा भीमराव अम्बेडकर के संविधान को चकनाचूर कर दिया जा रहा है। कभी अल्पसंख्यक ईसाई आदिवासी समुदाय को चर्च धंसाने, सरना आदिवासी के साथ लड़वाने का षड्यंत्र रचा जाता है। भाईचारा प्रेम सौहार्द को छिन्न-भिन्न करने के लिए धार्मिक भावनाओं को उछाला जा रहा है। नतीजा लोग भय में जीने के लिए विवश हैं। जहां तक रही बात लोकतांत्रिक व्यवस्था की तो उसे विखंडित करने का खेल खेला जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले की बात है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बयान आया है कि एक घर में एक ही कानून होना चाहिए। इसके लिए पुरे देश में सभी समुदाय, सभी धर्म और सभी वर्गों के लिए समान

नागरिक संहिता कानून बना कर लागू करने की बात कही है। इस कानून से आदिवासी समाज काफी आहत हैं।मौके पर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, विलसन लुगुन, हेमन्त लुगुन, जॉन लुगुन, अनिल लुगुन, अभिनाश लुगुन, इशाक बागे, रोशन भेंगरा, रेजन भेंगरा, प्रचार सलान लुगुन आदि उपस्थित थे।

महिलाओं को हक और अधिकार दिलाने के लिए जारी रहेगा संघर्ष : जोसिमा खाखा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। डुमरडीह पंचायत के बंबुडेरा में कांग्रेस महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा सीता एक्का की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। जोसिमा खाखा ने महिलाओं की समस्या सुनी। साथ ही समस्या को दूर कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने महिलाओं के उत्थान पर जोर देते हुए कहा कि महिला उत्थान के बिना समाज के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। महिलाओं को उत्थान के लिए वे राजनीतिक में आई है और जब तक महिलाओं का उत्थान नहीं हो जाता, महिलाओं पर शोषण थम नहीं जाता उनका संघर्ष जारी रहेगा। आप सभी महिलाएं भी कांग्रेस जुड़ें और हमारा इस मुहिम का साथ दें। जोसिमा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा भी

महिलाओं के विकास और उत्थान को लेकर गम्भीर है। वहीं राज्य में बनी महागठबंधन की सरकार महिलाओं के लिए कई योजनाएं धरातल में उतारा है। महिलाएं महिला मंडल बना सरकारी योजनाओं का लाभ लें। सीमा सीता एक्का ने भी कांग्रेस के नीति सिद्धान्तों की जानकारी दी। उन्होंने विधायक भूषण बाड़ा की उपलब्धि गिनाते हुए लोगों को विधायक और कांग्रेस से जुड़ने का आह्वान किया। मौके पर दोरोथिया तिग्गा, किरण तिर्की, लीली नाग, अगाथा तिर्की, अनिता एक्का, बरसा तिर्की, जोनसन एक्का, एलिजाबेथ तिग्गा आदि उपस्थित थी।

अरमान चतुर्वेदी ने आईआईटी एडवांस में हासिल की सफलता

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

प्रखंड के उसका कला ग्राम निवासी अनुपम चतुर्वेदी का पुत्र अरमान चतुर्वेदी ने आईआईटी जेईई एडवांस सीआरएल रैंक 13471 तथा जेनरल मेंस में जनरल ईडब्ल्यूएस में 1937 रैंक लाकर अपने माता पिता एवं जिला का नाम रौशन किया है। अरमान चतुर्वेदी ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा भवनाथपुर डीएवी स्कूल से तथा इंटर की शिक्षा टीडीएम कॉलेज अधौरा से हुआ है। उसने घर पर रहकर ही आईआईटी जेईई के लिए ऑनलाइन कोचिंग कर इसकी तैयारी की तथा पहली बार में ही सफलता हासिल की। अरमान ने बताया कि इस सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरु के साथ-साथ समाज के उन लोगों को भी जाता है जो हमारा मार्गदर्शन करते रहे। युवा समाजसेवी अमित तिवारी उर्फ गुड्डू तिवारी ने रविवार को उनके आवास पर अरमान को मिठाई खिलाई हौसला अफजाई की।

मेराल के कई लोग भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

मेराल प्रखंड के चामा पंचायत से भाजपा छोड़कर एक दर्जन से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। रविवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सभी को पार्टी में शामिल कराया।

झामुमो के चामा पंचायत अध्यक्ष मुसाहेब अंसारी के नेतृत्व में सभी ने माटी की पार्टी झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री उपेंद्र विश्वकर्मा, विलास कुमार रवि, रमेश कुमार रवि, राजेश कुमार रवि, सचिन कुमार, बहादुर विश्वकर्मा आदि का नाम शामिल है। इस मौके पर पार्टी में शामिल होने वाले लोगों उपेंद्र विश्वकर्मा आदि ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ही झारखंड एवं झारखंडियों की असली हितैशी पार्टी है। यहां सभी लोगों को पूरा मान, सम्मान एवं उचित हक, अधिकार मिलता है। जबकि भाजपा में छोटे कार्यकताओं की कोई पूछ नहीं होती है। भाजपा की सरकार में न तो गढ़वा और न ही झारखंड में कोई भी विकास कार्य हुआ। परंतु आज झामुमो की सरकार झारखंड एवं झारखंडियां के हित में काफी बेहतर कार्य कर रही है।

रंका के 150 से अधिक युवाओं ने थामा झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन

झारखंड का सपना अब हो रहा है पूरा : मिथिलेश

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

रंका प्रखंड के कंचनपुर पंचायत सहित अन्य पंचायतों के 150 से अधिक युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। रविवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ठाकुर ने सभी को माला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल कराया।

झामुमो के युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, युवा उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, किशोर ओझा, सदस्य संतोष राम एवं लभली उरांव के नेतृत्व में रामबाबू ठाकुर, जितेंद्र यादव, ओम प्रकाश यादव, सचिन यादव, उमेश भूईया सहित 150 से अधिक युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। ये सभी लोग मंत्री श्री ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी और बहुजन समाज पार्टी छोड़कर झामुमो में शामिल हुए। मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि माटी की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा में सभी का स्वागत है। इन ऊजार्वान युवाओं को पार्टी में शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। इनके उत्साह और उमंग का लाभ पार्टी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने जिस सोच के साथ अलग झारखंड राज्य का निर्माण कराया था, उनका सपना अब पूरा हो रहा है। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड एवं झारखंड वासियों को उनका संपूर्ण हक एवं अधिकार मिल रहा है। पार्टी की नीति एवं मुख्यमंत्री सोरेन के बेहतर कार्यों का असर पूरे राज्य में है। यहां महिला, पुरुष, बुजुर्गों, नौजवानों सभी के दिल पर हेमंत सोरेन के बेहतर कार्यकाल की गहरी छाप पड़ी है। मंत्री ने कहा कि उनकी सोच विकास और सिर्फ विकास करना है। वे संपूर्ण गढ़वा वासियों के सहयोग एवं आशीर्वाद से अपने विकास के मिशन में काफी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आगे भी इसी तरह से गढ़वा वासियों का साथ मिलता रहा तो बहुत जल्द गढ़वा सबसे विकसित जिलों की श्रेणी में सबसे अग्रणी होगा। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी मौजूद थे।

मंत्री की पहल पर गढ़वा विस क्षेत्र में 11 हाई मास्ट लाइट लगाएगी ग्रासिम इंडस्ट्रीज

गढ़वा। ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 11 स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगाएगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से आदित्य बिड़ला ग्रुप का ग्रासिम इंडस्ट्रीज की सीएसआर फंड से यह हाई मास्ट लाइट लगा रहा है। जानकारी देते हुए मंत्री ठाकुर ने बताया कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज अपने सीएसआर फंड से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा प्रखंड अंतर्गत तिलदाग पंचायत के तिलदाग मोड़, चिरौंजिया पंचायत के ब्रह्मा स्थान खजूरी, बेलचंपा में एसआईएस मोड़ बेलचंपा, प्रतापपुर पंचायत में पतसा चौक, महुलिया पंचायत के पचपड़वा बाजार में, मेराल प्रखंड अंतर्गत ओखरगाड़ा पंचायत के पचफेड़ी मोड़, चेचरिया पंचायत के अटौला बस स्टैंड चौक, दुलदुलवा पंचायत के पेशका बाजार में, डंडा प्रखंड अंतर्गत डंडा पंचायत के गुलर मोड़ (फूलन देवी चौक), रंका प्रखंड अंतर्गत चुटिया पंचायत के गोदरमाना बजरंग चौक तथा रमकंडा प्रखंड अंतर्गत उदयपुर पंचायत के उदयपुर बाजार चौक पर हाई मास्ट लाइट लगाएगा। मंत्री ठाकुर ने बताया कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज की ओर से प्रथम चरण में इन स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगाया जा रहा है, जबकि अगले चरण में अन्य स्थानों पर लगाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि सभी इंडस्ट्री एवं बड़ी-बड़ी संस्थानों के पास उनके क्षेत्र में विकास एवं सार्वजनिक कार्य करने के लिए सीएसआर फंड होता है। पूर्व में स्थानीय संस्थानों के इस फंड का उपयोग हुआ या नहीं हुआ यह किसी को पता भी नहीं चलता था, परंतु अब स्थानीय संस्थानों की ओर से सीएसआर फंड का सदुपयोग कराया जा रहा है। इससे क्षेत्र में विकास का नया कार्य हो रहा है। या प्रक्रिया जारी रहेगी।

विद्यालय प्रबंधन समिति का किया गया पुनर्गठन

केतार। प्रखंड मुख्यालय केतार स्थिति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में रविवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुर्नगठन किया गया। आयोजन के दौरान सर्वप्रथम विद्यालय में विगत दो वर्षों का लेखा जोखा के साथ विद्यालय विकास पर चर्चा की गई। इस दौरान विद्या भारती मेदिनीनगर प्रमंडल निरीक्षक नीरज लाल ने विद्यालय में कराए गए विकास कार्यों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने पुरानी समिति की उपस्थिति में दो वर्षीय विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया जिसमें सर्वसम्मति से पुनः रामविचार साहू को अध्यक्ष, विनोद प्रसाद को उपाध्यक्ष, प्रमोद मेहता को सचिव, अक्षयवट वैद्य को उपसचिव, गोपाल विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष, ब्रजेंद्र कुमार सिंह व नंदकुमार प्रजापति को संरक्षक, महेंद्र विश्वकर्मा, गीता देवी, जयमाल प्रसाद, निरंजन प्रसाद, विजय गुप्ता, राकेश सिंह, कुमार सूर्या को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता, धनंजय विश्वकर्मा, अरविंद प्रताप सैंगर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

सीएमओएएल शाखा की बैठक में लिए कई निर्णय

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ

कोयला अधिकारियों का संगठन शाखा कार्यकारिणी समिति की बैठक माइंस रेस्क्यू स्टेशन रामगढ़ में रविवार को संगठन सीसीएल शाखा के अध्यक्ष दीनानाथ सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जानकारी देते हुए तेतरिया माइंस पीओ कन्हैया लाल यादव ने बताया कि बैठक में गैर अधिकारी वर्ग को एनसीडब्ल्यूए-क में 19 प्रतिशत न्यूनतम प्रदत लाभ दिए जाने के कारण अधिकारी वर्ग में उत्पन्न वेतन विसंगति के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में अधिकारी वर्ग के वेतन वृद्धि पर खुशी जाहिर करते हुए अध्यक्ष सिंह ने कहा कि डीपीई भारत सरकार के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए अधिकारी वर्ग के वेतन विसंगति को कोयला मंत्रालय तथा कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा यथाशीघ्र दूर किया जाय। इसके लिए पत्र के माध्यम से कोल इंडिया

वेतन विसंगति दूर नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

प्रबंधन को वेतन विसंगति को 15 दिनों के अंदर दूर करने की मांग पत्र के माध्यम से की गई है। कहा कि समय पर मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में हम संगठित होकर आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। मौके पर संगठन का सीसीएल के अध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष ने भी बैठक को बारी-बारी से संबोधित किया। कहा कि अगर हमारी मांगें पूरी नहीं होती है तो संगठन के केंद्रीय नेतृत्व का जैसा निर्देश होगा उसे अमल कर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। मौके पर संगठन की एकजुटता पर बल दिया गया तथा प्रबंधन को कड़ी चेतावनी दी गई कि हम अधिकारियों को हल्के में न लिया जाए। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मैट्रिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी(चतरा)

जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत की पितीज में उत्कर्ष ज्ञान कोचिंग सेंटर के द्वारा रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसका बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, विशिष्ट अतिथि सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक, डीएसपी केदार नाथ राम, भाजपा नेता सतीश सिंह, राजद महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका वर्मा, रूबी देवी, कुसुम देवी, शिक्षक सुदर्शन दुबे, सेंटर के संचालक मंजीत आर्य आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों को तिलक लगाकर व गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

इसके उपरांत 2023 के 10 वीं परीक्षा में कोचिंग सेंटर के 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। टॉपर किए गए छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रपत्र तथा नगद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप उपाध्यक्ष ने उत्कर्ष ज्ञान कोचिंग सेंटर को एक कंप्यूटर सेट देने की घोषणा की। साथ हीं उन्होंने आगे कहा कि इस कंप्यूटर सेट से सेंटर के सभी छात्र-छात्राएं निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि टॉपर निशा कुमारी व अन्य छात्रों द्वारा इस कंप्यूटर के द्वारा अन्य छात्रों को शिक्षा देना है। सदर बीडीओ रजक ने कहा है कि पहले की अपेक्षा लड़कों से ज्यादा लड़कियां शिक्षा पर ध्यान दे रही हैं। वहीं अन्य अतिथियों ने शिक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेंटर के संचालक के साथ रूपेश रंजन, कृष्णा कुमार, डब्लू कुमार केसरी, अखिलेश यादव, सुनील दास, रवीना कुमारी, अनामिका कुमारी समेत अन्य शिक्षक व शिक्षिकाओं ने भूमिका निभाया।

संक्षिप्त

मुखिया ने श्राद्ध कर्म में किया सहयोग

केतार। केतार बाजार निवासी जोखन चौधरी के माता के निधन पर मुखिया प्रमोद कुमार ने रविवार को उनके घर जाकर शोक व्यक्त किया और ढांढस बढ़ाया। उन्होंने मृतक के श्राद्ध कर्म के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि जोखन चौधरी का मृत्यु पूर्व में हो चुका है और अब उनकी मां की मृत्यु हो गई है।ऐसे में घर मे विधवा महिला का कोई सहारा नही है इसको देखते हुए ,चावल,आटा, रिफाइन तेल,चीनी ,इत्यादि भोज की सामग्री दी है । ताकि स्व. जोखन चौधरी की माँ की श्राद्धकर्म उनकी विधवा पत्नी कर सकें।

बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

खरौंधी (गढ़वा)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 01 से 48 तक के बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों को बीएलओ एप संचालन सबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित बीएलओ एवं पर्यवेक्षक को प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर मितेश पांडेय ने प्रशिक्षण दिया। बीडीओ ने सभी बीएलओ को अपने मोबाइल के माध्यम से मतदान केंद्र में उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं को अपडेट करने तथा मतदाताओं के सत्यापन हेतु डोर टू डोर जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएलओ एप के माध्यम से सभी योग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिये प्रपत्र 6 भरने का निर्देश दिया। आधार सीडिंग के लिए 6इ प्रपत्र भरने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के लिए प्रपत्र 7 भरने, नाम, आयु आदि के सुधार हेतु प्रपत्र 8 भरने की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जीपीएस उमेश कुमार, बीएलओ सुनैना देवी, पूनम देवी, करिश्मा बानो, उर्मिला देवी, ममता देवी, हेमवती देवी, मिना देवी, मधु देवीकिरण देवी, नीतू देवी, संध्या देवी सहित सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

धर्म-कर्म | जीयर स्वामी पाल्हे जतपुरा में कर रहे प्रवास

भव्य व दिव्य होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

विंध्य क्षेत्र में अवस्थित श्री बंशीधर धाम के पाल्हे जतपुरा ग्राम में इस वर्ष परिव्राजक संत लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव का भव्य और दिव्य आयोजन होगा। जीयर स्वामी इस बार वैष्णव भक्तों के अनुरोध पर अपने चातुर्मास्य व्रत हेतु पांच माह तक विंध्य क्षेत्र में अवस्थित पाल्हे जतपुरा ग्राम, श्री बंशीधर नगर की पुण्य धरा पर प्रवास कर रहे हैं। उत्तम तप के विग्रह स्वरूप स्वामीजी महाराज जो अपनी ओजपूर्ण वाणी एवं दृष्टांत पूर्ण कथा शैली से गुरु परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर यज्ञ स्थल पर स्वामी जी के दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ती है। बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत देश के विभिन्न प्रदेशों से शिष्यों का आगमन शुरू हो गया है। यज्ञ समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रवास एवं प्रसाद आदि की समुचित प्रबंध की गयी है। उल्लेखनीय है कि झारखंड राज्य की धरती पर पहली बार पूज्य जीयर स्वामी के सानिध्य में समतामूर्ति संत भाष्यकार रामानुजाचार्य स्वामी का सहस्त्राब्दी जयंती स्मृति महामहोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 25 अलग-अलग यज्ञ मंडपों में 1051 कुंडात्मक श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ, अनेक धार्मिक अनुष्ठान, अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन एवं अंतर्राष्ट्रीय भजन संध्या का भी आयोजन होगा। ध्यातव्य है कि यज्ञ स्थल पर ही श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के समापन होने पर स्वामी के द्वारा वैष्णव मंत्र प्रदान किया जाता है, जिसमें हजारों की संख्या में दीक्षा ग्रहण कर श्रद्धालु वैष्णवता के मार्ग को अंगीकार करते हैं।

मारपीट में चार घायल

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

बरडीहा थाना क्षेत्र के सालगा गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में चार महिला घायल हो गई। घायलों में जगदीश यादव की पत्नी सारधा देवी, इंद्रदेव यादव की पत्नी, सविता देवी, भरत यादव की पत्नी राजमुनि देवी, एवं शंभू यादव की पत्नी सरस्वती देवी के नाम शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में उक्त घायलों ने आरोप लगाया है कि नरेश यादव उसके भूमि को अपना भूमि बता कर उसी भूमि में बीहन कर रहा था। जानकारी मिलने के बाद इसका विरोध किया तो नरेश यादव, मंगरु यादव, राजेश यादव, कामेश्वर यादव, बुधन यादव आदि ने मिलकर लाठी डंडे से मारपीट की।

पत्नी से कहासुनी पर युवक ने जहर खाकर दी जान

गढ़वा। बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के बंशीधर नगर गांव निवासी राधेश्याम राम का पुत्र सूरज कुमार ने कीटनाशक खाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सूरज की पत्नी मायके गई हुई थी। फोन से ही उक्त दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद सूरज ने कीटनाशक खा लिया। उसे बंशीधर नगर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

बीमारी व हमारा समाज

झारखंड में सिकल सेल बीमारी एनीमिया ने सबको हैरान और परेशान कर दिया है। यह जानलेवा बीमारी तेजी से अपना पैर पसार रहा है। इसे समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कूद गये हैं। उन्होंने इसे 2047 तक खत्म करने के लिए सिकल सेल एनीमिया मुक्त भारत को करने का संकल्प भी लिया है। जिले और राज्य स्तर पर इसे खत्म करने के लिए रणनीति बननी शुरू हो गयी है। झारखंड में इस अभियान की लांचिंग रांची के कांके प्रखंड में होनी है। इस अभियान के तहत सिकल सेल की पहचान के लिए आम लोगों की स्क्रीनिंग की जायेगी। उनके पाजीटिव पाये जाने पर उपचार किया जायेगा। पहले चिन्हित किये गये रोगियों को सिकल सेल कार्ड भी दिया जायेगा। अपने राज्य झारखंड में करीब पांच हजार लोग पाये गये हैं। अब इन्हें कार्ड देने की योजना है। ऐसा देखा जा रहा है कि यह बीमारी आदिवासी बहुल इलाकों में ज्यादा पाई जा रही है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि उनके रहन सहन और शिक्षा की कमी की वजह से यह बीमारी बढ़ते जा रहा है। ऐसे में इस बीमारी की रोकथाम के लिए जागरूकता चलाने की जरूरत है। यह बीमारी विकारों का समूह है जिसके कारण लाल रक्त कोशिकायें विकृत होकर टूट जाती है। तथा खून का बहाव रूक जाता है और दर्द होता है। यह लंबे समय तक रहने वाली बीमारी है। इसमें आदमी की मौत नहीं होती है। लंबे समय तक जिन्दगी रहती है। इस बीमारी के लक्षण दर्द और ज्यादा थकान हैं। इसी बाबत पलामू में इसे समाप्त करने के लिए भी स्वास्थ्य विभाग की कसरत शुरू हो गयी है। बहरहाल देखा जाये तो आदमी के कई अनजान शत्रु हमारे आस-पास घूम रहे हैं। जरूरत है उन्हें पहचानने की । ऐसे में सावधानी आवश्यक है। दूसरी सबसे बड़ी बात यह कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्चा के प्रति सावधान रहने की जरूरत है। खान-पान और रहन-सहन पर पैनी नजर रखनी चाहिए। ऐसा नहीं होने पर परेशानियों का बसेरा हमारे आस-पास मंडराने लगता है। ऐसे भी कहा गया है कि हेल्थ है तो सब कुछ है। अन्यथा सब बेकार हैं। शरीर को बीमारी से मुक्त रखने के लिए जीवन के बताये आदर्श नियमों का हर समय पालन करना चाहिए। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह कि जगह-जगह छोला छाप डाक्टरों की टीम घूम रही है। इनसे बचने की भी जरूरत है। ऐसे में समीप के किसी अच्छे डाक्टर से तुरंत मिल कर शरीर में हो रही परेशानी को बताना चाहिए। इस बीमारी से निपटने के लिए जहां एक ओर जिला प्रशासन प्रयासरत है,वहीं लोगों को जागरूक करने के लिए स्वंयसेवी संस्थाओं को भी आगे आने की जरूरत है। समाज में हो रहे बदलाव के लिए जहां एक ओर प्रत्येक व्यक्ति को जवाबदेह बनने की जरूरत है,वहीं बीमारी और आपदा के मौके पर प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे कार्य में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की जरूरत है। यह समाज की सुन्दरता होती है। लेकिन हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि ऐसा नहीं हो रहा है। यह दुखद बात है। बहरहाल इस बीमारी को लेकर पिछले दिनों पलामू के कई जगहों पर जागरुकता शिविर का आयोजन किया। सिकल सेल एनीमिया बीमारी में शरीर में खून बनना बंद हो जाता है। इस बात की पुष्टि करते हुए अशोक कुमार सिंह ने बताया कि इस बीमारी से कीडनी लीवर जैसे कई जरुरी अंग डैमेज हो जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस बीमारी में सावधानी जरुरी है। स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा कई स्कूलों में बच्चों को इस बीमारी के बारे में बताया गया।

झारखंड में इस अभियान की लांचिंग रांची के कांके प्रखंड में होनी है। इस अभियान के तहत सिकल सेल की पहचान के लिए आम लोगों की स्क्रीनिंग की जायेगी। उनके पाजीटिव पाये जाने पर उपचार किया जायेगा।

सहायक प्रौद्योगिकी : भारत का दृष्टिकोण व क्षमता

सहायक प्रौद्योगिकी (एटी) अर्थात ऐसा कोई भी उत्पाद या सेवा, जिसके माध्यम से दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) अथवा इस तरह की किसी भी स्वास्थ्य स्थितियों का सामना कर रहे लोगों को मुख्यधारा में शामिल होने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए दैनिक गतिविधियों का निर्वहन करने में सहायता की जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ द्वारा मई 2022 में सहायक प्रौद्योगिकी पर जारी की गई पहली वैश्विक रिपोर्ट (जीआरईएटी) के अनुसार, दुनिया में 2.5 बिलियन से अधिक लोगों को एक अथवा अधिक सहायक उत्पादों की आवश्यकता होती है। भारत में, 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 26.8 मिलियन लोग दिव्यांग हैं और यह उनके लिए सहायक प्रौद्योगिकी की आवश्यकता को दर्शाता है। भारत में दिव्यांगजनों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य देखभाल तक सीमित पहुंच शामिल है। इसके अलावा, कई दिव्यांगजन पहुंच की कमी के कारण परिवहन और आवास जैसी बुनियादी सेवाओं तक पहुंचने बनाने के लिए भी संघर्ष करते हैं। सहायक प्रौद्योगिकी दिव्यांगजनों को रोजमर्रा के काम करने और उनके समुदायों में समान रूप से भागीदारी करने में मदद करते हुए इन चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) का उद्देश्य दिव्यांगजनों को गुणवत्तापूर्ण सहायक उपकरण और पुनर्वास सेवाएं प्रदान करना है। पिछले कुछ वर्षों में, एलिम्को भारत में एटी के क्षेत्र में एक प्रमुख भागीदार बन चुका है। एलिम्को सहायक उपकरणों की विस्तृत श्रृंखला का निर्माण करता है, जिसमें प्रोस्थेसिस, ऑर्थोसिस, श्रवण यंत्र और गतिशीलता सहायक उपकरण जैसे ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, स्टिक, वॉकर, बैसाखी आदि शामिल हैं। एलिम्को ने दुनिया भर में प्रगति के साथ तालमेल बनाये रखने के लिए आधुनिकीकरण करने के लिए सक्रिय कदम उठाये हैं। इस दिशा में, एलिम्को ने अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ सहयोग किया और लोअर लिम्ब प्रोस्थेटिक कंपोनेंट (कृत्रिम पैर) और सक्रिय व्हील चेयर के स्वदेशी निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए टीओटी पर हस्ताक्षर किये। प्रोस्थेटिक्स के लिए एलिम्को द्वारा निर्मित 'परिवर्तन किट' का मूल्य इस श्रेणी में आयातित प्रोस्थेसिस की तुलना में बेहद कम है, जिसे देश भर में हजारों लाभार्थियों को लगाया गया है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत दृष्टिबाधित दिव्यांगों के लिए स्वदेशी डिजाइन से निर्मित 'सुगम्य' छड़ी की परिकल्पना की गई है। प्रौद्योगिकी ग्रहण करने की दिशा में एलिम्को द्वारा किये गये प्रयासों में अत्याधुनिक प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक केंद्र; उन्नत डिजाइन दक्षता के साथ- 3डी मॉडलिंग और विश्लेषण सॉफ़्टवेयर; 3डी प्रिंटिंग सहित कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग (सीएडी) और कंप्यूटर एडेड मैन्युफैक्चरिंग (सीएएम); सीएनसी स्लाइडिंग हेड मशीन और सीएनसी टर्न मिल मशीन का उपयोग; सटीक /सटीक धातु विश्लेषण के लिए- स्पेक्ट्रो विश्लेषक; बैटरी चालित मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल में रिवर्स ड्राइव और डिस्क ब्रेक और एक्टिव फोल्डिंग व्हील चेयर तथा रफ टेरेन व्हील चेयर का डिजाइन / ड्राइंग जैसी नई सुविधाएँ शामिल की गई हैं। दिव्यांगजनों के लिए सार्वजनिक स्थलों और परिवहन प्रणालियों को अधिक सुलभ बनाने के लिए सरकार द्वारा 2015 में सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ किया गया था और यह दिव्यांगजनों के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी को अधिक सुलभ बनाने पर केंद्रित है। कौशल विकास के लिए 2015 में शुभारंभ की गई राष्ट्रीय कार्य योजना का लक्ष्य 2022 तक दस लाख दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिसमें दिव्यांगजनों को उनके कौशल विकसित करने में सहायता करने के लिए एटी प्रदान करने का प्रावधान है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) की सहायता/ उपकरणों की खरीद / फिटिंग के लिए दिव्यांगजन को सहायता (एडीआईपी) योजना दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों और अन्य उपकरणों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है और यह सबसे लोकप्रिय भी है तथा जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए इसमें देश के सभी जिले शामिल हैं। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के तहत विभाग द्वारा देश भर में नौ राष्ट्रीय संस्थान स्थापित किए गए हैं, साथ ही राष्ट्रीय संस्थानों की विस्तारित शाखाओं के रूप में 21 समग्र क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) भी स्थापित किये गये हैं। भारत दिव्यांगजनों के लिए एटी समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने वाले स्टार्ट-अप में वृद्धि का साक्षी बन रहा है, जो दिव्यांगजनों के लिए नवीन उत्पाद बनाने हेतु नवीनतम तकनीक का लाभ उठा रहे हैं। यह भारत सरकार के समर्थन से समावेशन को बढ़ावा देने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायता कर सकते हैं। आज, एटी दिव्यांगजनों के लिए विश्व मंच पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण विषय है, जो दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने पर केंद्रित एक वैश्विक कार्यक्रम है। कुल मिलाकर, भारत में दिव्यांगता क्षेत्र में सहायक प्रौद्योगिकी का व्यापक दायरा महत्वपूर्ण है और इस क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाले स्टार्ट-अप और इनोवेटर्स का एक बढ़ता हुआ इकोसिस्टम भी है। सरकार ने समावेशन को बढ़ावा देने और दिव्यांगजनों के जीवन में सुधार लाने में एटी समाधानों की क्षमता को पहचाना है और सरकार एटी समाधानों के विकास, इन्हें अपनाने और इनके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। निरंतर निवेश और समर्थन के साथ, एटी समाधानों के विकास और इन्हें अपनाने के मामले में भारत वैश्विक रूप से प्रमुख बनने की क्षमता रखता है।

सहायक प्रौद्योगिकी दिव्यांगजनों को रोजमर्रा के काम करने और उनके समुदायों में समान रूप से भागीदारी करने में मदद करते हुए इन चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

इन दिनों

■ **राजेश अग्रवाल**
लेखक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव हैं।

बोधि वृक्ष

आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा

इस प्रकार मन से चिन्तन करता हुआ लकड़ी को मस्तक पर रख कर उस सुन्दर नगर में गया, जहां धन-सम्पन्न लोग रहते थे। उस दिन उसने लकड़ी का दुगुना मूल्य प्राप्त किया। इसके बाद प्रसन्न हृदय होकर वह पके हुए केले का फल, शक्कर, घी, दूध और गेहूं का चूर्ण सवाया मात्रा में लेकर अपने घर आया। तत्पश्चात उसने अपने बान्धवों को बुलाकर विधि-विधान से भगवान श्री सत्यनारायण का व्रत किया। उस व्रत के प्रभाव से वह धन-पुत्र से सम्पन्न हो गया और इस लोक में अनेक सुखों का उपभोग कर अन्त में सत्यपुर अर्थात बैकुण्ठलोक चला गया।

श्री मन नारायण-नारायण-नारायण।
भज मन नारायण-नारायण-नारायण।
श्री सत्यनारायण भगवान की जय।
सत्यनारायण व्रत तीसरा अध्याय

श्री सूतजी बोले - श्रेष्ठ मुनियों! अब मैं पुनः आगे की कथा कहूंगा, आप लोग सुनें। प्राचीन काल में उल्कामुख नाम का एक राजा था। वह जितेन्द्रिय, सत्यवादी तथा अत्यन्त बुद्धिमान था। वह विद्वान राजा प्रतिदिन देवालय जाता और ब्राह्मणों को धन देकर सन्तुष्ट करता था। कमल के समान मुख वाली उसकी धर्मपत्नी शीला, विनय एवं सौन्दर्य आदि गुणों से सम्पन्न तथा पतिपरायणा थी। राजा एक दिन अपनी धर्मपत्नी के साथ भद्रशीला नदी के तट पर श्रीसत्यनारायण का व्रत कर रहा था। उसी समय व्यापार के लिए अनेक प्रकार की पुष्कल धनराशि से सम्पन्न एक साधु नाम का बनिया वहां आया। भद्रशीला नदी के तट पर नाव को स्थापित कर वह राजा के समीप गया और राजा को उस व्रत में दीक्षित देखकर विनयपूर्वक पूछने लगा। साधु ने कहा - राजन! आप भक्तियुक्त चित्त से यह क्या कर रहे हैं? कृपया वह सब बताइये, इस समय मैं सुनना चाहता हूं।

(क्रमशः)

गुरु-शिष्य परंपरा का विशेष उत्सव है गुरु पूर्णिमा

रमेश सर्राफ धमोरा

गुरु पूर्णिमा पर्व गुरु-शिष्य की परंपरा के लिए विशेष उत्सव होता है। गुरु अपने ज्ञान से शिष्य को सही मार्ग पर ले जाते हैं। इसलिए गुरुओं के सम्मान में हर वर्ष यह पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर गुरु के अलावा भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की भी पूजा की जाती है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। उनकी जन्मतिथि के उपलक्ष्य में पूजा की जाती है। इस बार गुरु पूर्णिमा तीन जुलाई को है। गुरु पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने अपने पहले सात शिष्य सप्तऋषियों को सबसे पहले योग का ज्ञान प्रदान किया था। इस प्रकार आदियोगी शिव इस दिन आदि गुरु यानी पहले गुरु बने। सप्तऋषि इस ज्ञान को लेकर पूरी दुनिया में गये। आज भी धरती की हर आध्यात्मिक प्रक्रिया के मूल में आदियोगी द्वारा दिया गया ज्ञान ही है। गुरु, साधक के अज्ञान को मिटाता है। ताकि वह अपने भीतर ही सृष्टि के स्रोत का अनुभव कर सके। पारंपरिक रूप से गुरु पूर्णिमा का दिन वह समय है जब साधक, गुरु को अपना आभार अर्पित करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। योग साधना और ध्यान का अभ्यास करने के लिए गुरु पूर्णिमा को विशेष लाभ देने वाला दिन माना जाता है। गुरु शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से हुई है और इसका गहन आध्यात्मिक अर्थ है। इसके दो अक्षरों गुरु में गु शब्द का अर्थ है अज्ञान। रु शब्द का अर्थ है आध्यात्मिक ज्ञान का तेज जो आध्यात्मिक अज्ञान का नाश करता है। संक्षेप में गुरु वे हैं जो मानव जाति के आध्यात्मिक अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाते हैं और उसे आध्यात्मिक अनुभूतियां और आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करते हैं। गुरु पूर्णिमा वर्षा ऋतु के आरम्भ में आती है। इस दिन से चार महीने तक साधु-सन्त एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान की गंगा बहाते हैं। ये चार महीने मौसम की दृष्टि से भी सर्वश्रेष्ठ होते हैं। न अधिक गर्मी और न अधिक सर्दी। इसलिए अध्ययन के लिए उपयुक्त माने गये हैं। जैसे सूर्य के ताप से तृप्त भूमि को वर्षा से शीतलता एवं फसल पैदा करने की शक्ति मिलती है। वैसे ही गुरु चरणों में उपस्थित साधकों को ज्ञान, शान्ति, भक्ति और योग शक्ति प्राप्त करने की शक्ति मिलती है। यह दिन महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायन व्यास का जन्मदिन भी है। वे संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे और उन्होंने चारों वेदों की भी रचना की थी। इस कारण उनका एक नाम वेद व्यास भी है। उन्हें आदिगुरु कहा जाता है और उनके सम्मान में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा नाम से भी जाना जाता है। भक्तिकाल के संत घीसादास का भी जन्म इसी दिन हुआ था वे कबीरदास के शिष्य थे। गुरु तथा देवता में समानता के लिए एक श्लोक में कहा गया है कि जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी। सिख धर्म में भी गुरु को भगवान माना जाता है। इस कारण गुरु पूर्णिमा सिख धर्म का भी अहम त्योहार है। सिख धर्म केवल एक ईश्वर और अपने दस गुरुओं की वाणी को ही जीवन का वास्तविक सत्य मानता है। आषाढ़ की पूर्णिमा को चुनने के पीछे गहरा अर्थ है कि गुरु तो पूर्णिमा के चंद्रमा की तरह हैं। जो पूर्ण प्रकाशमान हैं और शिष्य आषाढ़ के बादलों की तरह। आषाढ़ में चंद्रमा बादलों से घिरा रहता है जैसे बादल रूपी शिष्यों से गुरु घिरे हों। गुरु अंधेरे में भी चांद की तरह चमक सके। उस अंधेरे से घिरे वातावरण में भी प्रकाश जगा सके तो ही गुरु पद की श्रेष्ठता है।

गुरु पूर्णिमा के दिन भगवान शिव ने अपने पहले सात शिष्य सप्तऋषियों को सबसे पहले योग प्रदान किया था। इस प्रकार आदियोगी शिव इस दिन आदि गुरु यानी पहले गुरु बने।

गुरु पूर्णिमा

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

महाराष्ट्र की राजनीति में 'चाणक्य' की पराजय

मुकुंद

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजित पवार ने अपने समर्थक विधायकों के साथ महाराष्ट्र की शिंदे सरकार में शामिल होकर सबको चौंका दिया। अजित ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। छगन भुजबल समेत नौ विधायकों को भी शिंदे सरकार में जगह दी गई है। अजित पवार राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार के भतीजे हैं। भतीजे ने पवार को भरी दोपहर में राजनीति के आसमान में तारे दिखा दिये हैं। दो महीने पहले की बात है। समूची राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सकते में आ गई थी। दरअसल शरद पवार ने घोषणा की थी-एक मई, 1960 से एक मई, 2023 तक सार्वजनिक जीवन में लंबा समय बिताने के बाद अब कहीं रुकने पर विचार करने की आवश्यकता है। इसलिए, मैंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होने का फैसला किया है। इस वक्त यशवंतराव चव्हाण केंद्र के सभागार में मौजूद हर नेता के पैरों तले जमीन हिल गई थी। शरद पवार का पूरा नाम शरद गोविंदराव पवार है। पूर्व कांग्रेस नेता शरद पवार ने 1999 में अलग राह पकड़ी थी। वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक हैं। पवार महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री रह चुके हैं। प्रभावशाली नेता के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले शरद केंद्र में रक्षा और कृषि मंत्री रहे हैं। राजनीति के साथ-साथ वह क्रिकेट प्रशासन से भी जुड़े रहे हैं। सन 2005 से 2008 तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष और 2010 से 2012 तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के भी अध्यक्ष रह चुके हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के निर्माण का मुख्य कारण यह था कि पवार, तारिक अनवर और पीए संगमा इटली मूल की सोनिया गांधी के कांग्रेस का नेतृत्व किये जाने के खिलाफ थे। इस आधार पर 20 मई, 1999 को तीनों कांग्रेस से अलग हो गये। ...और 25 मई 1999 को देश नये राजनीतिक दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का उदय हुआ। पवार ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत कांग्रेस के साथ 1967 में की थी। यशवंतराव चव्हाण को उनका राजनीतिक गुरु माना जाता है। 1978 में जनता पार्टी के गठबंधन से सरकार बनाने के लिए उन्हें कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया था। इस गठबंधन के फलस्वरूप वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने थे। साल 1984 में बारामती से वह पहली बार लोकसभा चुनाव जीते। 1987 में शिवसेना के बढ़ते प्रभाव की वजह से उन्होंने कांग्रेस में वापसी की। 1993 में उन्होंने चौथी बार मुख्यमंत्री के पद शपथ ली। यह उनका सबसे विवादास्पद कार्यकाल रहा। 2001-2002 के दौरान उन पर माफिया से संबंध होने के आरोप लगे। उन पर गेहूं निर्यात और 2जी स्पेक्ट्रम घोटालों के आरोप भी लगते रहे हैं। कहा तो यह भी जाता है कि शरद पवार कभी हारते नहीं हैं। जब वह खुद चुनाव लड़ते हैं तो जीत उनकी होती है। जब जीत पक्की न हो तो वह मैदान में उतरते ही नहीं। फिर भी उन्हें एक चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। यह उनके चुनावी करियर की एकमात्र हार है। बेशक यह पराजय राजनीतिक क्षेत्र में नहीं बल्कि क्रिकेट के मैदान में हुई। वर्ष 2004 में उन्हें तत्कालीन अध्यक्ष जगमोहन डालमिया के हाथों 'भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड' यानी 'बीसीसीआई' के चुनाव में बेहद कड़े मुकाबले में पराजय का सामना करना पड़ा। इससे वह हार नहीं माने। अगले ही साल उन्होंने डालमिया को हरा दिया और बीसीसीआई के अध्यक्ष बन गये।

अजित पवार राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार के भतीजे हैं। भतीजे ने पवार को भरी दोपहर में राजनीति के आसमान में तारे दिखा दिये हैं।

राजनीति

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

दो ट्रेलर के बीच सीधी टक्कर, दोनों के चालकों की मौत

कोरबा। जिले में रविवार अलसुबह दो ट्रेलर के बीच सीधी टक्कर में दोनों ट्रेलर के चालकों की मौत हो गई। जिले में रविवार हादसों का दिन रहा, जिसने पांच जानें ले ली। इससे पहले कोरबा-दर्री मार्ग पर तीन युवकों की सड़क हादसे में मौत की दर्दनाक घटना घटी है।

मिली जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पाली - बिलासपुर मुख्य मार्ग पर एसईसीएल के सराईपाली परियोजना बुडबुड खदान गेट के समीप आज तड़के ट्रेलर क्रमांक सीजी 14 डी 1474 और सीजी 10 बीएच 6783 में टक्कर हो गई। दोनों ट्रेलर के चालक केबिन में ही फंस गए। आनन-फानन में पाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पंहुची तब तक दोनों गंभीर घायल अवस्था में पड़े रहे। टक्कर इतनी भीषण थी कि केबिन चिपक गया। केबिन को कटवाकर दोनों वाहनों के चालकों को बाहर निकाला जा सका, लेकिन दोनों की सांस थम चुकी थी।

अवैध अभ्रख लदा ऑटो पलटा, छात्र की मौत

नवादा। बिहार-झारखण्ड सीमा पर स्थित नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाका सवैयाटांड़ पंचायत के झलकडीहा गांव के समीप रविवार को अवैध अभ्रख लदा ऑटो पलटने से एक किशोर की मौत हो गई।

घटना कि सूचना आग कि तरह पूरे सवैयाटांड़ में फैल गई। लोगों ने दौड़ कर ऑटो में फसें किशोर को निकालने के लिये प्रयास करने लगे। लेकिन तब तक उनकी मौत घटनास्थल पर हो गई। घटना की सूचना लोगों ने रजौली थाना को दी। सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष पवन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल नवादा भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध अभ्रख लदा ऑटो को जब्त कर थाना में लाया गया है। कारोबारी के बारे में पता लगाया जा रहा है। मृतक के परिजन के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ओपन ऑनलाइन शतरंज में आरवी बनीं विजेता

किशनगंज। जिला शतरंज संघ द्वारा रविवार को एक निःशुल्क ऑनलाइन ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश के करीब दो दर्जन सक्षम खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें कोलकाता की आरवी श्रीवास्तव विजेता घोषित हुईं। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा आयोजन सचिव कमल कर्मकार ने जानकारी दी कि इसमें कोलकाता के ही करणवीर पेरिवाल को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं असम की मोनोदीप धर तृतीय रहीं। किशनगंज के जोयब्रोतो दत्ता, धान्वी कर्मकार, सुरोनोय दास, प्रिंस कुमार एवं रौनक साहा क्रमशः चौथा, छठ्ठा, 8वां, 9वां एवं 15वां स्थान प्राप्त करने में सफलता पाई। जबकि बैंगलुरू की वी सुबरसी, असम की हृतोस्मिता भट्टाचार्य, अरुणाचल प्रदेश के वैभव दुग्गर, मालदा के शौर्य रॉय, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के ईशान घोष, खगड़िया के केशव प्रसाद यशवंत, उत्तर प्रदेश के अचिंत कुमार क्रमशः 5वें, 7वें, 10वें, 11वें,12वें, 13वें एवं 14वें स्थानों पर काबिज हुए। उत्तर प्रदेश के पवित्र जैन को 16वां स्थान प्राप्त हुआ। वहीं किशनगंज के आदित्य दुबे, रूशील झा एवं सार्थक अग्रवाल को क्रमशः 17, 18 एवं 20वें स्थानों पर संतोष करना पड़ा। गुजरात के युवराज साहा ने 19वां स्थान प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रांतीय आर्य महासम्मेलन एवं ज्ञान ज्योति पर्व कार्यक्रम में कहा,

शिक्षा से ही व्यक्ति का विकास संभव

एजेंसी। रायपुर

हम अपनी संस्कृति को सहेजते हुए और परंपराओं का सम्मान करते हुए आगे बढ़ रहे हैं और शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है जिससे व्यक्ति का विकास संभव है। ये बातें मुख्यमंत्री भूपेश ने रविवार को राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में आयोजित प्रांतीय आर्य महासम्मेलन एवं ज्ञान ज्योति पर्व कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री भूपेश ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने जिस आंदोलन की शुरूआत की थी हमें आज उसका परिणाम देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने महिलाओं को शिक्षित करने के लिए आवाज उठायी थी और इसी का परिणाम है कि छत्तीसगढ़ के कालेजों में पुरूषों से ज्यादा संख्या महिला विद्यार्थियों की है।

मुख्यमंत्री ने महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती और आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस पर स्वामी दयानंद सरस्वती जी और तुलाराम आर्य परगनिहा जी को नमन करते हुए ज्ञान ज्योति पर्व मनाने के लिए सभी को बधाई दी। बघेल ने छत्तीसगढ़ में आर्य समाज के संस्थापक और महान दानवीर तुलाराम आर्य परगनिहा जी के प्राकट्य दिवस पर उनका स्मरण करते कहा कि श्रद्धेय तुलाराम आर्य जी ने छत्तीसगढ़ में स्थानीय स्तर पर समाज सुधार की दिशा में सराहनीय प्रयास किए हैं हम उन्हें उनकी दानशीलता के लिए भी याद करते हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज के विकास की प्रक्रिया बहुत लंबी और बहुत जटिल होती है और एक उन्नत समाज को आकार लेने में सदियां लग जाती हैं। नये विचारों की स्थापना और पुराने विचारों के संशोधन-परिमार्जन से ही समाज प्रगतिशील होता है, उसके वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमारा भारतीय समाज एक प्रगतिशील समाज है क्योंकि हमने हमेशा ही नये विचारों का स्वागत किया है। हम जिसे सनातन परंपरा कहते हैं, वह अनादि-काल से चली आ रही है, वह अनंतकाल तक चलती रहेगी। प्रांतीय आर्य महासम्मेलन एवं ज्ञान ज्योति पर्व में शामिल होने के लिए दिल्ली से आए स्वामी आर्यवेश ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि गौठान योजना शुरू करके राज्य में न सिर्फ मवेशियों का संरक्षण किया जा रहा है बल्कि इससे लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि राम वन गमन पथ योजना को आकार देकर मुख्यमंत्री भूपेश ने एक अमिट कार्य किया है।

इस मौके पर खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य आर एन वर्मा, आर्य समाज से स्वामी आर्यवेश, छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य समाज के अध्यक्ष आचार्य अंशुदेव, मंत्री भुवनेश साहू समेत अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 4 जुलाई से

जगदलपुर। छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर 4 जुलाई 2023 को 24 सूत्रीय मांगो को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल का शंखनाद बस्तर जिले में भी किया जाएगा। छग. प्रदेश स्वा.कर्मचारी संघ जिला शाखा के जिलाध्यक्ष एवं उपप्रान्ताध्यक्ष अजय प्रताप सिंह परिहार ने जानकारी दी कि, शासन को स्वास्थ्य विभाग के नियमित एवं संविदा कर्मचारियों की समस्या के निदान हेतु निवेदन और आवेदन करने के पश्चात भी शासन द्वारा कर्मचारी हित में कोई सार्थक पहल नहीं की गई, जिसके कारण अनिश्चित कालीन आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 4 जुलाई से शुरू हो रही हड़ताल में स्वास्थ्य विभाग के अनियमित, सविंदा, एनएचएम, डीएमएफटी और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी शामिल रहेंगे। जिसके कारण मेडिकल कॉलेज और जिला चिकित्सालय, सामुदायिक, प्राथमिक एवं उपस्वास्थ्य केंद्र में पूरी तहत से काम बंद रहेगा।

यूसीसी लागू होने से देश मजबूत होगा : मायावती

एजेंसी। लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि विशाल आबादी वाले भारत देश में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोग रहते हैं। जिनके जीवन जीने की शैली के अलग अलग तौर तरीके एवं रस्म रिवाज हैं । वहीं दूसरी तरफ यह बात भी सोचने वाली है कि यहां प्रत्येक धर्म को मानने वाले लोगों पर हर मामले में एक समान कानून लागू होता है तो उससे देश कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत ही होगा। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि इससे आपसी भाईचारा, सौहार्द माहौल पैदा होगा। भारतीय संविधान की धारा 44 में यूनिफार्म सिविल कोड अर्थात यूसीसी को बनाने का प्रयास वर्णित है। इसे जबरन थोपने का प्रावधान बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के बनाये संविधान में निहित नहीं है। इसके लिए जागरुकता और आम सहमति को श्रेष्ठ माना गया है, जिस पर अमल नहीं करके संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति करना देशहित में सही नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान की धारा 44 में समान सिविल संहिता बनाने का प्रयास तो वर्णित है लेकिन इसे थोपने का नहीं है। इस सभी को ध्यान में रखकर भाजपा को यूनिफार्म सिविल कोड को लागू करते हुए ध्यान देना चाहिए। हमारी पार्टी यूनिफार्म सिविल कोड से असहमत नहीं है बल्कि इसे लागू करने के भाजपा के तौर तरीके से सहमत नहीं है।

पाकिस्तानी कनेक्शन को लेकर एनआईए ने बरेली में मारा छापा

एजेंसी। बरेली

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने रविवार को बरेली जिले के कस्बा आंवला में रहने वाले पेंटर के घर पर छापेमारी की। आरोप है कि पेंटर पाकिस्तान के नंबर से काफी दिनों से बातचीत कर रहा है। एनआईए ने पेंटर के मोबाइल को कब्जे में लिया है।

लखनऊ मुख्यालय से एनआईए की एक टीम ने रविवार की सुबह पांच बजे बरेली में आंवला के ग्वालटोली पक्का कटरा निवासी पेंटर तौहीद के घर पर छापेमारी की है। इस दौरान स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। किसी को भी घर से बाहर जाने नहीं दिया गया। टीम ने युवक और उसके परिवार से करीब पांच घंटे के अधिक समय तक पूछताछ की।

पता चला है कि दो साल पहले वह सऊदी अरब में पेंटिंग का काम करने गया था। तबीयत खराब होने पर कुछ दिन पहले ही घर लौटा है। तब से वह एक पाकिस्तानी नंबर से बात कर रहा था, जिसे ट्रैस किया गया। तौहीक का पाकिस्तानी कनेक्शन और उसके खाते में पाकिस्तान से रकम भेजने की बात सामने आ रही है। इसकी सत्यता कहां तक है, इसके लिए एनआईए तौहीद के मोबाइल, बैंक से संबंधित दस्तावेज व अन्य समान अपने साथ लेकर गई है। इस दौरान एनआईए की टीम ने यहां की मीडिया से दूरी बनाये रखी। एनआईए की इस कार्रवाई को लेकर मोहल्ले में तरह-तरह की चचाएं हैं। वहीं, तौहीद पर गिरफ्तारी की भी तलवार लटक रही है।

शिक्षक बहाली में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग को लेकर आक्रोश मार्च

एजेंसी। अररिया

बिहार में शिक्षक बहाली नियमावली में संशोधन कर डोमिसाइल नीति समाप्त किए जाने के खिलाफ रविवार को फारबिसगंज में विद्यार्थी परिषद के द्वारा अक्रोश मार्च निकाला गया।तदुपरांत स्टेशन चौक पर मांग के समर्थन में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और शिक्षा मंत्री प्रो.चंद्रशेखर यादव का परिषद के कार्यकताओं के साथ शिक्षक अभ्यर्थियों ने पुतला दहन किया।

इस दौरान प्रदर्शनकारी बिहार सरकार के खिलाफ और अपने मांग के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कॉलेज मंत्री प्रिंस कश्यप एवं नगर सह मंत्री आयुष भगत के नेतृत्व में आक्रोश मार्च निकाल कर स्थानीय स्टेशन चौक पर बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर यादव द्वारा बिहार के शिक्षक अभ्यर्थी पर अभद्र टिप्पणी करने, डोमिसाइल नीति हटाने, शिक्षक अभ्यर्थी पर लाठीचार्ज करने को लेकर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया गया।

मौके पर मौजूद अभाविप के विभाग सह संयोजक अकाश श्रीवास्तव ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा शिक्षक बहाली प्रक्रिया में बार-बार संशोधन किए जाने से छात्रों में आक्रोश है। बार-बार नियमावली में संशोधन करने से छात्रों के बीच असमंजस है कि सरकार की मंशा ही नहीं है कि वह बहाली करें। इसलिए वह बार-बार संशोधन कर रही है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवम शाह एवं कोषाध्यक्ष आदित्य झा ने शिक्षा मंत्री के द्वारा बिहार के शिक्षक अभ्यर्थी पर की गई टिप्पणी पर निंदा व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार सरकार बिहार के युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्हें मजदूर बनाना चाहती है। उन्होंने कहा है की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद या मांग करती है कि जल्द से जल्द शिक्षक भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जाए अन्यथा सड़क से लेकर सदन तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विरोध करेगी। मौके पर नगर विस्तारक(मुजफ्फरपुर) अभिषेक झा,आर्य आरजू, शिक्षक अभ्यर्थी धनंजय कुमार, राजेश कुमार, राजा कुमार, सत्य प्रकाश कुमार, कृष्णा कुमार, कुमार सत्यम,अभिषेक सिंह सहित दर्जनों शिक्षक अभ्यर्थी मौजूद थे।

ओडिशा रेल हादसा: एक महीने बाद भी अपनों की तलाश में भटक रहे लोग

एजेंसी। भुवनेश्वर

ओडिशा के बालासोर में एक महीने पहले हुई ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना का दर्द लोग अभी तक नहीं भुला पाए हैं। पिछले तीन दशकों में भारत की सबसे भीषण ट्रेन दुर्घटना में कम से कम 293 लोग मारे गए, और 1000 से अधिक घायल हो गए थे। मगर आज भी कुछ लोग अपनों की तलाश में जुटे हैं। भारत की सबसे भीषण ट्रेन दुर्घटना होने के बाद यात्रियों के परिवार वालों ने अपनों की तलाश शुरू कर दी थी। 210 से अधिक लोग अपने परिवार के सदस्यों के शवों की पहचान कर पाए। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को घायल अवस्था में अस्पतालों में पाया, वे भाग्यशाली थे। मगर, घटना के एक महीना बीत जाने के बावजूद कई परिवार अभी भी अपने परिजनों का इंतजार कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल के अशोक रबीदास उनमें से एक हैं। वह अधिकारियों द्वारा अपने छोटे भाई कृष्णा रबीदास (22) के शव को ले जाने की अनुमति दिए जाने का इंतजार कर रहे हैं। एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल भटकने के बाद अशोक रबिदास एम्स भुवनेश्वर पहुंचे जहां अज्ञात व्यक्तियों के शवों को संरक्षित किया गया है।

वहीं, उनके भाई कृष्णा के शव की पहचान करने के लिए एम्स प्राधिकरण ने संबंधित शव के डीएनए के नमूने नई दिल्ली स्थित केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) को भेजे हैं। इस बीच एम्स भुवनेश्वर को अन्य दावेदारों से मेल खाने वाले 29 शवों की डीएनए रिपोर्ट मिल गई है। हालांकि,पीड़ित अशोक ने कहा कि कृष्णा की डीएनए रिपोर्ट नहीं आई है।

पश्चिम बंगाल के मालदा के हरिश्चंद्रपुर ट्रिपलतला गांव के मूल निवासी अशोक यहां रेलवे द्वारा उपलब्ध कराए गए एक गेस्ट हाउस में रह रहे थे। चूंकि इंतजार खत्म नहीं हुआ है, और उन्हें अपने काम पर लौटना है, इसलिए अशोक चार दिन पहले अपने गांव के लिए रवाना हो गए।

किसानों के लिए राज्य सरकार ने बदले मापदंड: सीएम शिवराज

एजेंसी। भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के कल्याण के लिए सरकार ने कई मापदंड बदले हैं। राजस्व पुस्तक परिपत्र में समय-समय पर ऐसे परिवर्तन किए गए हैं, जिससे किसानों को लाभ मिला है।अब किसानों को फसलों और मकानों की क्षति और मवेशियों की जान जाने पर अधिक राहत राशि दी जा रही है। आज बुरहानपुर जिले के केला उत्पादक किसानों को फसल क्षति पर राशि प्रदान की। जिले में इस वर्ष अप्रैल-मई और जून माह में हुई फसलों की क्षति के लिए प्रभावितों को यह राशि प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री चौहान रविवार को अपने निवास कार्यालय से किसानों को राहत राशि कार्यक्रम में वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में बुरहानपुर जिले के 4261 किसान को 41 करोड़ 85 लाख रुपये की फसल क्षतिपूर्ति राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। प्रभावित फसलों का रकबा 3690 हेक्टेयर था। इसमें से प्रभावित केला फसल का क्षेत्र 3470 हेक्टेयर एवं अन्य फसल का क्षेत्र 219 हेक्टेयर है। केला फसल उत्पादक 3960 किसान है और अन्य फसलों के उत्पादक किसान 301 है। उल्लेखनीय है कि बुहरानपुर का केला विश्व के कई देशों को निर्यात किया जाता है। राज्य सरकार ने केला उत्पादक किसानों को फसल खराब होने के संकट से मुक्ति दिलवाकर आर्थिक राहत दी है। एक जिला - एक उत्पाद में भी बुरहानपुर जिले में केला उत्पादन का चयन किया गया है। देश के प्रांतों के साथ ही अन्य देशों में भी बुरहानपुर का केला जाता है।

राजनीति | राज्यपाल सीवी आनंद के फैसले से राजभवन और सचिवालय के संबंधों में खटास

ममता और राज्यपाल में तकरार बढ़ने के संकेत

एजेंसी। कोलकाता

काफी समय से ममता और राज्यपाल के बीच रार बढ़ती जा रही है। पश्चिम बंगाल में राजभवन और राज्य सचिवालय के बीच विवाद पिछले हफ्ते काफी बढ़ गया। दोनों के बीच खींचतान में दो मुद्दों में से पहला ग्रामीण निकाय चुनावों को लेकर जारी झड़पें और हिंसा हैं, जहां राज्यपाल ने पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ बातचीत करने के लिए जिलों का दौरा किया। राज्य सरकार और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने तीखी आलोचना के साथ इसका विरोध किया। दूसरा मुद्दा विभिन्न राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के प्रशासन पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा लिए गए फैसलों और दिए गए निदेर्शों से संबंधित है, जिसे राज्य सरकार और सत्तारूढ़ सरकार ने राज्यपाल के संवैधानिक अधिकार से परे की कार्रवाई बताया। चाहे वह राजभवन परिसर के भीतर एक शांति कक्ष खोलने का राज्यपाल का निर्णय हो, जहां झड़पों और हिंसा के पीड़ित सीधे कॉल कर सकते है या अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। बोस का हिंसा स्थलों पर पहुंचना और वहां पीड़ितों से सीधे बातचीत करना, सत्तारूढ़ व्यवस्था को रास नहीं आ रहा। तृणमूल कांग्रेस के राज्य प्रवक्ता कुणाल घोष और पार्टी विधायक मदन मित्रा इन मुद्दों पर राज्यपाल के खिलाफ विशेष रूप से मुखर रहे। मित्रा ने राज्यपाल को सलाह दी कि वे पंचायत चुनाव खत्म होने के बाद कोलकाता से अपना वापसी टिकट बुक करें। घोष ने एक कदम आगे बढ़ते हुए राज्यपाल पर उनके द्वारा लिखी गई पुस्तक प्रकाशित करने में राजभवन के धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। घोष ने राज्यपाल को 'पश्चिम बंगाल में विपक्षी दलों का चेयरमैन' भी बताया है। राज्य विश्वविद्यालयों के प्रशासन के मुद्दे पर 11 राज्य विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति, शिक्षाविदों, छात्रों और शोधकताओं के लिए समानांतर पुरस्कारों की घोषणा और छात्र कुलपतियों के लिए प्रावधान शुरू करने के राज्यपाल के फैसलों ने राजभवन और राज्य सचिवालय के बीच संबंध और बिगाड़ दिए हैं।

राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु इस मुद्दे पर राज्यपाल के मुख्य आलोचक रहे हैं। बसु के अनुसार, राज्यपाल शुरू से ही अपनी मनमर्जी से काम करते रहे हैं और ऐसे निर्णय लेने से पहले उन्होंने राज्य सरकार या शिक्षा विभाग से कोई चर्चा नहीं की। कलकत्ता हाई कोर्ट के वकील कौशिक गुप्ता के मुताबिक, गवर्नर हाउस में श्शांति कक्ष का उद्घाटन कानूनी और प्रशासनिक दृष्टिकोण से बिल्कुल सही था। गुप्ता ने कहा, पता चला कि शांति कक्ष में प्राप्त शिकायतों को राजभवन द्वारा कार्रवाई के लिए सीधे पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग के कार्यालय में भेजा जा रहा है।

बेटे की हत्या करने के बाद पिता ने लगायी फांसी, मौत

फरुर्खाबाद। जहानगंज थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह पिता ने अपने पांच साल के बेटे की गड़ासे से काट कर हत्या कर दी। पत्नी व पुत्री पर कातिलाना हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। इसके बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक समेत कई आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। घटना को अंजाम देने से पहले पिता ने सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें कानपुर की एक कम्पनी के एमडी और एकाउंटेंट को दोषी ठहराया है। घायल बेटी व पत्नी को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दोंनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। थाना जहानगंज के गांव कंझाना रतन पुर निवासी दिनेश यादव ने अपने पांच साल के बेटे की हत्या कर दी। बेटी व पत्नी पर भी कातिलाना हमला किया। तीनों को मरा समझ फांसी पर झूल कर जान दे दी।

NEWS इन ब्रीफ

हसरंगा को आईसीसी आचार संहिता मामले में लगी फटकार

बुलावायो (जिम्बाब्वे)। श्रीलंका के खिलाड़ी वानिंदु हसरंगा को क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में नीदरलैंड के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है। हसरंगा को शुक्रवार को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो एक अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, ग्राउंड उपकरण या फिक्स्चर और फिटिंग के दुरुपयोग से संबंधित है। इसके अलावा, हसरंगा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक अवगुण अंक जोड़ा गया है, उनका 24 महीनों में यह दूसरा अपराध है, जिससे उनके अवगुण अंकों की संख्या दो हो गई है। यह घटना हसरंगा के आउट होने के बाद घटी जब पवेलियन लौटते समय उन्होंने आक्रामक अंदाज में अपने बल्ले से सीमा रेखा पर प्रहार किया। हसरंगा के खिलाफ आरोप ऑन-फील्ड अंपायर मार्टिन सैगर्स और ग्रेग ब्रैथवेट, तीसरे अंपायर जयारमन मदनगोपाल और चौथे अंपायर आसिफ याकूब ने लगाए थे। लेवल 1 के उल्लंघनों में न्यूनतम जुर्माना आधिकारिक फटकार, अधिकतम जुर्माना खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो अवगुण अंक होते हैं।

मोहम्मद शहजाद की अफगानिस्तान की टी20 टीम में वापसी

ढाका। विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद शहजाद बांग्लादेश के खिलाफ 14 और 16 जुलाई को सिलहट में होने वाली दो मैचों की श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान की टी20 टीम में वापस आ गए हैं। शहजाद, जिन्होंने अफगानिस्तान के लिए 70 टी20 खेले हैं और एक शतक और 12 अर्द्धशतक सहित 2015 रन बनाए हैं, ने अबु धाबी में 2021 पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर 12 मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रारूप में अपनी आखिरी उपस्थिति दर्ज की थी। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हजरतुल्लाह जजई भी इस साल फरवरी में अबु धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ प्रारूप में अपनी आखिरी उपस्थिति के बाद, अफगानिस्तान के लिए टी20 योजना में वापस आ गए हैं।

पूजा ने फेओफानोवा को हराकर जीता खिताब

एजेंसी। नोएडा। पूजा तोमर ने नोएडा इंडोर स्टेडियम में एमएफएन 12 में एक कठिन मुकाबले में अपनी रूसी प्रतिद्वंद्वी अनस्तासिया फेओफानोवा के खिलाफ मैट्रिक्स फाइट नाइट के पहले महिला मुख्य इवेंट में सर्वोच्च स्थान हासिल किया और अपना स्ट्रॉवेट खिताब बरकरार रखा। रोमांचक मुख्य मुकाबला चार राउंड तक चला। पहले राउंड में, पूजा तोमर ने अपने प्रतिद्वंद्वी के चेहरे पर बाएं हाथ से हुक मारा और उसे जमीन पर गिरा दिया। अपनी लंबी टांगों का इस्तेमाल करते हुए अनस्तासिया पूजा को दूर रखने में कामयाब रही। अपनी ऊंचाई के लाभ के साथ, अनस्तासिया

ने पूजा को जकड लिया, लेकिन चैंपियन ने खुद को बाहर निकाला और शनिवार को रूसी को परेशान करने के लिए शक्तिशाली किक मारी। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ा, पूजा ने जबरदस्त रक्षात्मक कौशल दिखाया और अनस्तासिया की लंबी पहुंच के बावजूद, अपने प्रतिद्वंद्वी को दूरी पर रखने में कामयाब रही। पूजा ने अपने प्रतिद्वंद्वी को कमजोर करने के लिए शक्तिशाली किक का उपयोग करते हुए, अनस्तासिया के बाएं घुटने को निशाना बनाना जारी रखा। संयोजन हमलों के साथ, पूजा ने रूसी खिलाड़ी पर जोरदार प्रहार किए और महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए। गहन चार राउंड के बाद, पूजा को तकनीकी नॉकआउट के माध्यम से विजेता घोषित किया गया, क्योंकि अनस्तासिया ने पूजा के भारी प्रहारों से बचने के लिए अपनी बांह तोड़ दी। मुकाबला जीतने के बाद पूजा ने अपने परिवार को लगातार समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, कुछ भी कहने से पहले, मैं अपने दिवंगत पिता को धन्यवाद देना चाहती हूं। मुझे यकीन है कि वह मुझे देखकर गर्व महसूस करेंगे। मेरे एमएमए करियर में इस मुकाम तक पहुंचने का कारण मेरे परिवार का निरंतर समर्थन रहा है।

चीन ने जापान को हराकर महिला बास्केटबॉल एशिया कप जीता

एजेंसी। सिडनी

चीन ने 12 साल के खिताब के सूखे को तोड़ते हुए रविवार को यहां क्लासिक फाइनल में 73-71 की जीत के साथ एफआईबीए महिला बास्केटबॉल एशिया कप पर जापान की पकड़ को खत्म कर दिया।

बेहद रोमांचक निर्णायक मुकाबले में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम चीन ने 2011 के बाद अपना पहला एशिया कप जीतकर जोरदार प्रदर्शन किया। हान जू ने 26 अंक और 10 रिबाउंड के साथ एक प्रमुख टूर्नामेंट का समापन किया, जबकि डब्ल्यूएनबीए खिलाड़ी ली मेंग ने 17 अंक और 6 सहायता के साथ क्लच शॉट मारा। शिन्हुआ की एक रिपोर्ट के अनुसार, जापान के लिए माकी तकादा ने 17 अंकों के साथ शीर्ष स्कोर बनाया, जिसकी रिकॉर्ड-विस्तारित छठे सीधे खिताब के लिए दावेदारी कम रह गई।

निकहत व शिव करेंगे एशियाई खेलों में भारतीय मुक्केबाजी टीम का नेतृत्व

एजेंसी। नई दिल्ली

दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन, रिकॉर्ड छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन 23 सितंबर से आठ अक्टूबर 2023 तक चीन के हांग्झोउ में होने वाले 19वें एशियाई खेलों में भारतीय मुक्केबाजी टीम का नेतृत्व करेंगे। विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक और छह एशियाई चैंपियनशिप पदक जीतने वाले थापा 63.5 किलोग्राम वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी झोली में पहला एशियाई खेल पदक जोड़ना चाहेंगे।

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोगोहेंन 75 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। हाल ही में दूसरी बार विश्व चैंपियन बनने वाली निकहत अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना दबदबा जारी रखना चाहेंगी। तेलंगाना में जन्मी मुक्केबाज ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता और वह 50 किग्रा वर्ग में मुक्केबाजी करेंगी।

भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, इस दुर्जेय टीम ने इस प्रतिष्ठित आयोजन की तैयारी के लिये अथक परिश्रम किया है और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे हमारे देश को गौरवान्वित करेंगे। भारत मुक्केबाजी परिदृश्य में परचम लहरा रहा है और उसने बड़े स्तर पर अपनी जगह बना ली है। हाल की विश्व चैंपियनशिप में हमारे मुक्केबाजों द्वारा असाधारण प्रदर्शन देखने के बाद हमें विश्वास है कि हम हांग्झोउ में भी ऐसा ही कुछ देखेंगे। दीपक भोरिया 51 किग्रा फ्लाईवेट वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने हाल ही में ताशकंद में पुरुष विश्व चैंपियनशिप में 2021 विश्व चैंपियन साकेन बिबोसिनोव को हराकर ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था।

विश्व चैंपियनशिप के एक और कांस्य पदक विजेता निशांत देव 71 किग्रा वर्ग में देश का भार अपने कंधों पर उठाएंगे। भारतीय टीम में क्रमशः हेवीवेट और सुपरहेवीवेट श्रेणियों में 2021 एशियाई चैंपियन संजीत कुमार (92 किग्रा) और 2022 एशियाई चैंपियनशिप मेडलिस्ट नरेंद्र बेरवाल (+92 किग्रा) भी शामिल होंगे। साल 2021 के विश्व युवा चैंपियन सचिन (57 किग्रा) और तीन बार के राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारतीय जर्सी पहनने वाले अन्य मुक्केबाज होंगे। पिछले साल एशियाई चैंपियन बनने के अलावा विश्व चैंपियनशिप में कांस्य जीतने वाली परवीन हुड्डा 57 किग्रा वर्ग में देश की कमान संभालेंगी।

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लंबोरिया 60 किग्रा वर्ग में भाग लेंगी, जबकि 2021 विश्व युवा चैंपियन अरुंधति चौधरी 66 किग्रा वर्ग में रिंग में उतरेंगी। टीम में कुशल युवा मुक्केबाज प्रीति भी होंगी, जिनके नाम 2022 एशियाई चैंपियनशिप का कांस्य पदक है।

मुक्केबाज अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे क्योंकि यह प्रतियोगिता 2024 पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफायर के रूप में काम करेगी। एशियाई खेलों के लिये पुरुष मुक्केबाज : दीपक (51 किग्रा), सचिन (57 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र (+92 किग्रा)। एशियाई खेलों के लिये महिला मुक्केबाज : निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), परवीन (57 किग्रा), जैस्मीन (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी (66 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा)।

अश्विन करें एशियाई खेलों में भारत का नेतृत्व : कार्तिक

एजेंसी। नई दिल्ली

अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को लगता है कि अगर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन वनडे सेटअप का हिस्सा नहीं है और बीसीसीआई 'बी' टीम भेजने का फैसला करता है तो हांगझाऊ, चीन में होने वाले एशियाई खेल 2023 के लिए अश्विन को भारत का कप्तान बनाया जाना चाहिए। कार्तिक की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कई रिपोर्टों में सुझाव दिया गया था कि बीसीसीआई 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमों को भेजेगा। हालांकि, यह मेगा एशियाई आयोजन वनडे विश्व कप के साथ टकराने के लिए तैयार है क्योंकि भारत की पुरुष टीम भी 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। इसलिए, बोर्ड के दूसरी पंक्ति की टीम चीन भेजने की संभावना है। यह भी बताया गया है कि अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन, जो वर्तमान में मुख्य टीम सेटअप का हिस्सा नहीं हैं, के इस चतुष्कोणीय टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करने की संभावना है। लेकिन, 38 साल के कार्तिक ने चयनकर्ताओं से अश्विन को कप्तान बनाने का आग्रह किया है। अश्विन यकीनन अपनी गेंदबाजी की गुणवत्ता और अपने द्वारा लिए गए विकेटों की संख्या के मामले में अब तक खेले गए सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं। मुझे वास्तव में लगता है कि अगर भारत एक बी टीम भेज रहा है, और मुख्य टीम विश्व कप की तैयारी कर रही है अगर वह वनडे सेटअप का हिस्सा नहीं हैं तो उन्हें कप्तान बनाना चाहिए।'कार्तिक ने एक कार्यक्रम में कहा, "मुझे सचमुच लगता है कि वह इसका हकदार है और उसने टीम का कप्तान बनने का अधिकार हासिल कर लिया है।

एंडरसन प्रभावहीन रहे, तीसरे टेस्ट के लिए उन्हें नहीं चुनेंगे : माइकल वॉन

एजेंसी। लंदन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि मौजूदा एशेज सीरीज में तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन किसी भी तरह की लय में नहीं दिख रहे हैं और उनकी गेंदबाजी में जरूरी जोश की कमी है। उन्होंने कहा कि वह तीसरे टेस्ट के लिए अनुभवी तेज गेंदबाज को बाहर रखेंगे। तीसरा टेस्ट लीड्स के हेडिंग्ले में 6 जुलाई से शुरू हो रहा है। अनुभवी इंग्लिश पेसर ने एजबेस्टन में शुरूआती टेस्ट में केवल एक विकेट लिया। लॉर्ड्स में चल रहे टेस्ट में, उन्होंने प्रत्येक पारी में एक -एक विकेट लिया। 40 वर्षीय, जो अपनी असाधारण क्षेत्ररक्षण के लिए जाने जाते हैं, ने आश्चर्यजनक रूप से दो कैच छोड़े। वान ने कहा, इसके बाद तीन टेस्ट होने हैं और वह निश्चित रूप से हर किसी के साथ नहीं खेल सकता। मैं उसे अगले सप्ताह बाहर रखूंगा। उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा, वह एक अविश्वसनीय प्रदर्शनकर्ता है लेकिन आप उसे मैदान में कैच छोड़ते हुए देखते हैं। मैंने जिमी एंडरसन से ऐसा नहीं देखा, वह मैदान में इतना तेज है।" वॉन ने क्रिकबज को बताया, उनकी गेंदबाजी में उस जिप की कमी है और अगर इंग्लैंड शॉर्ट बॉल सिद्धांत की ओर रुख करने जा रहा है, तो निश्चित रूप से उन्हें थोड़ी अतिरिक्त गति के लिए मार्क वुड के पास जाना होगा। 48 वर्षीय खिलाड़ी ने आगे कहा कि यह महान खिलाड़ी अभी भी इंग्लैंड के प्रयासों में योगदान दे सकता है, लेकिन लगातार दो टेस्ट मैचों में गेंदबाजी करने के बाद उन्हें फिलहाल राहत की जरूरत है।

वॉन ने कहा, यह नहीं कह रहा हूं कि जिमी का काम पूरा हो गया है। अगले सप्ताह मिस करें, संभावित रूप से चौथे टेस्ट में अपने घरेलू मैदान ओल्ड ट्रैफर्ड में खेलें। बस उसे एक सप्ताह की छुट्टी दें। वह 41 साल का है; दो टेस्ट में गेंदबाजी करने के बाद शायद उसे थोड़ी राहत की जरूरत है।" अपना 181वां टेस्ट मैच खेलकर एंडरसन ने खुद को टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में स्थापित कर लिया है। 26.21 की औसत से 688 विकेट के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ, उन्होंने एक गेंदबाज के रूप में अपने असाधारण कौशल को साबित किया है।

त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स शीर्ष पर पहुंची

दुबई। टूर्नामेंट के पसंदीदा गैंगेज ग्रैंडमास्टर्स पर शानदार जीत सहित चार मैचों की जीत के साथ, त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स नीचे से शीर्ष पर पहुंच गई है, और ग्लोबल शतरंज लीग के उद्घाटन संस्करण के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है। इससे पहले शनिवार को एक अन्य मैच में एसजी अल्पाइन वॉरियर्स को चिंगारी गल्फ टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था, जिससे इस बात पर बड़ा सवालिया निशान लग गया था कि फाइनल में कौन सी टीम दूसरा स्थान हासिल करेगी। त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स ने शनिवार को लीग मैच में गैंगेज ग्रैंडमास्टर्स को 11:6 से हराकर अपना आगे बढ़ना जारी रखा।

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया

एजेंसी। बर्मिंघम

सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी की 47 गेंदों में नाबाद 61 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने एजबेस्टन में महिला एशेज के पहले टी20 मैच में इंग्लैंड को एक गेंद शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया की रोमांचक जीत का मतलब यह भी है कि अब उनके इंग्लैंड की तुलना में छह अंक हो गए हैं, जो अभी तक चल रही बहु-प्रारूप एशेज श्रृंखला में अपनी छाप नहीं छोड़ पाई है और ट्रॉफी बरकरार रखने के लिए ऑस्ट्रेलिया को शेष दो टी20 और तीन एकदिवसीय मैचों में सिर्फ एक और जीत की जरूरत है। बेथ दूसरे छोर पर छोटे-मोटे पतन के बावजूद शांति से लक्ष्य का पीछा कर रही थी, ऑस्ट्रेलिया ने पीछा करने के अंत में 11 गेंदों के अंतराल में दस रन पर तीन विकेट खो दिए। एनाबेल सदरलैंड ने 19वें और 20वें ओवर में दो चौके लगाकर मूनी को ऑस्ट्रेलिया के करीब पहुंचाने में मदद की, जॉर्जिया वेयरहैम ने 154 के लक्ष्य का पीछा करने के लिए सोफी एक्लेस्टोन के खिलाफ पहली गेंद पर सिंगल लेकर काम पूरा किया।

मैच की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया गेंद से प्रभावी था, जेस जोनासेन (3-25) और मेगन शट (2-33) ने इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी लाइन-अप को रोक दिया। मेजबान टीम का प्रतिस्पर्धी स्कोर सुनिश्चित करने के लिए सोफिया डंकले के 56 (49) और एमी जोन्स के 21 गेंदों में नाबाद 40 रनों के साथ-साथ हीथर नाइट के 29 (22) रनों ने इंग्लैंड को लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया।

सोफिया और हीथर के बीच चौथे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी के बाद, डैनी व्याट, ऐलिस कैप्सी और नेट साइवर-ब्रंट की मदद से एमी ने अपनी पारी के अंतिम दो ओवरों में इंग्लैंड के 31 रनों में से 29 रन बनाए, जिससे मेजबान टीम का स्कोर 150 के पार पहुंच गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान एलिसा हीली (5) का विकेट जल्दी खो दिया, हालांकि मूनी और ताहलिया मैक्ग्रा (29 गेंदों पर 40) ने उन्हें आगे बढ़ाया। हालांकि ताहलिया एक्लेस्टोन (2-24) की बाएं हाथ की स्पिन का शिकार हो गयी, लेकिन एश्ले गार्डनर (23 गेंदों में 31 रन) ने सुनिश्चित किया कि गति में कोई कमी न आए।

टूर्नामेंट — **विश्व कप से बाहर होने के बाद बोले जेसन होल्डर**

'हमें एक क्षेत्र के रूप में साथ आना होगा'

एजेंसी। हरारे

वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी जेसन होल्डर ने साथी क्रिकेटरों से 'क्षेत्रीय' मानसिकता को छोड़ने और खेल की भलाई के लिए 'एक क्षेत्र के रूप में' साथ आने की अपील की। टीम के भारत में एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के एक दिन बाद उन्होंने यह बयान दिया है। दो बार के पूर्व खिताब विजेता 1975 में प्रतियोगिता की शुरूआत के बाद पहली बार 50 ओवर के विश्व कप में भाग नहीं लेंगे। कैरेबियाई टीम शनिवार को यहां विश्व कप क्वालीफायर के सुपर सिक्स मैच में स्कॉटलैंड से 7 विकेट से हार के बाद बाहर हो गई। वेस्टइंडीज ने 181 रन बनाए और स्कॉटलैंड ने छह ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के बाद प्रैस कॉन्फ्रेंस में होल्डर ने कहा, 'यह (क्रिकेट) कोई व्यक्तिगत चीज या क्षेत्रीय चीज नहीं है। हमें एक क्षेत्र के रूप में एक साथ आना होगा... और वास्तव में सोचें कि हम एक समूह के रूप में कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं और इसे साकार करना चाहते हैं।'

31 वर्षीय लंबे क्रिकेटर ने कहा कि उनकी टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबले के महत्व को जानती थी और उनके पास वास्तव में अच्छा मौका था, लेकिन अंत में वह लक्ष्य पार नहीं कर सके। उन्होंने कहा, 'हम जानते थे कि क्या दांव पर लगा है और हमारे पास अभी भी क्वालीफाई करने का मौका था। हमारे पास स्कॉटलैंड से खेलने और उन्हें हराने का वास्तव में अच्छा मौका था (लेकिन) हमने ऐसा नहीं किया।' होल्डर ने कहा, 'यह शायद टीम के साथ मेरे सबसे कम अंकों में से एक है। लेकिन आप जानते हैं कि अभी भी बहुत सारी सकारात्मकताएं हैं। मैं निकोलस पूरन के लिए वास्तव में खुश था, जिस तरह से उन्होंने इस पूरी प्रतियोगिता में खेला। और यह देखकर अच्छा लगा कि कुछ युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर मौका मिला।' वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा, 'यह कोई त्वरित समाधान नहीं है, यह कुछ ऐसा है जिस पर हमें समय बिताने की जरूरत है। जैसा कि मैंने कहा, विकास (जमीनी स्तर पर) सबसे महत्वपूर्ण चीज है, जहां हम बस चीजों को सही जगह पर रख सकते हैं और अपनी प्रतिभा विकसित कर सकते हैं। उम्मीद है कि अगले में कुछ वर्षों में हम उस फसल के फल देख सकते हैं।'

वेस्टइंडीज क्रिकेट विश्व कप की दौड़ से बाहर

दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज इस साल भारत में होने वाले विश?व कप की दौड़ से बाहर हो गया है। क्वालीफायर टूर्नामेंट के सुपर सिक्स चरण में शनिवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान में स्कॉटलैंड ने उसे सात विकेट से हराकर 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। वेस्टइंडीज 1975 और 1979 में विश्व कप के पहले दो संस्करणों का चैंपियन था और 1983 में फाइनल में भारत से हारकर उपविजेता रहा था। वनडे विश्व कप का 13 वां संस्करण 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक भारत में आयोजित किया जाएगा। यह पहली बार होगा जब वनडे विश्व कप में वेस्टइंडीज की टीम नहीं होगी। वेस्टइंडीज क्रिकेट की दयनीय स्थिति का क्रम लंबे समय से जारी है। वह होबार्ट में ग्रुप चरण में तीन में से केवल एक गेम जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया में 2022 पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में भी जगह नहीं बना सका था। वनडे विश्व कप क्वालिफायर में वेस्टइंडीज सुपर सिक्स चरण में शीर्ष दो में रहने और वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की बहुत कम संभावना के साथ आया था। ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे और नीदरलैंड से हारने के बाद सुपर सिक्स में प्रवेश करते समय उसके खाते में कोई अंक नहीं था और क्वालीफिकेशन के लिए उसे अपने सभी तीन मैच जीतने थे। स्कॉटलैंड के खिलाफ करो या मरो के मैच में खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन के कारण वेस्टइंडीज सिर्फ 181 रन पर आउट हो गया। स्कॉटलैंड ने 182 का लक्ष्य 39 गेंद शेष रहते बिना किसी परेशानी के हासलि कर लिया। मैथ्यू क्रॉस और ब्रैंडन मैकमुलेन ने स्कॉटलैंड के लिए 125 रन की मैच विजयी साझेदारी करते हुए अर्द्धशतक जमाए और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की अपनी टीम की संभावनाओं को बनाए रखा।

NEWS इन ब्रीफ

एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को हाथ लगा रेलवे का एक बड़ा ऑर्डर

नई दिल्ली। एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को एक और बड़ा ऑर्डर हाथ लगा है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसे अमृत भारत स्टेशन के संबंध में यात्री सुविधाएं (दूरसंचार) प्रदान करने और दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए सूचना प्रणाली के विस्तार और उपयोगिता स्थानांतरण के लिए उत्तर रेलवे जोन के दिल्ली डिवीजन से ऑर्डर मिला है। पिछले तीन सालों में इस स्टॉक ने 160 प्रतिशत से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इस साल वाईटीडी में यह शेयर 80.99% और पिछले एक साल में 59.39% चढ़ा है।

विदेशी निवेशकों ने जून में जमकर लगाया दांव

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जून में भारतीय इक्विटी में 47,148 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह राशि पिछले 10 महीने में सबसे अधिक है। वित्तीय परामर्श कंपनी क्रेविंग अल्फा के प्रिंसिपल पार्टनर मयंक मेहरा ने हालांकि कहा कि जुलाई में निवेश कम हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की हालिया टिप्पणियों से एफपीआई सतर्क रुख अपना सकते हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई आगे चलकर थोड़ा सतर्क हो सकते हैं, क्योंकि देश में मूल्यांकन अल्पकालिक नजरिए से थोड़ा अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक जून में एफपीआई ने भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 47,148 करोड़ रुपये का निवेश किया।

जीएसटी से आम आदमी को मिली राहत : सीतारमण

एजेंसी। नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जीएसटी के लाभों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वस्तु एवं सेवा टैक्स ने आम लोगों को राहत दी है। 2017 में शुरू की गई टैक्स सुधार ने वस्तुओं की कीमत को कम किया है, सामानों पर कीमतें कम हुई हैं और लोगों को राहत मिली है। जीएसटी की छठी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक समारोह में निर्मला सीतारमण ने कहा कि कई सामान्य उपयोग की वस्तुओं पर, जीएसटी के तहत टैक्स की दर जीएसटी के पहले की तुलना में बहुत कम है। वित्त मंत्री ने कहा कि दूध, चाय, दूध पाउडर, चीनी, खाद्य वनस्पति तेल, मसाले और जूते जैसी वस्तुएं जिनकी कीमत 500 रुपए तक है, चाहे वह किसी भी प्रासंगिक इकाई की हो, जीएसटी के तहत पहले के टैक्स 6 से 10 फीसदी की तुलना में 5 फीसदी टैक्स लगता है। सीतारमण ने कहा कि हेयर ऑयल, टूथपेस्ट, साबुन, परफ्यूम और डिटर्जेंट जैसी वस्तुओं पर जीएसटी 28 फीसदी था, जिसे कम करके 18 फीसदी कर दिया गया है। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि मिक्सचर, ग्राइंडर, रेफ्रिजरेटर, वैक्यूम क्लीनर और टेलीविजन (27 इंच) और वॉशिंग मशीन जैसे सामान्य उपयोग वाले बिजली के सामानों पर जीएसटी से पहले औसत कर 31.5 फीसदी था और अब यह घटकर 12 फीसदी हो गया है। निर्मला सीतारमण ने बताया कि ये अब लग्जरी वस्तु नहीं हैं, बल्कि घर के कामकाज के लिए उपयोग किए जाते हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि जीएसटी लागू होने के बाद राज्य सरकारों के राजस्व में भी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि करीब सभी राज्यों का राजस्व में इजाफा हुआ है। केंद्र सरकार ने भी जीएसटी से ज्यादा अमाउंट जुटाए हैं। मंत्री ने बताया कि मुआवजे के ट्रांसफर करने के बाद भी राज्यों के राजस्व में बढ़ोतरी आई है। जून, 2023 में हुए 1,61,497 करोड़ के जीएसटी कलेक्शन में से सीजीएसटी 31,013 करोड़, एसजीएसटी 38,292 करोड़, आईजीएसटी 80,292 करोड़ और सीईएसएस 11,900 करोड़ रुपए रहा है। जून में हुआ जीएसटी कलेक्शन एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 12 फीसदी अधिक है। यह चौथी बार है जब जीएसटी कलेक्शन 1.60 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। जीएसटी की दरों और स्लैब को तर्कसंगत बनाने, पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन पर जीएसटी लगाने जैसे मुद्दों पर भी अब तक कोई फैसला नहीं हो पाया है। टैक्स एक्सपर्ट्स का कहना है कि जीएसटी को अधिक समावेशी बनाने के लिए जीएसटी परिषद इन सुधारों को लागू करे। हालांकि, अगले साल आम चुनावों को देखते हुए इन सुधारों को लागू किए जाने की संभावना कम ही दिख रही है।

25 हजार करोड़ के 9000 फर्जी जीएसटी नंबरों का पदार्फाश

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के चेयरमैन विवेक जौहरी ने बताया कॉरपोरेट इनकम टैक्स देने वाले केवल 40 फीसदी लोग जीएसटी के तहत पंजीकृत हैं। जीएसटी के छह साल पूरे होने के बाद भी केवल 1.39 लाख कारोबारी इसमें पंजीकृत हैं। जीएसटी दिवस पर एक कार्यक्रम में जौहरी ने कारोबारियों से अपील की कि वे जीएसटी में पंजीकरण अवश्य कराएं। इससे उनको ही लाभ होगा। केंद्र और राज्य के अधिकारी दो महीने का विशेष कार्यक्रम चला रहे हैं, जिसमें फर्जी कारोबारियों पर नजर है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, जीएसटी के कारण कर के मोर्चे पर अधिक उछाल आया है। इसलिए, केंद्र और राज्य दोनों को लाभ हुआ है। आज, जीएसटी के बाद किसी भी राज्य को राजस्व का नुकसान नहीं हुआ है।

मानसून के आते ही जून में डीजल बिक्री घटी

नई दिल्ली। मानसून के आते ही कृषि क्षेत्र में मांग घटने और वाहनों की आवाजाही कम होने से जून में डीजल की बिक्री घटी है। जून में डीजल की खपत सालाना आधार पर 3.7 प्रतिशत घटकर 71 लाख टन रही। गौरतलब है कि देश में डीजल सर्वाधिक खपत वाला ईंधन है और कुल मांग में इसकी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इससे पहले अप्रैल और मई में डीजल की खपत क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 9.3 प्रतिशत बढ़ गई थी, क्योंकि इस दौरान कृषि मांग बढ़ गई थी और गर्मी से बचने के लिए कारों में एयर कंडीशनिंग का सहारा लिया। मासिक आधार पर डीजल की खपत लगभग स्थिर रही। मई में डीजल की बिक्री 70.9 लाख टन थी। जून में पेट्रोल की बिक्री सालाना आधार पर 3.4 प्रतिशत बढ़कर 29 लाख टन हो गई। आंकड़ों के मुताबिक मासिक आधार पर इसकी बिक्री स्थिर रही। जून में विमान ईंधन (एटीएफ) की मांग सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 587,300 टन हो गई।

जून में एफपीआई का निवेश 10 महीने के 47,148 करोड़ रुपए पर पहुंचा

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जून में भारतीय इक्विटी में 47,148 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह राशि पिछले 10 महीने में सबसे अधिक है। वित्तीय परामर्श कंपनी क्रेविंग अल्फा के प्रिंसिपल पार्टनर मयंक मेहरा ने हालांकि कहा कि जुलाई में निवेश कम हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की हालिया टिप्पणियों से एफपीआई सतर्क रुख अपना सकते हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई आगे चलकर थोड़ा सतर्क हो सकते हैं, क्योंकि देश में मूल्यांकन अल्पकालिक नजरिए से थोड़ा अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक जून में एफपीआई ने भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 47,148 करोड़ रुपए का निवेश किया। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि इक्विटी में एफपीआई निवेश मई में 43,838 करोड़ रुपए, अप्रैल में 11,631 करोड़ रुपए और मार्च में 7,936 करोड़ रुपए था। इससे पहले एफपीआई ने जनवरी और फरवरी में इक्विटी से शुद्ध रूप से 34,000 करोड़ रुपए निकाले थे।

हर चार साल में एक नया एचडीएफसी बैंक बनाने का हमारा लक्ष्य : प्रबंध निदेशक

मुंबई। एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी शशिधर जगदीशन ने कहा कि उनका लक्ष्य हर चार साल में एक नया एचडीएफसी बैंक बनाने का है। मूल कंपनी एचडीएफसी के साथ एचडीएफसी बैंक का विलय हाल में सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। जगदीशन ने शनिवार को एचडीएफसी बैंक में शामिल हुए एचडीएफसी के 4,000 से अधिक कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा कि भविष्य उज्ज्वल है, और विलय की संभावनाओं को साकार करने का काम अब शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा, "वित्तीय और बंधक सेवाओं का कारोबार बहुत तेजी से बढ़ने वाला है। एक संयुक्त इकाई के रूप में एचडीएफसी बैंक- एक बड़े और बढ़ते वितरण नेटवर्क और ग्राहक आधार, पर्याप्त से अधिक पूंजी, संपत्ति की स्वस्थ गुणवत्ता और लाभप्रदता और अच्छे मुनाफे के साथ वृद्धि के लिए सबसे अच्छी स्थिति में होगा। उन्होंने आगे कहा, "जिस गति से हमने बढ़ने का लक्ष्य रखा है, उसके अनुसार हम हर चार साल में एक नया एचडीएफसी बैंक बना सकते हैं।" एचडीएफसी बैंक ने विलय के पहले दिन से अपने ब्रांड को फिर से स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की।

कच्चा तेल फिर हुआ महंगा

नई दिल्ली। इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर भारतीय तेल कंपनियों द्वारा रोज सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल के लेटेस्ट रेट अपडेट किए जाते हैं। देश में एक साल से अधिक वक्त से तेल की कीमतें स्थिर हैं। लेकिन राज्य स्तर पर लगने वाले टैक्स के कारण विभिन्न शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अलग-अलग होती हैं। ऐसे में पेट्रोल और डीजल खरीदने से पहले एक बार लेटेस्ट कीमतें जान लेना बेहतर है। राष्ट्रीय स्तर पर आज (रविवार), 2 जुलाई को भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत में बढ़ोतरी देखने को मिली है। ब्रेंट क्रूड ऑयल 75.41 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। वहीं, डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल 70.64 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है।

पहली बार बिजली से दौड़ेंगी बसें

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली से जयपुर के बीच 225 किमी के रूट पर अगले छह साल में बिजली से चलने वाली बसें दौड़ने लगेंगी। केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय देश का पहला इलेक्ट्रिसिटी इनेबल्ड हाईवे (विद्युत चालित हाईवे) बनाने की दिशा में काम कर रहा है। इसके लिए मौजूदा सड़क पर ही आने-जाने वाले रास्तों पर एक डेडिकेटेड लेन बिजली से चलने वाली बसों के लिए तय हो जाएगी। इन बसों की रफ्तार 100 किमी तक होगी। ऐसी 55 सीटर बस का प्रोटोटाइप भी तैयार हो रहा है। दो बसें जोड़कर 95 सीटर पर भी काम चल रहा है। अफसरों का कहना है, इलेक्ट्रिक हाईवे के लिए अलग सड़क की जरूरत नहीं है, एक डेडिकेटेड लेन होगी। इन बसों में तारों से बिजली आपूर्ति होगी। इसके लिए डिवाइडर पर बिजली के पोल लगाए जा सकते हैं। इस प्रोजेक्ट को बीओटी (बिल्ट,ऑपरेट एंड ट्रांसफर) के तहत बनाने की योजना है। सूत्रों के अनुसार प्रोजेक्ट में टाटा और सिमन्स जैसी कंपनियों को शामिल किया जाएगा। ये इलेक्ट्रिक बसें अलग होती हैं। अन्य इलेक्ट्रिक बस बैटरी से चलती हैं और चार्ज करने की जरूरत पड़ती है, जबकि विद्युत ऊर्जा से चलने वाली बसों में लगातार बिजली की आपूर्ति होती रहती है, इसलिए इन्हें चार्जिंग की जरूरत ही नहीं है। जिस तरह अभी ट्रेन या मेट्रो में विद्युत आपूर्ति की जाती है, उसी तर्ज पर ये बसें भी चलेंगी। जर्मनी में प्रति किमी 22 करोड़ रु. के खर्च से इलेक्ट्रिसिटी हाईवे बन चुका है। इससे वहां ट्रकों का करीब 60% ट्रैफिक घटा है। स्वीडन भी इसका इस्तेमाल कर चुका है। मौजूदा समय में कई अन्य यूरोपीय देशों में इस तरह की बसें चलाई जाती हैं। आसान भाषा में समझें तो ऐसा हाईवे जिस पर इलेक्ट्रिक वाहन चलते हों। आपने ट्रेन के ऊपर एक इलेक्ट्रिक वायर देखा होगा। ट्रेन के इंजन से ये वायर एक आर्म के जरिए कनेक्ट होता है, जिससे पूरी ट्रेन को इलेक्ट्रिसिटी मिलती है। इसी तरह हाइवे पर भी इलेक्ट्रिक वायर लगाए जाएंगे।

विदेश

ईरान अगले सप्ताह चीन रूस के साथ शंघाई गठबंधन में होगा शामिल

बीजिंग। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शुक्रवार को कहा कि ईरान को चीन, रूस और मध्य एशियाई देशों के साथ क्षेत्रीय शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य के रूप में औपचारिक रूप से मंजूरी दी जाएगी। लावरोव ने मॉस्को में एससीओ केंद्र के उद्घाटन के मौके पर कहा, 4 जुलाई को राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में ईरान की पूर्ण सदस्यता को मंजूरी दी जाएगी। ईरान ने हाल के महीनों में अपने अलगाव को कम करने, अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार करने और परियोजना की ताकत बढ़ाने के लिए दोस्तों और दुश्मनों के साथ समान रूप से अपनी कूटनीति तेज कर दी है। एससीओ की सदस्यता पहले से ही कार्ड पर थी और ईरान को भी जल्द ही एक अन्य समूह में स्वीकार किए जाने की उम्मीद है। जिसमें पश्चिमी देशों को शामिल नहीं किया गया है - ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ ब्रिक्स समूह। एससीओ, जिसका मुख्यालय चीन में है, एक राजनयिक संगठन है जिसमें भारत और पाकिस्तान सहित आठ सदस्य हैं। क्रेमलिन सहयोगी बेलारूस भी शामिल होने के लिए आवेदन कर रहा है और लावरोव ने शुक्रवार को कहा कि अगले सप्ताह का आभासी शिखर सम्मेलन उस सदस्यता को आगे बढ़ाने के लिए प्रक्रिया शुरू करेगा।

पेरिस में मेयर के घर घुसाई कार, पत्नी और बच्चा घायल

पेरिस। फ्रांस में एक किशोर की पुलिसकर्मी द्वारा हत्या के बाद से फैली हिंसा में अब तक सैकड़ों लोग मारे जा चुके है। इस बीच प्रदर्शनकारी और हिंसक होते जा रहे हैं। पांचवें दिन भी हिंसा की आग थमने का नाम नहीं ले रही है। फ्रांस में प्रदर्शनकारी अपने आपे से बाहर हो रहे हैं। आज उनमें से कुछ ने पेरिस के मेयर के घर कार तक घुसा दी जिससे उनकी पत्नी और उनका एक बच्चा घायल हो गया। एल'हे-लेस-रोजेस शहर के मेयर विंसेंट जीनब्रून ने ट्वीट कर बताया कि जब उनका परिवार सो रहा था, तब प्रदर्शनकारियों ने आग लगाने की कोशिश की और उनके घर में एक कार घुसा दी। मेयर ने ट्वीट कर कहा,पिछली रात डरावनी और अपमानजनक स्थिति को दिखाने वाली थी, मैं इसे कभी नहीं भूल सकता। दंगाइयों द्वारा मेरे घर में कार घुसाने से मेरी पत्नी और मेरा एक बच्चा घायल हो गए हैं। यह हत्या का प्रयास कायरता को दिखाता है।

यूएस से 3 अरब डॉलर के फाइटर जेट्स खरीदेगा इजराइल

संसद ने डील को दी मंजूरी

एजेंसी। तेल अवीव

इजराइल की संसद ने एक अहम डिफेंस डील पर मुहर लगा दी है। अब इजराइली एयर फोर्स अमेरिका से F-35 स्टील्थ फाइटर जेट्स खरीद रहा है। इनकी कीमत 3 अरब डॉलर बताई गई है। यह फाइटर जेट्स लॉकहीड मार्टिन कंपनी बनाती है। एयर डिफेंस के मामले में इजराइल पहले ही बेहद मजबूत है। अब 25 एफ-35 मिलने के बाद उसकी ताकत में जबरदस्त इजाफा होगा। डिफेंस मिनिस्टर योव गैलेंट ने इस डील के बारे में ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया। एयर डिफेंस के मामले में इजराइल पहले ही बेहद मजबूत है। अब 25 एफ -35 मिलने के बाद उसकी ताकत में जबरदस्त इजाफा होगा। एयर डिफेंस के मामले में इजराइल पहले ही बेहद मजबूत है। अब 25 एफ35 मिलने के बाद उसकी ताकत में जबरदस्त इजाफा होगा। अमेरिका और इजराइल की इस डील को लेकर लंबे वक्त से बातचीत चल रही थी। इसी दौरान गाजा पट्टी में इजराइल ने जब यहूदियों की नई बस्तियां बनाने की कोशिश की तो इस पर कुछ देर के लिए रोक लग गई, क्योंकि अमेरिकी सरकार लगातार कह रही थी कि इजराइल के इस कदम से उसके और गल्फ कंट्रीज के बीच दूरियां और बढ़ जाएंगी। बहरहाल, इजराइल कोशिश करता रहा और आखिरकार यह डील अनाउंस हो गई। इजराइल और अमेरिका के बीच हाल ही में 10 साल के लिए डिफेंस एग्रीमेंट रिन्यू किया गया है। इसके तहत इजराइल 38 अरब डॉलर के हथियार और एयरक्राफ्ट अमेरिका से खरीदेगा। फरवरी में बेंगलुरू में एयरो इंडिया शो हुआ था। इसमें दुनियाभर के विदेशी विमान शामिल हुए। लेकिन, इनमें सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं थीं अमेरिका में बने ऋ35 फाइटर जेट ने। दरअसल, पहली बार अमेरिकी ऋ35 फाइटर भारत आए थे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत को रिझाने के लिए अमेरिका की ये एक कोशिश थी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक- 27 साल के इतिहास में भारत के एयरो इंडिया शो के लिए अमेरिका ने अपने सबसे ज्यादा डेलीगेट्स भेजे थे। जिससे पता चलता है कि अमेरिका के लिए भारत कितना अहम होता जा रहा है। रूसी एक्सपोर्टर रोसोबोरोना एक्सपोर्ट एयरो शो में सेंटर स्टेज पर रहता था। इस बार ये कम था।

विरोध **प्रदर्शनकारियों-पुलिस में रातभर भिड़ंत, अब तक 2400 गिरफ्तार**

गोलीबारी में मारे गए किशोर का शव दफनाया

एजेंसी। पेरिस

फ्रांस में पुलिस की गोलीबारी में मारे गए किशोर को दफना दिया गया। घटना के बाद भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद चौथी रात को व्यापक विरोध-प्रदर्शन हुए और इस दौरान देशभर में 2400 लोगों को गिरफ्तार किया गया। हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने जर्मनी का दौरा रद्द कर दिया है। फ्रांस के गृह मंत्रालय ने बताया कि हिंसा रोकने के लिए देशभर में 45,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मंगलवार रात को प्रदर्शन की शुरूआत के बाद से पुलिस ने कुल 2,400 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से आधी से ज्यादा गिरफ्तारियां हिंसा की चौथी रात को हुईं। राष्ट्रपति मैक्रों ने शांति की अपील करते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों को घरों पर ही रखने की अपील की। बावजूद इसके, विभिन्न शहरों में प्रदर्शनकारियों ने कई वाहनों और इमारतों में आग लगा दी तथा दुकानों में लूटपाट की। अधिकारियों के मुताबिक, युवा प्रदर्शनकारियों की पुलिस से रातभर भिड़ंत हुई। उन्होंने बताया कि विभिन्न जगहों पर प्रदर्शनकारियों ने करीब 2,500 दुकानों में तोड़फोड़ और आगजनी की। फ्रांस में हिंसा का असर मैक्रों की जर्मनी यात्रा पर पड़ा है। जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रैंक-वाल्टर स्टीनमीयर के कार्यालय ने बताया कि मैक्रों ने शनिवार को फोन करके जर्मनी की अपनी पहली राजकीय यात्रा को स्थगित करने का अनुरोध किया। मैक्रों रविवार शाम को जर्मनी रवाना होने वाले थे। पिछले 23 वर्षों में फ्रांस के किसी राष्ट्रपति की यह जर्मनी की पहली राजकीय यात्रा होती। मैक्रों के कार्यालय ने बताया कि राष्ट्रपति ने स्टीनमीयर से बात की और ह्यह्वदेश में सुरक्षा स्थिति को देखते हुए कहा कि वह आने वाले दिनों में फ्रांस में रहना चाहते हैं। इस बीच, नैनटेरे के उपनगर में पुलिस की गोलीबारी में मारे गए किशोर नाहेल को अंतिम विदाई दी गई। कब्रिस्तान में ताबूत लाए जाने के दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़कों के किनारे खड़े थे। पेरिस से मार्सिले और ल्योन तक हिंसा की आग फैल गई है, जिसमें सैकड़ों पुलिसकर्मी और दमकलकर्मी घायल हुए हैं।

दक्षिण कोरियाई ने चीन के कारखाने के लिए सैमसंग डेटा चुराने से किया इनकार

कोरिया। औद्योगिक जासूसी के आरोप में जेल में बंद एक दक्षिण कोरियाई चिप कार्यकारी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया कि उसने सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा विकसित संवेदनशील जानकारी के साथ चीन में एक कॉपीकैट चिप फैक्ट्री बनाने की मांग की थी। 25 मई को हिरासत में लिए जाने के बाद एक पत्र में चोई जिन्सेओग ने अपनी रक्षा योजना के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि जियान संयंत्र के संबंध में उनके खिलाफ लगाए गए आरोप सभी अप्रमाणित थे। अभियोजकों ने इस महीने की शुरूआत में सैमसंग के पूर्व कार्यकारी पर चीन के जियान में सैमसंग कारखाने से केवल 1.5 किमी (1 मील) दूर सेमीकंडक्टर प्लांट बनाने के लिए अवैध रूप से गुप्त जानकारी प्राप्त करने का आरोप लगाया था। चोई सियोल के दक्षिण में एक शहर सुवोन के एक हिरासत केंद्र में कैद में है, जहां सैमसंग का मुख्यालय है। उन्होंने पहले अपने वकील के माध्यम से सभी आरोपों से इनकार किया था। पत्र में चोई ने कहा कि कारखाने की योजना ताइवान के फॉक्सकॉन में डीआरएएम मेमोरी चिप्स के शुरूआती परीक्षण उत्पादन के लिए बनाई गई थी।

पेज एक के शेष

झारखंड सहित 5 राज्यों में ...

जिससे अधिक संख्या में नामांकित छात्रों को इस कार्यक्रम के दायरे में लाया जा सके। वहीं, मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने को लेकर पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश सरकार के आंकड़ों पर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सवाल भी उठाया है । मंत्रालय ने इन राज्यों से आंकड़ों की प्रमाणिकता की जांच करने और विसंगतियां दूर करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाने को कहा है। कर्नाटक में दाखिले की तुलना में मध्याह्न भोजन प्राप्त करने वाले छात्रों का औसत प्रतिशत प्राथमिक कक्षा के स्तर पर 95 प्रतिशत और उच्च प्राथमिक स्तर पर भी 95 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस पर, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने कहा कि कर्नाटक के सभी जिलों में 95 प्रतिशत का कवरेज असंगत एवं त्रुटिपूर्ण लग रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से इन विसंगतियों पर ध्यान देने और उपयुक्त उपचारात्मक कदम उठाने का सुझाव दिया है। दस्तावेज के अनुसार, मध्यप्रदेश में दाखिले की तुलना में मध्याह्न भोजन प्राप्त करने वाले छात्रों का औसत प्रतिशत प्राथमिक कक्षा के स्तर पर 68.78 प्रतिशत और उच्च प्राथमिक कक्षा के स्तर पर 68.86 प्रतिशत दर्ज किया गया। राज्य में नामांकन की तुलना में औसतन कुल 68.81 प्रतिशत छात्रों ने मध्याह्न भोजन प्राप्त किया। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने कहा कि राज्य में अनेक जिलों में एक समान कवरेज 65 प्रतिशत सामने आना कृत्रिम और असंगत लग रहा है। उन्होंने राज्य सरकार को इन विसंगतियों पर ध्यान देने और उपयुक्त उपचारात्मक कदम उठाने का सुझाव दिया है। इसी प्रकार, केरल में पीएबी ने पाया कि राज्य सरकार ने दाखिला लेने वाले पंजीकृत छात्रों में से प्राथमिक कक्षा के स्तर पर 99 प्रतिशत के मध्याह्न भोजन मिलने और उच्च प्राथमिक स्तर पर 95 प्रतिशत छात्रों के कवरेज की बात कही है जो काफी अधिक है। पीएबी ने सुझाव दिया है कि राज्य सरकार आंकड़ों की प्रमाणिकता की जांच के लिए विशेष कदम उठाए और इस बारे में की गई कार्रवाई को लेकर रिपोर्ट पेश करे। वहीं, बैठक में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा पेश आंकड़े में बताया गया कि दाखिले की तुलना में मध्याह्न भोजन प्राप्त करने वाले छात्रों का औसत प्रतिशत प्राथमिक कक्षा के स्तर पर 97 प्रतिशत और उच्च प्राथमिक स्तर पर 96 प्रतिशत रहा। इस प्रकार से कुल कवरेज 96 प्रतिशत रहा। पीएबी ने पाया कि मध्याह्न भोजन प्राप्त करने वाले छात्रों के आंकड़े को बढ़ाचढ़ा कर पेश किया गया प्रतीत होता है। राज्य ने शिक्षा मंत्रालय को पेश की गई योजना में 1.16 करोड़ छात्रों की संख्या पेश की जबकि जिलों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर) में वर्ष 2022-23 की पहली तीन तिमाही में कवरेज केवल 1.01 करोड़ ही था। इसमें कहा गया है कि इस प्रकार से जिलों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर) की तुलना में योजना में दर्शाये गए आंकड़ों में 14.80 लाख बच्चे अधिक थे, यह बहुत गंभीर मुद्दा है। पीएबी ने 13वीं संयुक्त समीक्षा मिशन (जेआरएम) की कुछ बातों पर चिंता व्यक्त की थी। मिशन ने 30 जनवरी से सात फरवरी 2023 के दौरान पश्चिम बंगाल के आठ जिलों का दौरा किया था। राज्य की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट (एडब्ल्यूपी एंड बी) में दावा किया गया कि वर्ष 2022-23 के दौरान 1.21 करोड़ पंजीकृत छात्रों में से 1.16 करोड़ छात्रों को इसके दायरे में लाया गया जो कुल संख्या का 96 प्रतिशत बनता है और वर्ष 2023-24 के लिए इतनी ही संख्या में छात्रों का प्रस्ताव किया गया। दस्तावेज के अनुसार, पीएबी ने पाया कि ये दावे सही नहीं है क्योंकि जिला स्तरीय तिमाही प्रगति रिपोर्ट से यह प्रदर्शित होता है कि 1.01 करोड़ छात्र इसके दायरे में आए जो कुल पंजीकृत छात्रों का 84 प्रतिशत है और यह राज्य के दावे में 12 प्रतिशत की कमी को प्रदर्शित करता है। शिक्षा मंत्रालय ने राज्य से उठाये गए सुधारात्मक कदमों के बारे में तथ्यों के आधार पर समग्र प्रतिक्रिया पेश करने का सुझाव दिया गया है।

सत्ता पक्ष ने कानून को ...

राय मांगी गई है। उन्होंने कहा कि राय आने दीजिए। कांग्रेस सही समय पर अपनी बात देश की जनता के सामने रख देगी। राष्ट्रीय जनता दल की प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने बहुत सोच समझ कर संविधान की रचना की थी। उन्होंने सभी धर्म और पंथ के लोगों को अपने-अपने तरीके से रहने की आजादी दी थी। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच क्या है, यह तो वहीं जानते हैं लेकिन राजद की राय में सबके लिए एक कानून सही नहीं है। उधर, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने यूसीसी को लेकर कहा कि एक घर में दो अलग-अलग कानून होगा तो कैसे चलेगा। इसलिए एक देश में एक ही कानून चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब देश में क्रिमिनल लॉ एक है, तो सिविल लॉ भी एक होना चाहिए। इसमें कांग्रेस को आखिर क्या परेशानी है। यह तो 75 साल पहले हो जाना चाहिए था। क्योंकि, संविधान के पैरा 44 में इसका स्पष्ट उल्लेख है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट भी सरकार को कई बार कह चुकी है। उन्होंने कहा कि इस लॉ के लागू हो जाने से देश की आधी आबादी खुश होगी। इससे महिलाओं को अपना हक मिलेगा और खास कर मुस्लिम महिलाओं को उनका अधिकार मिलेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

वकीलों ने राज्यपाल को पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति को लिखा पत्र

चेन्नई। मद्रास उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं के एक समूह ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि को हटाने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। वकीलों ने पत्र में लिखा कि राज्यपाल को वापस नहीं बुलाने से राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ जायेगी। पत्र में कहा गया है कि राज्यपाल ने भारत के संविधान में उल्लिखित किसी भी शक्ति के बिना तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी को बर्खास्त कर दिया।

बेटियों की अनूठी पहल, लाडली उपवन में किया पौधरोपण

बांसवाड़ा। कहते हैं कि एक बेटी दो घरों की पीढ़ियों को संवारती है, उसी तरह एक पेड़ हजारों लोगों को ऑक्सीजन देकर जीवित रखता है। कमोबेश इसी ध्येय को लेकर बांसवाड़ा की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर डॉ. रक्षा सराफ ने एक मुहिम शुरू की है जिसकी थीम रखी गई है एक बेटी एक पेड़। इसी को लेकर रविवार को शहर के कागदी पीकप वियर पर लाडली उपवन स्थापित किया गया है जिसमें शहर के पांच सौ अभिभावकों ने अपनी लाडली बेटियों के साथ पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर प्रकाश चंद्र शर्मा, पार्षद चंदा डामोर, अरविंद सीता डामोर, अंकुर संस्थान सचिव शैलेंद्र सराफ सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी अभिभावकों ने चौदह वर्ष तक की अपनी लाडली बेटी के साथ लाडली उपवन में एक-एक पौधा लगाया।

'मोदी सरकार ने पिछड़ा समाज को दी संवैधानिक मान्यता'

एजेंसी। लखनऊ

वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां कहा कि आजादी के बाद कभी भी किसी ने पिछड़ा समाज को संवैधानिक मान्यता नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग गठित कर पिछड़ा समाज को संवैधानिक मान्यता दी है। राजधानी लखनऊ के इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में अपना दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद भजपा के नेतृत्व में एनडीए का मंत्रिमंडल है, जिसमें सबसे ज्यादा 27 केंद्रीय मंत्री

पिछड़े समाज से हैं। सबसे ज्यादा दलित और पिछड़ा समाज के सांसद चुनकर मोदी के नेतृत्व में आये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछड़ी समाज के लोगों को आरक्षण देने का काम किया है। ओबीसी बच्चों के खाते में डीबीटी के माध्यम से पैसा भेजने का काम नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है। सुहेलदेव राजभर के नाम पर विश्वविद्यालय और सोने लाल पटेल के नाम पर मेडिकल कॉलेज बना है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पिछले चारों चुनाव भाजपा और अपना दल ने मिलकर लड़े हैं। मिलकर जीते हैं। सपा, बसपा के विघटनकारी नीतियों का जवाब दिया है। 24 में भी अपना दल और निषाद पार्टी के साथ मिलकर भाजपा चुनाव लड़ेगी।

रिवर क्रूज गुजरात के लिए बनेगा आकर्षण का केंद्र : शाह

अहमदाबाद। केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट पर रविवार को रिवर क्रूज का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने अपने वर्चुअली संबोधन में कहा कि अहमदाबाद शहर को रिवर क्रूज के जरिए नया नजराना मिला है। एक समय ऐसा था कि साबरमती नदी एक गंदे पानी का पोखर (तालाब) के रूप में पहचाना जाती थी, परंतु तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिवरफ्रंट की परिकल्पना कर इसे साकार कर दिखाया। आज रिवरफ्रंट महज अहमदाबाद शहर का नहीं, बल्कि राज्य में आकर्षण का केन्द्र बन गया है। इतना ही नहीं रिवरफ्रंट सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र भी बना है।

अजित के खिलाफ कार्रवाई होगी : शरद पवार

एजेंसी। मुंबई

राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि उनकी पार्टी टूटी नहीं है, लेकिन अजीत पवार के खिलाफ पार्टी स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। इस बीच महाराष्ट्र के राज्य के नवनिर्वाचित उपमुख्यमंत्री अजित पवार के पुणे दफ्तर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। अजित पवार ने अपने ट्विटर हैंडल पर प्रोफाइल बदलकर उपमुख्यमंत्री लिखा है। शरद पवार ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दो दिन पहले पीएम ने एनसीपी को लेकर अपने बयान में दो बातें कही थीं कि एनसीपी एक खत्म हो चुकी पार्टी है। उन्होंने सिंचाई की शिकायत और भ्रष्टाचार के आरोपों का जिक्र किया था। शरद पवार ने कहा कि मुझे खुशी है कि मेरे कुछ साथियों ने शपथ ली है। इससे (एनडीए सरकार में शामिल होने) यह स्पष्ट है कि सभी आरोप मुक्त हो गए हैं। शरद पवार ने कहा कि मुझे बहुत से

लोगों से फोन आ रहे हैं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य लोगों ने मुझे फोन किया है। आज जो कुछ भी हुआ, मुझे उसकी चिंता नहीं है। कल मैं सातारा के कराड में जाकर वाईबी चव्हाण (महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री) का आशीर्वाद लूंगा और एक सार्वजनिक बैठक करूंगा। शरद पवार ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। 1980 में मैं जिस पार्टी का नेतृत्व कर रहा था, उसके 58 विधायक साथ थे, बाद में सभी चले गए और केवल 6 विधायक बचे, लेकिन मैंने संख्या को मजबूत किया और जिन्होंने मुझे छोड़ा वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों में हार गए। मैंने 6 जुलाई को सभी नेताओं की एक बैठक बुलाई थी, जहां कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी थी। पार्टी के भीतर कुछ बदलाव किए जाने थे, लेकिन उससे पहले ही कुछ नेताओं ने अलग रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि हमारा उद्देश्य सत्ता नहीं है, जैसे 2019 में सत्ता की लालच में कुछ लोगों ने जनमत को ठुकराया और बाला साहेब ठाकरे के विचार को तोड़ मरोड़ दिया और कुर्सी पर बैठ गए। ऐसी सत्ता की लालच हमें नहीं है। हमारा एजेंडा है कि महाराष्ट्र की जनता को न्याय मिले। जब किसी कर्मठ नेता-कार्यकर्ता को दबाया जाता है तब ऐसी घटना होती है। अजीत पवार एक काम करने वाले नेता है, विकास के ऊपर विश्वास रखने वाले नेता हैं, इसलिए सबने उनका साथ दिया है।

उत्तर प्रदेश एटीएस ने 2 संदिग्ध आतंकियों को किया गिरफ्तार

एजेंसी। लखनऊ

यूपी एटीएस ने रविवार को चलाए गए एक सर्च ऑपरेशन में आतंकी मुजाहिद्दीन और अलकायदा के दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों सोशल मीडिया के माध्यम से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, आतंकी गतिवधियों में संलिप्त सद्दाम शेख मूलरूप से उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र स्थित पठान पुरवा का रहने वाला है। दूसरा संदिग्ध रिजवान जम्मू-कश्मीर के बीपीओ सलवां पूंछ का निवासी है। वो ओसामा बिन लादेन, जाकिर मूसा, रियाज नायकू जैसे कई खतरनाक आर्तकियों को अपना आइडल मानता है। उसके

फोन में कई आतंकियों की फोटो एवं वीडियो भी मिले हैं। वो पीड़ित मुसलमानों को इकट्ठा करके वह अपनी एक सेना बनाना चाहता था। आतंकी गतिविधियों से जुड़े दस्तावेजों को पाकिस्तान और आईएसआई आतंकी संगठनों को शेयर करने के प्रमाण मिले हैं। साथ ही उसने सोशल मीडिया पर कई आपत्तिजनक और देश विरोधी सामग्री भी विवादित पोस्ट भी की हैं। वह पाकिस्तानी और कश्मीरी मिलिटेंट के संपर्क में था।

तेलंगाना में कांग्रेस की नई सुबह का ब्लूप्रिंट तैयार : मल्लिकार्जुन खड़गे

एजेंसी। हैदराबाद

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि तेलंगाना में पार्टी की 'नई सुबह' के लिए ब्लूप्रिंट तैयार है।खम्मम में पार्टी सांसद राहुल गांधी की सार्वजनिक बैठक से कुछ घंटे पहले खड़गे ने ट्विटर पर कहा कि तेलंगाना के 3.8 करोड़ लोग बदलाव चाहते हैं।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी की विशाल 'तेलंगाना जन गर्जना' रैली राज्य के लोगों की साझा आकांक्षाओं को व्यक्त करेगी। खड़गे ने ट्वीट किया, तेलंगाना में नई सुबह के लिए हमारा ब्लूप्रिंट तैयार है। हम सामाजिक न्याय और समानता के

आधार पर तेलंगाना के विकास और प्रगति के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। राहुल गांधी आज शाम खम्मम में एक जनसभा को संबोधित करने वाले हैं।खड़गे ने 1,360 किलोमीटर लंबी पदयात्रा पूरी होने पर कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क को बधाई दी। 'पीपुल्स मार्च' के नाम से चल रही उनकी पदयात्रा खम्मम की जनसभा में समाप्त होगी। एआईसीसी प्रमुख ने कहा कि जनसभा में कई वरिष्ठ नेता कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे और लोगों के हाथ मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के सामूहिक नेतृत्व पर गर्व है।खम्मम के पूर्व सांसद पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, जिन्हें हाल ही में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने निलंबित कर दिया था, अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल होने वाले हैं। तेलंगाना में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

जातीय जनगणना जरूरी : अखिलेश

एजेंसी। लखनऊ

नौकरियों में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की हिस्सेदारी को सार्वजनिक किया जाय। गैर बराबरी तभी खत्म होगी, जब जातीय जनगणना हो और आबादी के हिसाब से सभी को हक और सम्मान मिले। यह बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कही। वह डा. सोने लाल पटेल की जयंती पर सपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर अखिलेश ने कहा कि वह इसके विरोध में हैं। उन्होंने कहा कि जितने रोजगार अभी तक दिए हैं, सरकार बताए कि पीडीए के लोग कितने हैं, क्योंकि जब हम सरकार में थे तब खूब लिस्ट जारी होती थी। कई राज्यों में राजनीतिक उठापटक पर बोले कि पहले मध्य प्रदेश भाजपा की प्रयोगशाला थी। अब महाराष्ट्र उससे बड़ी प्रयोगशाला हो गई है। सवाल किया कि मुनाफा किसके जेब में जा रहा है। उधार लेकर अर्थव्यवस्था संभाली जा रही है।अखिलेश ने ग्लोबल इन्वेस्टमेंट मीट पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इन्वेस्टमेंट मीट तो हुई लेकिन एमओयू जमीन पर होते तो यूपी की तस्वीर अलग होती। जीडीपी की ग्रोथ रेट नीचे होने से साफ है कि गरीब का घर खुशहाल नहीं है। कहा कि डीएम ने चालू कारखानों को भी एमओयू में शामिल कर दिया। अखिलेश ने कहा कि अपना दल के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल का जन्म स्थान कन्नौज था और मेरी कर्मस्थली भी कन्नौज है।

पाक : बलूचिस्तान चेकपोस्ट पर हमले में 4 सुरक्षाकर्मी मारे गए

एजेंसी। इस्लामाबाद

बलूचिस्तान के शेरानी उपजिला के धाना सार इलाके में पुलिस और लेवी जांच चौकियों पर रविवार को हुए हमले में तीन पुलिस अधिकारी और फ्रंटियर कांस्टेबुलरी (एफसी) के एक जवान की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, शेरानी के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) बिलाल शब्बीर ने मौतों की पुष्टि की है। उन?होंने कहा कि सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी लगभग दो घंटे तक जारी रही। इसमें एफसी का एक अन्य कर्मी घायल हो गया, जिसकी हालत खतरे से बाहर है। गोलीबारी के दौरान एक आतंकवादी मारा गया, जबकि दो अन्य घायल हो गए। डीसी शब्बीर ने कहा, ह्यघायल आतंकवादियों के साथी उन्हें ले जाने में सफल रहे। मीडिया आउटलेट ने बताया कि मृत आतंकवादी का शव सीटीडी (आतंकवाद-रोधी विभाग) को सौंप दिया गया है। पिछले साल नवंबर में प्रतिबंधित टीटीपी द्वारा सरकार के साथ संघर्ष विराम समाप्त करने के बाद पाकिस्तान में विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक दिन पहले क्वेटा के स्मार्ट पुलिस स्टेशन पर एक हैंड ग्रेनेड हमले में एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया था। बलूचिस्तान के तुरबत में 24 जून को एक पुलिस वैन पर आत्मघाती हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान-ईरान सीमा पर एक महीने पहले बलूचिस्तान के केच जिले के सिंगवान इलाके में सुरक्षा बलों की जांच चौकी पर आतंकवादियों के हमले में दो सैनिक मारे गए थे।

एनआईए ने की 'गजवा-ए-हिंद' के संबंध में 3 राज्यों में छापेमारी

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को पाकिस्तान स्थित संदिग्धों द्वारा चलाए जा रहे कट्टरपंथी मॉड्यूल "गजवा-ए-हिंद" के संबंध में तीन राज्यों में कई स्थानों पर छापेमारी की।एनआईए ने बिहार के दरभंगा में एक और पटना में दो, सूरत (गुजरात) में एक और बरेली (उत्तर प्रदेश) में एक जगह सहित कुल पांच स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान डिजिटल डिवाइस (मोबाइल फोन, मेमोरी कार्ड), सिम कार्ड और दस्तावेजों सहित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। यह मामला बिहार पुलिस द्वारा पटना के फुलवारीशरीफ क्षेत्र केमरगूब अहमद दानिश उर्फ ताहिर की गिरफ्तारी के बाद प्रकाश में आया था। पिछले साल 14 जुलाई को मामला दर्ज किया गया था। एनआईए ने 22 जुलाई, 2022 को मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मरगूब के विरुद्ध 6 जनवरी, 2023 को आईपीसी और यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया गया था। आरोपित गजवा-ए-हिंद मॉड्यूल का सदस्य था। गजवा-ए-हिंद का मकसद प्रभावशाली युवाओं को कट्टरपंथी बनाना था। इसे पाकिस्तान स्थित गुर्गों द्वारा संचालित किया गया था। जांच से पता चला कि मरगूब एक व्हाट्सएप ग्रुप "गजवा-ए-हिंद" का एडमिन था, जिसे जैन नाम के एक पाकिस्तानी नागरिक ने बनाया था।

FILMY हलचल

'रॉकी-रानी की प्रेम कहानी' में दिखेंगी आलिया भट्ट



एक लंबे अंतराल के बाद बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट जल्द ही आगामी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में अभिनेता रणवीर सिंह के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी। उन्होंने अपनी बच्ची राहा के आने के चार महीने बाद 'तुम क्या मिले' गाने की शूटिंग की थी। हाल ही में एक वीडियो में आलिया ने अपने नए गाने के बारे में बताया। अभिनेत्री ने कहा, मैंने अपने बच्चे के जन्म के 4 माह के होने के बाद ये सब किया, मुझे बहुत खुशी होती है, मैं गर्व से कह सकती हूं, कि मैंने अपने आप को इसके लिए तैयार किया। अप्रैल 2022 में मुंबई के पाली हिल इलाके में रणबीर के वास्तु अपार्टमेंट में शादी के बंधन में बंधने के बाद रणबीर और आलिया नवंबर 2022 में बच्ची राहा के माता-पिता बन गए थे। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में करण जौहर अपनी आखिरी फिल्म 'ऐ दिल है मुश्किल' के सात साल बाद निर्देशन में वापसी कर रहे हैं।

अनन्या पांडेय ने बताया फिट रहने का राज

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडेय ने अपने फिट रहने का राज बताया है। अनन्या पांडेय से जब पूछा गया कि



वह खुद को कैसे मेंटेन रखती हैं तो उन्होंने कहा, मैं कम खाती हूं क्योंकि मुझे वर्कआउट करना पसंद नहीं है। हालाँकि, कम खाना भी अच्छा नहीं है, इसलिए हर किसी को अपने मन भर खाना चाहिए और वह वर्कआउट करना चाहिए जो उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है। अनन्या पांडेय ने बताया वैसे मुझे खूब खाना पसंद है, लेकिन डाइट के लिए कम खाना पड़ता है। बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत साल 2019 में फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से की थी। तब से लेकर अब तक अनन्या ने बहुत कम फिल्मों में ही काम किया है लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।



'पलकन के छांव में' गाने को मिले एक मिलियन से ज्यादा व्यूज

भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की भोजपुरी फिल्म 'माईः प्राइड ऑफ भोजपुरी के गाना पलकन के छांव में को 1 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल गए है। 'पलकन के छांव में' गाना निरहुआ और आम्रपाली दुबे पर फिल्माया गया है। इस गाने को प्रियंका सिंह और रोहित ने मिलकर गाया है। गाने को वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है।

'पलकन के छांव में' गाने में आम्रपली कहती है कि तोहरा के राखब पलकन के छांव में... जोड़ लेले बानी तोहर नाव अपना नाव में... धूप चाहे छांव होई दिन चाहे रात होई...छुटी न हो साथ सइयां हथवा में हाथ होई...। 'माईः प्राइड ऑफ भोजपुरी फिल्म की निमार्ता ज्योति देशपांडे और निशांत उज्ज्वल हैं। इस फिल्म का निर्देशन एवं म्यूजिक रजनीश मिश्रा ने दिया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा से 16 मई को रिलीज हुई है। फिल्म में एक बेटे का अपनी मां के प्रति समर्पण को बड़े ही सिंपल तरीके से दिखाया गया हैं। फिल्म में दिखाया गया कि एक बेटा अपनी मां के खातिर ऐशो आराम की जिंदगी छोड़कर एक भिखक्षुक का जीवन जीने के लिए तैयार हो जाता है।

वर्षगांठ छह को 88 साल के होंगे दलाई लामा, रोजाना ट्रेडमिल पर लगाते हैं दौड़

सादगी-आनंदमय शैली के लिए जाने जाते हैं

एजेंसी। धर्मशाला

वह 88 साल के हो गए हैं। ट्रेडमिल पर पसीना बहाते हैं और बीबीसी सुनकर समाचारों के प्रति अपनी भूख मिटाते हैं। वह दलाई लामा हैं, जो 6 जुलाई को अपना 88वां जन्मदिन मनाएंगे। उनके सहयोगियों का कहना है कि वह शाकाहारी हैं, गर्म दलिया खाते हैं और ट्रेडमिल पर दौड़ते हैं या नियमित रूप से टहलते हैं। परम पावन, जो उनके अनुयायियों द्वारा दिया गया सम्मान है, अपने दिन की शुरूआत सुबह तीन बजे प्रार्थना और ध्यान के साथ करते हैं। उसके बाद, वह फिट रहने के लिए अपने आधिकारिक महल में सुबह थोड़ी देर टहलते हैं या ट्रेडमिल पर चलना पसंद करते हैं। और वह गर्म दलिया, त्सम्पा

(जौ पाउडर) और चाय के साथ रोटी खाते हैं। कोई टेक्स्टिंग नहीं, कोई टेलीविजन नहीं और कोई संगीत नहीं। बौद्ध भिक्षु, जिन्हें 1989 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, नाश्ते के दौरान नियमित रूप से अपने रेडियो को अंग्रेजी में बीबीसी वर्ल्ड न्यूज पर ट्यून करते हैं। सहयोगियों का कहना है कि प्रातः 6 बजे से 9 बजे तक परमपावन अपना प्रातःकालीन ध्यान और प्रार्थना जारी रखते हैं।

सुबह 9 बजे के बाद वह आमतौर पर विभिन्न बौद्ध ग्रंथों और महान बौद्ध गुरुओं द्वारा लिखी गई टिप्पणियों का अध्ययन करने में समय बिताते हैं। दोपहर का भोजन 11.30 बजे से परोसा जाता है। परम पावन दोपहर 12.30 बजे से अपने कार्यालय आते हैं। दोपहर बाद करीब 3.30 बजे तक कार्यालय में कई दर्शकों के साथ एक साक्षात्कार निर्धारित रहता है। अपने निवास पर लौटने पर, परमपावन शाम लगभग 5 बजे चाय पीते हैं। इसके बाद उनकी शाम की प्रार्थना और ध्यान होता है। वह शाम को करीब 7 बजे खाली हो जाते हैं।

सीधे शब्दों में कहें तो, दलाई लामा का मानना है कि हमारा जीवन आशा पर आधारित है - चीजों को अच्छी तरह से बदलने की इच्छा। हमारा जीवन आशा पर निर्भर है। यदि आपके पास आशा है, तो आप अपने सामने आने वाली समस्याओं को दूर करने में सक्षम होंगे। लेकिन यदि आप आशाहीन हैं, तो आपकी कठिनाइयां बढ़ जाएंगी। आशा करुणा और प्रेमपूर्ण दयालुता से जुड़ी है। दलाई लामा को अक्सर यह कहते हुए उद्धृत किया जाता है, 'मैंने अपने जीवन में सभी प्रकार की कठिनाइयों का सामना किया है, लेकिन मैंने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी।' उनका कहना है, इसके अलावा, सच्चा और ईमानदार होना आशा और आत्मविश्वास का आधार है। सच्चा और ईमानदार होना झूठी आशा का प्रतिकार है। सच्चाई और ईमानदारी पर आधारित आशा मजबूत और शक्तिशाली होती है।